चैत्र कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, गुरुवार
27 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 54, पृष्ठ-12




रांची का तापमान

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 31.0° | अधिक. | 33.2° |
| न्यून. | 15.5° | न्यून. | 16.6° |

₹81600 10 ग्राम

₹100000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 77,288.50 | 85.721 |
| −728.69 | +0.138 |

माह-ए-रमजान

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 6:05 | 4:27 |
| 27 मार्च | 28 मार्च |

## कल्पना सोरेन ने उठाया मनरेगा मजदूरों की बकाया मजदूरी व केंद्र सरकार के पास बकाया राशि का मुद्दा, कहा

# मनरेगा मजदूरों को त्यौहार पर भी नहीं हुआ पैसे का भुगतान

**विधानसभा का बजट सत्र**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधायक कल्पना सोरेन ने बुधवार को विधानसभा में अपने अल्प सूचित प्रश्न के माध्यम से मनरेगा मजदूरों की बकाया मजदूरी एवं मनरेगा के सामग्री मद में केंद्र सरकार के पास बकाया राशि के भुगतान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लगभग 1200 करोड़ रुपए बकाया हैं। मनरेगा ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा है। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत सरकार होली में महिलाओं एवं बहनों को सम्मान राशि का भुगतान कर चुकी है, लेकिन मनरेगा के मजदूरों को त्यौहार के अवसर पर भी भुगतान नहीं हो रहा है। कल्पना सोरेन ने महाराष्ट्र, हरियाणा और अन्य प्रदेशों की तुलना में झारखंड में मनरेगा मजदूरी की कम दर का भी मुद्दा उठाया। शेष पेज 11 पर

## कहा, अन्य राज्यों की तुलना में झारखंड में मनरेगा मजदूरी की दर कम



### नवीन जायसवाल ने उठाया जल जीवन मिशन का मुद्दा

विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को नवीन जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत 31 दिसंबर, 2024 तक हर ग्रामीण के घर में नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का उद्देश्य था। परंतु, अभी तक यह योजना पूरी नहीं हो पाई है। इस योजना के तहत राज्य में कुल 62.54 लाख घरों में शुद्ध जल पहुंचाने की योजना है, परंतु अभी तक सिर्फ 34.16 लाख घरों तक ही नल से जल पहुंचाने का कार्य किया गया है। शेष घरों में अभी तक शुद्ध पेयजल नहीं पहुंच पाया है। इसपर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत झारखंड में कुल 62,55,676 घरों तक पेयजलापूर्ति की जानी है। इसके विरुद्ध अबतक 34,24,311 घरों में पेयजलापूर्ति की गई है। शेष घरों में पेयजलापूर्ति किए जाने के लिए विभिन्न जलापूर्ति योजनाएं निर्माणाधीन हैं। शेष पेज 11 पर

### मनरेगा में 1100 करोड़ नहीं मिला है : राधा कृष्ण किशोर

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि कि जल जीवन मिशन में केंद्र सरकार के पास 6,300 करोड़ रुपए एवं मनरेगा में लगभग 1,100 करोड़ रुपए बकाया हैं। इसके अलावा, केंद्र से 16,000 करोड़ रुपए अनुदान मद में मिलना है, जिसमें 11,000 करोड़ नहीं मिला है। संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कल्पना सोरेन को राज्य हित का मुद्दा उठाने के लिए धन्यवाद दिया।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं, पर्यवेक्षिकाओं एवं हेल्थ डेस्क कर्मियों को मिला स्मार्टफोन

# बदलते समय में तकनीकी दक्षता जरूरी : मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से आंगनबाड़ी सेविकाओं, पर्यवेक्षिकाओं एवं हेल्प डेस्क कर्मियों के बीच स्मार्टफोन वितरण के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि आज तकनीक का जमाना है। तकनीकें भी हर दिन तेजी से बदल रही हैं। बदलते समय में जरूरी है कि तकनीकी रूप से सभी दक्ष हों। ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित योजनाओं, सेवाओं एवं गतिविधियों में डिजिटाइजेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि महिलाओं एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों में सहूलियत के साथ तेजी आ सके।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि आज हर हाथ में स्मार्ट फोन है। स्मार्ट फोन आपके साथ चौबीसों घंटे रहने वाले एक सहयोगी की भूमिका निभा रहा है। यह आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों को आसान बना रहा है। ऐसे में स्मार्ट फोन के बिना एक कदम भी आगे बढ़ना आसान नहीं है। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं, पर्यवेक्षिकाओं एवं हेल्थ डेस्क कर्मियों को स्मार्टफोन दिया जा रहा है, ताकि आप अपने कार्यों को बेहतर तरीके से निभा सकें। इससे आप आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित गतिविधियों तथा कार्यों से संबंधित हर दिन की विवरणी और रिपोर्ट को आसानी से तैयार करने के साथ सुरक्षित भी रख सकेंगे। इसके जरिए आपके द्वारा किए गए कार्यों की रियल टाइम मॉनीटरिंग हो सकेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज स्मार्टफोन की वजह से पूरी दुनिया मुट्ठी में कैद सी हो गई है। आपके स्मार्टफोन में हर वह जानकारी उपलब्ध है, जिसको जानने की आपको इच्छा होती है। आज स्मार्ट फोन की वजह से हमारी जिंदगी का हर पल प्रभावित हो रहा है। आप घर में पर्स भूल सकते हैं, लेकिन स्मार्ट फोन छोड़ना नहीं भूलते। ऐसे में यह कहना लाजमी है कि हर चीज की तरह स्मार्ट फोन के भी शेष पेज 11 पर




**सीएम बोले**

- बेहतर तरीके से कार्य पूरा करने के लिए दिया गया है स्मार्टफोन
- रिपोर्ट आसानी से तैयार करने के साथ सुरक्षित भी रख सकेंगे

### स्मार्टफोन का सुरक्षित तरीके से करें उपयोग

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आंगनबाड़ी सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं से कहा कि आपको जो स्मार्टफोन दिया जा रहा है, उसका इस्तेमाल सरकार द्वारा बताए गए एप के जरिए सरकारी कार्यों में करें। अपने मोबाइल फोन में एप डाउनलोड करने में सावधानी बरतें। लोक-लुभावन तथा प्रलोभन वाले संदेशों के झांसे में ना आएं। इसमें थोड़ी सी भी चूक और लापरवाही बरती, तो आपको आर्थिक नुकसान के साथ कई अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अपने स्मार्टफोन का सुरक्षित तरीके से सदुपयोग करें।

## एक नजर

### कौलेश्वरी तालाब में दो भाई डूबे, एक की मौत

**चतरा।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हंटरगंज के कौलेश्वरी पहाड़ पर बुधवार को पूजा अर्चना करने पहुंचे दो भाई पहाड़ की तलहट्टी में कौलेश्वरी तालाब में डूब गए। इसमें एक की मौत हो गई। वहीं, दूसरे भाई को गंभीर अवस्था में निकाला गया। मृतक बिहार के बोधगया थाना क्षेत्र के अमरबीघा गांव के तिलेश्वर मांझी (50) हैं। वहीं, तालाब से निकाला गया दूसरा व्यक्ति मृतक का अपना भाई इंदल मांझी (45) है। दोनों भाई अपने परिवारों के साथ कौलेश्वरी पहाड़ पहुंचे थे। वे माता कौलेश्वरी मंदिर के समीप तालाब में नहा रहे थे। नहाने के क्रम में यह हादसा हो गया।

### नक्सली नाबालिगों को दे रहे बम बनाने की ट्रेनिंग

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सली संगठन नाबालिग बच्चे-बच्चियों के हाथों में हथियार पकड़ा रहे हैं। साथ ही, जंगल में इनको बम बनाने व गुरिल्ला वार की भी ट्रेनिंग दे रहे हैं। इसका खुलासा दंतेवाड़ा-बीजापुर जिले की सीमा पर मंगलवार को हुए मुठभेड़ में मारे गए 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ सुधाकर के पास से बरामद चार पन्नों के पत्र से हुआ है। पत्र में मिले सबूत के अनुसार, नक्सली जंगल में नाबालिग बच्चों को हथियार चलाना (स्नाइपर चलाना) और आईईडी बनाना भी सिखा रहे हैं।

## कांके चौक के पास बाइक सवार अपराधियों ने मारी गोली

# रांची में भाजपा नेता की दिनदहाड़े हत्या

- **एनकाउंटर** के बाद एक घायल हमलावर गिरफ्तार
- **पुलिस** कर रही पूछताछ, पुंदाग का रहने वाला है

**नवीन मेल संवाददाता**


अनिल टाइगर

**रांची।** राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रांची ग्रामीण जिला महामंत्री एवं जिला परिषद के पूर्व सदस्य इंद्रजीत महतो उर्फ अनिल टाइगर की बुधवार को दिन में 04:00 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को कांके थाना क्षेत्र स्थित कांके चौक के पास अंजाम दिया गया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से कांके चौक पर भगदड़ मच गई। इधर, वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। इधर, अनिल टाइगर की हत्या की जानकारी मिलते ही रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बुधवार की देर शाम रांची पहुंचे। राजधानी आते ही वे सीधे रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) पहुंचे और लोगों से मुलाकात की।

वहीं, आक्रोशित स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में कांके चौक के पास सड़क को जाम कर दिया। रोड जाम होने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। शेष पेज 11 पर



### भाजपा-आजसू का रांची बंद आज

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में प्रदेश भाजपा ने गुरुवार (27 मार्च) को रांची बंद का आह्वान किया है। यह बंद रांची में बढ़ते अपराध एवं ध्वस्त विधि व्यवस्था के खिलाफ बुलाया गया है। भाजपा ने आम नागरिक, व्यापारी वर्ग, राज्य के बुद्धिजीवी वर्ग ,सभी से ध्वस्त विधि व्यवस्था के खिलाफ बंद को पूर्ण समर्थन देने का आह्वान किया है। वहीं, अनिल टाइगर की नृशंस हत्या के विरोध में आजसू पार्टी ने भी रांची बंद का आह्वान किया है। आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय महतो ने यह घोषणा करते हुए कहा कि अनिल टाइगर ने राजनीतिक जीवन की शुरुआत आजसू से की थी और आजसू के जिलाध्यक्ष रह चुके थे। इधर, जदयू समेत कई संगठनों ने बंद का समर्थन किया है।

> रांची में पुलिसिंग पूरी तरह फेल हो चुकी है। अपराधियों में पुलिस प्रशासन का खौफ समाप्त हो चुका है। इस घटना ने एक बार फिर से प्रमाणित कर दिया कि शहर में कोई सुरक्षित नहीं है।
>
> **- संजय सेठ, रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार।**

> अनिल टाइगर की हत्या किए जाने से स्तब्ध हूं। प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। यहां न जनप्रतिनिधि सुरक्षित हैं और न ही आम नागरिक।
>
> **- बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष व प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा।**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

## बोकारो में सीबीआई टीम पर हमला, तीन अधिकारी घायल

- बैंक के रिकवरी एजेंट के घर दबिश देने पहुंची थी सीबीआई
- एजेंट गिरफ्तार, हरला थाने में दर्ज की गई है एफआईआर

**नवीन मेल डेस्क**

**बोकारो।** बोकारो जिले के हरला थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बैंक रिकवरी एजेंट के घर छापेमारी करने पहुंची सीबीआई की टीम पर हमला किया गया। हमलावरों ने सीबीआई के अधिकारियों के साथ मारपीट की। इस मारपीट में तीन अधिकारी घायल हो गए। इस घटना के बाद हरला थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार, धनबाद की सीबीआई एंटी करप्शन ब्रांच को ग्रामीण बैंक के रिकवरी एजेंट धनराज चौधरी के खिलाफ एक ग्रामीण ने शिकायत की थी। ग्रामीण ने बैंक से कर्ज पर ट्रैक्टर लिया था। लोन डिफॉल्टर होने की वजह से उसका ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया था। बाद में उसने बकाया राशि जमा कर दी, लेकिन रिकवरी एजेंट धनराज चौधरी ट्रैक्टर रिलीज नहीं कर रहा था। शेष पेज 11 पर

## हाईकोर्ट का जेएसएससी सीजीएल के रिजल्ट पर रोक हटाने से इनकार

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तर (जेएसएससी सीजीएल) परीक्षा के रिजल्ट पर हाईकोर्ट ने बुधवार को रोक बरकरार रखा। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में बुधवार को संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि अब तक हुई जांच में पेपर लीक का आरोप निराधार पाया गया है। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट से परीक्षा के रिजल्ट पर लगाई गई रोक जारी रखने का आग्रह किया। महाधिवक्ता ने कहा कि इस मामले में चल रही जांच में यह बात सामने आ रही है कि पेपर लीक होने की अफवाह फैलाई गई थी। इस पर कोर्ट ने पूछा कि जांच पूरी होने में कितना वक्त लगेगा? सरकार की ओर से बताया गया कि लगभग एक माह का वक्त और लग सकता है। इसके बाद कोर्ट ने निर्देश दिया कि जांच पूरी होने पर इसकी रिपोर्ट निचली अदालत में जमा की जाए। इसी रिपोर्ट के आधार पर अदालत आगे कोई आदेश जारी करेगा। कोर्ट ने तब तक रिजल्ट पर रोक बरकरार रखते हुए मामले की अगली सुनवाई 7 मई को निर्धारित की है।

ज्ञात हो कि राज्य में करीब दो हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति के लिए शेष पेज 11 पर




- अदालत ने जांच रिपोर्ट दाखिल करने का दिया निर्देश

### सिविल कोर्ट में चली आ रही मॉर्निंग कोर्ट की व्यवस्था पर लगा विराम

**रांची।** झारखंड की निचली अदालतों में चली आ रही मार्निंग कोर्ट की व्यवस्था को झारखंड हाईकोर्ट ने आधिकारिक रूप से समाप्त कर दिया है। राज्य की निचली अदालतों में मार्निंग कोर्ट की व्यवस्था अप्रैल से जून तक जारी रहती थी। इस दौरान अदालतें सुबह 06:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक बैठती थीं। व्यवस्था समाप्त होने पर अब अदालतें नियमित रूप से दिन में 10:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक चलेंगी। इस संबंध में झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मनोज प्रसाद ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है। बता दें कि पिछली बार हाईकोर्ट ने 12 मार्च 2025 को मार्निंग कोर्ट की व्यवस्था को समाप्त कर दिया था। अगले दिन 13 मार्च को मार्निंग कोर्ट की व्यवस्था को बरकरार रखने की सूचना मिली थी। पुन: 13 दिनों बाद 26 मार्च को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने नई अधिसूचना जारी कर कहा कि मार्निंग कोर्ट की व्यवस्था को आरंभ न करने को कहा है। शेष पेज 11 पर

## इंडिया

## देश के लिए लड़ने वाले सैनिकों के घरों की चिंता हमारी होनी चाहिए


**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

अक्सर समाचार में आता है कि किसी सेना या अर्द्धसैनिक सेवा के जवान ने आत्महत्या कर ली या अवसादग्रस्त होकर साथियों पर गोली चला दी।सबसे अधिक अनुशासित और देश के लिए जान की बाजी लगाने वाले वीर जब ऐसा करें तो समाज और सरकार को इसे बहुत गंभीरता से लेना चाहिए।जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में कार्यरत व सेवानिवृत्त कार्मिकों में पंजाब, हरियाणा से लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक समेत देश के अन्य हिस्सों के वीर व उनके सम्मानित परिजन की चिंताओं में छिपा है सेवा में रहते हुए बल छोड़ने वाले कार्मिकों की बढ़ रही संख्या का कारण ।एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2020 से 2024 तक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) व असम राइफल्स (एआर) के 55 हजार से ज्यादा कार्मिकों ने नौकरी छोड़ दी है। इनमें 47,891 ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली, जबकि 7,664 ने त्यागपत्र दे दिया।पहली बात, सशस्त्र बलों व उनके परिवारों में कई अपेक्षाओं व उलाहनों के बावजूद सरकारों के प्रति सकारात्मक भाव बढ़ा है। बल के कार्मिकों से लेकर परिजन तक यह मानते हैं कि उनसे जुड़े मुद्दों पर पहले से बेहतर सुनवाई शुरू हुई है। पिछले कुछ वर्षों में उनके निजी हितों की ओर भी सरकार संवेदनशील हुई है। अगर वे अपने पारिवारिक विवाद, जमीन-जायदाद, सामाजिक मुद्दों को अपने गृह जिले व क्षेत्र में उठाते हैं, तो स्थानीय प्रशासन उस पर तत्परता से ध्यान देने लगा है। आम लोगों के बीच भी सम्मान का भाव बढ़ा है। 'भारत के वीर ट्रस्ट' बनने से वीरगति को प्राप्त कार्मिकों के निकट संबंधियों को सहायता मिलनी सहज हुई है।दूसरी अहम बात, वीरगति के बाद परिवार व सेवानिवृत्ति के बाद भविष्य की चिंता से जुड़ी है। इनमें सेवा संबंधी लाभ, सुविधाएं, सेहत व उनकी मनोदशा जैसे विषय सबसे ऊपर हैं। इनमें टीस है कि दंगा, बवाल से लेकर सीमा व नक्सल प्रभावित उच्चतम संवेदनशील



क्षेत्रों में अग्रिम मोर्चों पर वे तैनात होते हैं। पुलवामा व दंतेवाड़ा जैसा बलिदान देते हैं। लेकिन सेना के समान सम्मान व सुविधाएं अब तक नहीं मिल पा रही हैं। इनमें पेंशन लाभ, कैंटीन से जुड़ी विसंगति, बच्चों की शिक्षा में आरक्षण, बल की भर्तियों में रक्त संबंधियों को रियायत से लेकर शहीद का दर्जा देने जैसे कई मुद्दे शामिल हैं। परिजन में टीस है कि बल में शामिल उनके घर का प्रिय सदस्य परिवार की आवश्यकता के ज्यादातर अवसरों पर उपलब्ध नहीं हो पाता है। बलों में कार्यरत कार्मिकों के बच्चे चाहते हैं कि दूसरे बच्चों के मां-बाप की तरह उनके माता-पिता भी जन्मदिन व मैरिज एनिवर्सरी जैसे जीवंत पलों पर उनके साथ हों। घर में बुजुर्ग चाहते हैं कि वर्ष में उनके बेटे/बेटी का जन्मदिन, तो कम से कम उनकी आंखों के सामने मनाया जाए। घर में कोई महत्वपूर्ण अवसर हो, तो वे भी शामिल हों। लेकिन, अक्सर होता है कि बल के कार्मिक इन अनमोल पलों का भी हिस्सा नहीं बन पाते। परिवार से दूर बलों के कई कार्मिक और उनके परिजन इन खास मौकों पर अनुपस्थिति को सह नहीं पाते हैं। बल से वापसी का यह भी एक बड़ा कारण बनता जा रहा है।इसी तरह कार्मिकों की सेहत व उनकी मनोदशा परिवारों में चिंता का विषय बन रही है। परिजन कहते हैं कि अर्धसैनिक बलों में सेवा के अवसर को कार्मिक के निरोगी और बलवान होने की निशानी के तौर पर लिया जाता था। लेकिन, इधर बीमारी या अवसाद से जान गंवाने वाले कार्मिकों की संख्या बढ़ी है। खास मौकों पर भी छुट्टी मिलने में कठिनाई अलग-अलग पृष्ठभूमि व समझ वाले परिवारों में कई बार कलह और विवाद की वजह बन जाती है, जो जान गंवाने तक पहुंच जाती है। सरकारी आंकड़े परिवारों की इस चिंता की तस्दीक करते हैं। वर्ष 2019 में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी के 84 कार्मिकों की मौत हार्ट अटैक या अन्य बीमारियों से हुई थी। यह संख्या अब हर साल 100 पार कर रही है। इसी तरह हर वर्ष 100 से ज्यादा कार्मिक आत्महत्या कर रहे हैं। चिंता वाली बात है कि अगस्त 2024 में लोकसभा में प्रश्नोत्तर में दिए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 से 2023 तक अर्धसैनिक बलों के 577 जवानों की हार्ट अटैक या अन्य बीमारियों से मृत्यु हुई। वहीं, गत वर्ष चार दिसंबर को राज्यसभा में दी गई जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2020 से 2024 के बीच 730 कार्मिकों ने खुदकुशी की। ये आंकड़े विचलित करने वाले हैं। ऐसे में देश के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कार्मिकों और इनके परिवार को स्वस्थ व प्रसन्न रखना सरकार व समाज की बड़ी जिम्मेदारी है। इस ओर हमें और अधिक संवेदनशील होने की जरूरत है।जब भी किसी सैनिक या उसके परिजन का कोई काम हो उसे तत्परता से कराना समाज और सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए ताकि वह तनावमुक्त होकर देश के लिए सीमाओं पर लड़ सके क्योंकि उन्हें छुट्टियाँ आसानी से नहीं मिलती ।

## बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक संसद से पारित

**नई दिल्ली (हि.स.)**

राज्यसभा ने बुधवार को बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक 2024 को पारित कर दिया, जिससे बैंकिंग नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे। लोकसभा ने इस विधेयक को 3 दिसंबर, 2024 को पहले ही पारित कर दिया था। यह ग्राहकों के लिए बैंकिंग को और आसान बनाएगा। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा राज्यसभा में पेश बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक 2024 पारित हो गया, जिससे बैंकिंग नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे। इसको पिछले साल दिसंबर में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा ने पारित कर दिया था। इस विधेयक का उद्देश्य शासन मानकों में सुधार करना और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को बैंकों की शेष पेज 11 पर

### सहकारी विवि विधेयक लोकसभा से पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने बुधवार को त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस विधेयक का उद्देश्य ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आणंद (आईआरएमए) को त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करना और इसे राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित करना है। विश्वविद्यालय का नाम सहकारी आंदोलन के नेता और अमूल डेयरी के संस्थापक त्रिभुवनदास किशिभाई पटेल के नाम पर रखा जाएगा। गुजरात के आणंद में स्थापित होने वाला 'त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय' सहकारी क्षेत्र में तकनीकी और प्रबंधन से जुड़ी शिक्षा पर केंद्रित होगा। इसका उद्देश्य सहकारी क्षेत्र में शोध और विकास, वैश्विक उत्कृष्टता और सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करना है।

## वन प्रमंडल से एनओसी मिलने में हो रही देरी : नमन विक्सल कोंगाड़ी



**रांची।** नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में बांसजोर प्रखंड में एक बोलबा प्रखंड में दो एवं ठेठेईगर प्रखंड में दो पथों के निर्माण कार्य को वन विभाग के आपति के कारण रोक दिया गया है। पथ निर्माण के कारण आवागमन एवं विकास के कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि बांसजोर प्रखंड में जामडोईर से डोंगापानी पीएमजीएसवाई पथ में वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा द्वारा अनापत्ति प्रदान कर दी गयी है। पथ निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा। कोर्चेबहार पकरीटोली पथ से कोनपाला बागडाड़ पथ में वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा द्वारा अनापत्ति प्रदान कर दी गयी है। पथ निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा। चेटमल सरदारटोली बी०टी० रोड से छुरियाधाम पर्यटन स्थल दुमकी पंचायत भवन होते हुए ओडिशा बॉर्डर तक निर्माण कार्य के अनापत्ति के लिए वन प्रमंडल पदाधिकारी को प्रस्ताव भेजा गया है। अनापत्ति प्राप्त होने के उपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी। बोलवा प्रखंड में किसी भी पथ में वन विभाग की अनापत्ति नहीं है।

### मुख्यमंत्री एकादश बनाम विधान सभा अध्यक्ष एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट मैच

# खेल की परिपाटी को आगे बढ़ाया : हेमंत सोरेन

- *जीत का सेहरा मुख्यमंत्री एकादश की टीम ने पहनी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा बजट सत्र 2025-26 गुरुवार को समाप्त हो जाएगा। बजट सत्र समाप्ति की पूर्व संध्या पर जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में विधान सभा के सदस्यों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैच के लिए विधान सभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने दो टीमें बनाई थी। एक टीम का नाम मुख्यमंत्री एकादश और दूसरे का नाम विधान सभा अध्यक्ष एकादश थी।



एकादश क्रिकेट टीम के कप्तान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तो दूसरी क्रिकेट टीम विधान सभा अध्यक्ष एकादश के कप्तान विधान सभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो थे।

मुख्यमंत्री एकादश की टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाली करने का फैसला किया। इस टीम ने 12 ओवर में 103 रन बनाकर विधान सभा अध्यक्ष एकादश की टीम के सामने जीत के लिए 104 रनों का लक्ष्य रखा। इस लक्ष्य को पूरा विधान सभा अध्यक्ष एकादश की टीम नहीं कर पाई और जीत का सेहरा मुख्यमंत्री एकादश की टीम को मिला।

### खेल में भी हुआ वार-प्रतिवार

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नौ रन बनाकर जयराम महतो की गेंदबाजी पर आउट हो गए। वहीं मुख्यमंत्री के गेंदबाजी पर जयराम महतो आउट हो गया। खेल में भी वार-प्रतिवार देखने को मिला।

### इरफान अंसारी वाह : मुख्यमंत्री

इरफान अंसारी ने क्रिकेट में भी अपना जलवा बिखेरा, चौके और रनों की झड़ी लगा दी। फिल्डिंग भी अच्छी तरह से किए। उनको क्रिकेट खेलते देख मुख्यमंत्री ने तालाबजाकर कहाकर इरफान अंसारी वाह।

बल्लेबाजी में आउट नहीं हुए लेकिन उन्हें रोजा खोलना था, इसलिए फिल्डिंग के बीच ही मैदान छोड़े।

मैच जीतने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्र समाप्ति से पूर्व खेल का आयोजन करना परिपाटी रही है जिसे आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है। वहीं विस अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने खेल को अभूतपूर्व बताया।

## न्यायिक पदाधिकारियों का ट्रांसफर, अधिसूचना जारी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अधिसूचना जारी कर राज्य के विभिन्न कोर्ट कई न्यायिक पदाधिकारियों का ट्रांसफर हुआ है। बोकारो में पदस्थापित चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट दिव्या मिश्रा को सिविल जज देवघर के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं खूंटी सीजीएम मनोरंजन कुमार को सिविल जज बोकारो, गोड्डा के चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट अर्जुन साव को खूंटी सिविल जज, लातेहार एसीजेएम शशिभूषण शर्मा को सिविल जज गोड्डा, एसीजीएम देवघर मीनाक्षी मिश्रा को सिविल जज लातेहार, गिरिडीह चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार गौतम को सिविल जज डालटनगंज, चाईबासा सीजीएम बिनोद कुमार को सिविल जज गिरिडीह, रांची के सिविल जज अक्षत श्रीवास्तव को सिविल जर्ज चाईबासा पदस्थापित किया गया है।

## चुनाव आयोग ने बीएलओ का पहला प्रशिक्षण शुरू किया

- *बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के बीएलओ का पहला बैच ले रहा है भाग*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी के साथ बीएलओ के पहले बैच के प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। अगले कुछ वर्षों में प्रति 10 मतदान केंद्रों पर औसतन एक बीएलओ के साथ 1 लाख से अधिक बीएलओ को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जाएगा। ये प्रशिक्षित बीएलओ विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स (एएलएमटी) की एक टुकड़ी का गठन करेंगे, जो देश भर में बीएलओ के पूरे नेटवर्क को मजबूत करेगा, जो 100 करोड़ मतदाताओं और आयोग के बीच पहला और सबसे महत्वपूर्ण इंटरफेस है।

यह अनूठा क्षमता निर्माण कार्यक्रम विभिन्न चरणों में जारी रहेगा, जिसमें सबसे पहले चुनाव वाले राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वर्तमान में, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के 109 बीएलओ इस 2 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु के 24 ईआरओ और 13 डीईओ के साथ भाग ले रहे हैं।

प्रशिक्षण की योजना बीएलओ को आरपी अधिनियम 1950, मतदाता पंजीकरण नियम 1960 और समय-समय पर जारी आयोग के निर्देशों के अनुसार उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से परिचित कराने और उन्हें मतदाता सूचियों के त्रुटि मुक्त अद्यतन के लिए प्रासंगिक फॉर्म भरने की आवश्यकताओं से लैस करने के लिए बनाई गई है। उन्हें उनके काम में सहयोग के लिए डिजाइन किए गए आईटी अनुप्रयोगों से परिचित कराया जाएगा।

### हजारीबाग में विवाद, पथराव व गोलीबारी

## आपत्तिजनक गाने को लेकर हुई घटना : राधाकृष्ण किशोर

- *हिंदुओं के त्योहार पर पत्थरबाजी करने वाले कौन लोग : बाबूलाल मरांडी*
- *200 अनाम लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग में विवाद, पथराव व गोलीबारी मामले में सदन में बुधवार को बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाया कि हिंदुओं के त्योहार पर पत्थरबाजी करने वाले कौन लोग हैं। उनके खिलाफ जांच हो कड़ी कारवाई की जाए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने हजारीबाग के एसपी से घटना की जानकारी लेकर सदन के द्वितीय पाली में जवाब देने की बात कही।

सदन के द्वितीय पाली में सरकार के संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण





किशोर ने सदन में बताया कि मंगला जुलूस के दौरान हजारीबाग में आपत्तिजनक गाने को लेकर विवाद और पथराव हुआ। एडीजी की रिपोर्ट के अनुसार मंगला जुलूस के दौरान अशोक चौक पर आपत्तिजनक गाने को लेकर विवाद खड़ा हुआ। दंडाधिकारी ने मामले को शांत करने की पूरी कोशिश की, लेकिन मामला शांत होता नहीं दिखा तो दो राउंड हवाई गोली भी चलानी पड़ी।

### पांच मुस्लिम और पांच हिंदू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

प्रशासन ने एहतियात के तौर पर सड़कों पर गश्ती चौकसी बढ़ा दी है। अशोक चौक पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी ने पांच मुस्लिम और पांच हिंदू के विरुद्ध नामदज प्राथमिकी दर्ज की है।

इसके अलावा, 200 अनाम लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस बीच, भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि यह बैलेंस करने की कोशिश है, जबकि प्राथमिकी पत्थर चलाने वाले पर करवाई होनी चाहिए।

## राज भवन में माननीयों के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** षष्टम झारखंड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र- 2025 के सिलसिले में राज भवन में माननीयों के सम्मान में आयोजित रात्रि भोज में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई मंत्री एवं विधायक तथा अधिकारी हुए सम्मिलित।



## स्वास्थ्य मंत्री और विभाग के अफसरों के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने बुधवार को विधानसभा में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव रखा। सभाध्यक्ष की अनुमति के बाद श्री राय ने विधानसभा में इस पर अपना संक्षिप्त वक्तव्य रखा। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सभा-सदस्य के किसी प्रश्न का गलत और गुमराह करने वाला उत्तर देना सदन की अवमानना है तथा सभा-सदस्य के सही उत्तर जानने के अधिकार का हनन है। सरयू राय ने कहा कि 21 मार्च, 2025 को मेरे अल्पसूचित प्रश्न के उत्तर में स्वास्थ्य मंत्री ने सदन को गुमराह किया और स्वास्थ्य विभाग में सही प्रतिवेदन होने के बावजूद उन्होंने प्रश्न के कंडिका-2 का



गलत उत्तर दिया है। श्री राय के अनुसार, उनका प्रश्न झारखंड राज्य फार्मेसी काउंसिल में निबंधक-सह-सचिव पद पर अनियमित तरीके से नियुक्ति करने के विषय में था। कंडिका-2 में उन्होंने पूछा था कि किसी फार्मासिस्ट का पंजीयन एक ही दुकान के लिए होता है, परन्तु राज्य सरकार ने वैसे व्यक्ति को फार्मेसी काउंसिल का सचिव-सह-निबंधक नियुक्त किया है, जिसका पंजीयन एक से अधिक स्थानों पर है। श्री राय के अनुसार, इस बारे में सहायक निदेशक (औषधि), दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल द्वारा निदेशक (औषधि), राज्य औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला, झारखण्ड को प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि उस व्यक्ति का अलग-अलग रजिस्ट्रेशन अलग-अलग स्थानों पर है तथा जांच में फार्मेसी द्वारा सहयोग नहीं किया गया और आवश्यक सूचनाएं नहीं दी गईं।

श्री राय ने कहा कि उनके प्रश्न के उत्तर में सरकार ने इस तथ्य को छिपाया है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस बारे में स्वास्थ्य मंत्री को गुमराह किया है। इसी कारण से उन्होंने सदन पटल पर उनके प्रश्न का गलत और भ्रामक उत्तर रखा है। सदन में किसी सभा-सदस्य के प्रश्न का गलत और भ्रामक उत्तर देना विधानसभा की अवमानना है और सभा-सदस्य के विशेषाधिकार का हनन है।

सरयू राय ने कहा कि झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम के अनुच्छेद 186 के तहत विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव रखा गया है। इसके बाद अनुच्छेद- 187, 188, 189 में विधानसभा में विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव रखने और स्वीकृति देने की प्रक्रिया का उल्लेख है। यह भी उल्लेख है कि यदि कम से कम 8 विधानसभा सदस्य इस प्रस्ताव के पक्ष में खड़े होते हैं तो विधानसभाध्यक्ष इस प्रस्ताव की स्वीकृति देंगे। विधानसभा में इस प्रस्ताव के पक्ष में भाजपा, जदयू, लोजपा और आजसू के सभी विधायक खड़े हो गए। इस पर सभाध्यक्ष ने कहा कि वे इस प्रस्ताव को देखेंगे और आगे विधिसम्मत कार्रवाई करेंगे।

### धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना का मामला

## एनओसी के कारण हुआ विलंब : सुदिव्य कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधायक राज सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2019 में 441 करोड़ रुपये की लागत से धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना फेज-2 प्रारंभ की गई थी, जिसमे पिछले पांच वर्षों में 76 हजार घरों को पानी पहुंचाने के एवज में मात्र तीन हजार घरों तक ही शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए पानी कनेक्शन मिल पाया है,जिससे धनबाद घनी शहरी आबादी वाले क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न हो चुकी है। योजनान्तर्गत पाईप लाईन बिछाने का कार्य पिछले पांच वर्षों में 69.4 प्रतिशत हुआ है, जबकि संवेदक को 2023 में योजना पूर्ण करने के लिए समयावृद्धि भी दी गई तथा उपायुक्त, धनबाद ने मार्च 2025 तक काम पूरा करने का आदेश (डेडलाईन) भी दे चुके हैं। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि धनबाद शहरी जलापूर्ति योजनाः फेज-2 अबतक कुल 5129 गृह जल संयोजन किया जा चुका है। मंत्री सुदिव्य ने कहा कि परियोजना की मूल पूर्णता तिथि 24 अक्टूबर, 2022 थी। कोविड-19 महामारी और एनएचएआई, डीवीसी एफसीआइएल से एनओसी प्राप्त होने में विलंब के कारण इस योजना के कार्यान्वयन में देरी हुई, इसलिए दिनांक 24 अक्टूबर, 2024 तक का प्रथम समय विस्तार मिला। अभी तक डीवीसी और एफसीआईएल जैसी केन्द्रीय एजेसियों से एनओसी आप्राप्त है।



## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल को विश्वविद्यालयों की स्थिति से कराया गया अवगत



**रांची।** रांची विवि की छात्रा और इंडिपेंडेंस छात्रा नेत्री वसुंधरा कुमारी ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान झारखंड के विश्वविद्यालयों की समस्याओं से अवगत कराया और उन्हें एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि झारखंड के विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव 2007, 2017, 2019 के बाद नहीं होना विद्यार्थियों का मौलिक अधिकार छीना जा रहा है। विश्वविद्यालय के सभी टेंडर विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर डाला जाए इससे भ्रष्टाचार पर प्रतिबंध लगेगा । रांची विश्वविद्यालय लगभग 1 साल से पीएचडी एंट्रेंस का डेट बढ़ाया जा रहा है और फॉर्म भरवाया जा रहा है तो इसकी जांच होनी चाहिए।अतिथि शिक्षकों का पेमेंट नहीं होना और उसे निकाल देना यह एक दुर्भाग्य प्रक्रिया विश्वविद्यालय और सरकार में चल रही है। रांची विश्वविद्यालय में अभी तक सीनेट सदस्य नहीं है विश्वविद्यालय द्वारा सीनेट सदस्य बनाने की प्रक्रिया जारी किया जाए। वहीं झारखंड में खेल विश्वविद्यालय का निर्माण हो शामिल है।

### शहीद लक्ष्मीकांत स्वांसी का शहादत दिवस मनाया गया

**रांची।** माकपा पूर्वी जिला कमिटी एवं झारखंड राज्य किसान सभा के तत्वावधान में शहीद लक्ष्मीकांत स्वांसी का 39 वां शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान शहीद लक्ष्मीकांत स्वांसी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य सह झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने विस्तृत रूप में उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं कहा कि शहीद लक्ष्मीकांत सवांसी का किसान - मजदूरों के लिए संघर्ष एवं योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। किसान नेता के रूप में प्रख्यात लक्ष्मीकांत सवांसी को होली के दिन बम मार कर हत्या कर दिया था। श्री महतो ने कहा कि न्याय, भाईचारा के लिए लक्ष्मीकांत स्वांसी जिंदा रहेंगे। शहीद कभी दफन नहीं होते, बीज की तरह फलते-फूलते हैं। मौके पर जिला कमिटी सदस्य रामधन मछुवा, मंगल सिंह मुंडा, रीता स्वासी, अंजू देवी, सोमरा मुंडा, गौराचाद मुंडा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सदन के संचालन से अवगत हुए कलकत्ता पब्लिक स्कूल के छात्र



रांची। ओरमांझी स्थित कलकत्ता पब्लिक स्कूल के छात्र शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बुधवार को झारखंड विधानसभा का भ्रमण किया। उक्त अवसर पर विद्यालय के रेक्टर एवं शिक्षकों के साथ छात्रों ने सत्र के दौरान प्रथम पाली की कार्यवाही का अवलोकन सामान्य दर्शक दीर्घा में बैठकर किया। उक्त अवधि में छात्र-छात्राऐं ध्यानाकर्षण, अल्पसूचित प्रश्न, तारांकित प्रश्न, कार्यस्थगन प्रस्ताव, शून्यकाल, बजट का उपस्थापन, विधेयक का उपस्थापन, कटौती प्रस्ताव आदि का बारीकी से जानकारी प्राप्त किया। भोजनावकाश के समय कार्यालय कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष के साथ सभी छात्र -छात्राऐं एवं शिक्षकों की फोटोग्राफी हुई। साथ ही मंत्री सुदिव्य कुमार तथा मंत्री योगेंद्र प्रसाद के साथ भी बच्चों की फोटोग्राफी उनके कार्यालय कक्ष में हुई। सभी राजनेताओं ने बच्चों से संसदीय व्यवस्था से संबंधित कई सवाल जवाब किए तथा संक्षिप्त रूप से बारीकियों से अवगत कराया।

## रातु रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण अप्रैल में, आएंगे नितिन गडकरी



- *नितिन गडकरी से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ , दिया आमंत्रण*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नई दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस मुलाकात के क्रम में रांची लोकसभा क्षेत्र सहित झारखंड में चल रही विभिन्न परियोजना पर चर्चा हुई। श्री सेठ ने रातू रोड में निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर की प्रगति पर केंद्रीय मंत्री से चर्चा की। उन्हें इसकी प्रगति से अवगत भी कराया। साथ ही इस कॉरिडोर के लोकार्पण का आमंत्रण दिया, जिसे राजमार्ग मंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया। अप्रैल 2025 में इस कॉरिडोर को जनता को समर्पित किया जाएगा। मुलाकात में श्री सेठ ने पिस्का और इटकी रेलवे स्टेशन के समीप हो रहे आरओबी निर्माण, ओरमांझी से गोला तक एक्सप्रेस वे निर्माण, डिमना चौक से बालिगुमा जमशेदपुर के बीच सड़क और एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण पर भी चर्चा की। इन कार्यों को पूर्ण करने में आ रही विसंगति व समस्या से भी उन्हें अवगत कराया। केंद्रीय राजमार्ग मंत्री ने कहा कि किसी भी कीमत पर झारखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ी परियोजना को बाधित नहीं होने दिया जाएगा। फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं मिलने के कारण आ रही समस्या को राज्य सरकार अविलंब दूर करे। बिना बाधा के हर परियोजना पूर्ण होगी। इस दौरान नितिन गडकरी ने परियोजना की विसंगति को दूर करने और ससमय इसे पूरा करने के लिए त्वरित निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### झारखंड में चल रहीं विभिन्न सड़क निर्माण योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

## उपायुक्त सड़क निर्माण योजनाओं की प्रगति पर रखें नजर : मुख्य सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि वे राज्य में चल रहीं विभिन्न सड़क योजनाओं की लगातार मॉनिटरिंग करें। अगर किसी में कोई बाधा आ रही है, तो प्राथमिकता के आधार पर उसे दूर करें। जहां जरूरत हो, वहां संबंधित विभागों के साथ समन्वय करें और निर्बाध निर्माण का मार्ग प्रशस्त करें। उन्होंने कहा कि केंद्र से सड़क निर्माण परियोजनाओं को राज्य में लाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। एक बार स्वीकृति मिलने के बाद अगर ससमय निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो योजना निरस्त होने का भी खतरा रहता है। इसलिए, नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं का ससमय समाधान करें, ताकि आगे के लिए भी सड़क निर्माण की योजनाएं राज्य के लिए केंद्र से ली जा सके। वह बुधवार को राज्य में चालू और शुरू होनेवाली सड़क योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रही थीं।



मुख्य सचिव की समीक्षा के दौरान स्पष्ट हुआ कि सड़क निर्माण में सबसे बड़ी बाधा उस जमीन का मुआवजा भुगतान को लेकर है, जिसके कागजात नहीं मिल रहे हैं। इसका समाधान निकालते हुए निर्देश दिया गया कि वैसी जमीनों को सरकारी मानकर काम शुरू करें और बाद में कागजात के साथ दावा सामने आता है, तो उसका मुआवजा भुगतान करें। जहां मुआवजा भुगतान में देरी हो रही है, वहां कैंप लगाकर रैयतों को भुगतान करने को कहा गया। वहीं वन विभाग से जुड़े मसले को शीघ्र पर सुलझाने पर बल दिया गया। विधि व्यवस्था से बाधित कार्य को प्रशासनिक कुशलता से निपटाने का निर्देश दिया गया।

17.188 करोड़ से 503 किमी. की 15 सड़कों का निर्माण जारी

झारखंड में कुल 3,536 किमी सड़क नेशनल हाइवे है। नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा 1,758 किमी. सड़क 52,476 करोड़ रुपये से निर्मित हो रही है, जिसमें से 13,993 करोड़ की लागत से 718 किमी. सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है। 17.188 करोड़ रुपये से 503 किमी. की 15 सड़कों का निर्माण जारी है। 11,643 करोड़ से 273 किमी. की 8 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं 9,623 करोड़ की लागत से 263 किमी. की 7 सड़कों का निर्माण डीपीआर और टेंडर प्रक्रिया में है। गौरतलब है कि झारखंड में प्रति एक लाख जनसंख्या पर नेशनल हाइवे की 8.62 किमी. सड़क है, जो पूरे भारत में 11 किमी. है। वहीं झारखंड में प्रति एक हजार स्क्वायर किमी. में नेशनल हाइवे 43.91 किमी. है, जबकि राष्ट्रीय औसत 40.2 है।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न समीक्षा बैठक में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, वन विभाग के सचिव अबु बक्कर सिद्धीख, राजस्व विभाग के सचिव चंद्रशेखर, एनएचएआइ के वरिष्ठ अधिकारी समेत संबंधित जिले के उपायुक्त वर्चुवल माध्यम से जुड़े थे।

# भाजपा नेता की हत्या के खिलाफ सड़क पर उतरे लोग, किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बुधवार शाम करीब चार बजे स्थानीय भाजपा नेता और जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या के खिलाफ 27 मार्च को कई राजनीतिक दलों और संगठनों ने शहर को बंद करने का ऐलान किया है।

भारतीय जनता पार्टी, आजसू पार्टी, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा और कांके महावीर मंडल ने विभिन्न वर्ग के लोगों से बंद का समर्थन करने की अपील की है।

घटना के बाद सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आए। उन्होंने शहर के कांके इलाके में जगह-जगह सड़क जाम कर दिया। लोग सड़क पर टायर जलाकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे। इस वजह से सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। कांके चौक पर तनाव को देखते हुए भारी तादाद में पुलिस बल की तैनाती की गई।



● रांची बंद को कई राजनीतिक दलों और संगठनों ने अपना समर्थन दिया है

झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अनिल टाइगर की हत्या पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्तब्ध करने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जहां न जनप्रतिनिधि सुरक्षित हैं और न ही आम नागरिक। अपराधी बेखौफ होकर जनप्रतिनिधियों पर हमला कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब पुलिस के अधिकारी जमीन का धंधा करेंगे और करवाएंगे, जमीन दलालों को संरक्षण देंगे तो ऐसी घटनाएं तो होंगी ही। इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह रिम्स पहुंचे तथा शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि पूरा भाजपा परिवार स्वर्गीय टाइगर के परिजनों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। पार्टी ने एक कर्मठ कार्यकर्ता को खोया है। भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, विकास प्रीतम, भानु प्रताप शाही, नीलकंठ सिंह मुंडा, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह सहित कई नेताओं ने वारदात की तीखी भर्त्सना की।

## रांची को बचाने के लिए सड़कों पर उतरें : संजय सेठ

● रांची के आम जन व व्यवसाई से बंद का समर्थन करने की मांग

● निरंकुश शासन व्यवस्था पर जनता ही लगाएगी अंकुश

**रांची।** भाजपा नेता टाइगर अनिल महतो की दिनदहाड़े हत्या और क्राइम कैपिटल बनती रांची को बचाने के लिए कल भारतीय जनता पार्टी के द्वारा रांची बंद का आह्वान किया गया है। इस बंद को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि राजधानी की इतनी दुर्भाग्यपूर्ण और भयावह स्थिति पहले कभी नहीं थी। सरकार राजधानी में कुछ भी करने की स्थिति में नहीं है। ऐसा लग रहा है जैसे यहां अपराधियों का शासन चल रहा है। कभी किसी व्यवसायी पर हमला होता है। कभी किसी नेता पर हमला होता है। कभी किसी वकील की हत्या हो जाती है। समाज का कोई भी वर्ग अपराधियों से अछूता नहीं बचा है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि कल एक भाजपा कार्यकर्ता के रूप में रांची की आम जनता के साथ मैं भी सड़कों पर उतरूंगा। रांची को बचाना जनता का दायित्व है। जब सरकार निरंकुश हो जाए तो उस पर अंकुश लगाने के लिए जनता को सड़कों पर उतरना पड़ता है। मैं रांची के नागरिकों, माताओं, बहनों, सभी व्यवसाईयों से अनुरोध करता हूं कि इस बंद को पूर्ण समर्थन दे। ऐसी शासन व्यवस्था, ऐसे निकम्मे प्रशासन का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करें। रांची हमारी है, रांची को बचाने के लिए हमें ही आगे आना होगा।



### अनिल टाइगर की हत्या पर बिफरे बाबूलाल, कहा

## राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त, अपराधी मस्त



**रांची।** भाजपा नेता अनिल टाइगर की अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े हत्या पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी बिफरे। उन्होंने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त, अपराधी मस्त हैं। उन्होंने कहा कि अपराधी बेखौफ होकर जनप्रतिनिधियों पर हमला कर रहे हैं। प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जहां न जनप्रतिनिधि सुरक्षित हैं और न ही आम नागरिक। उन्होंने कहा कि पुलिस के आफिसर्स जब जमीन का धंधा करेंगे और करवायेंगे , जमीन दलालों को संरक्षण देंगे तो ऐसी घटनाएँ तो होंगी ही। इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। घटना की सूचना मिलते ही श्री मरांडी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह रिम्स पहुंचे तथा शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि पूरा भाजपा परिवार स्व टाइगर के परिजनों के साथ खड़ा है। कहा कि यह पार्टी केलिए अपूरणीय क्षति है। पार्टी ने एक कर्मठ कार्यकर्ता को खोया है। कहा कि पिछले 5 वर्षों से लगातार भाजपा के कार्यकर्ता अपराधियों के निशाने पर हैं । हेमंत है तो अपराधियों को हिम्मत है जैसी बात चरितार्थ हो रही है। अनिल टाइगर के असामयिक निधन पर प्रदेश भाजपा के नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है। शोक प्रकट करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ,विकास प्रीतम , भानु प्रताप शाही, नीलकंठ सिंह मुंडा, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह ,आदि शामिल हैं।

## राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त अपराधियों का राज : सुदेश महतो



**रांची।** सुदेश महतो ने रिम्स के ट्रॉमा सेंटर पहुंचने के बाद घटना पर दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और राज्य अपराधियोंझ्रमाफिया के हवाले है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को आमजन के जान माल की कोई चिंता नहीं। जब जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं तो आम जनता का भगवान ही मालिक है। सुदेश महतो ने दिवंगत अनिल टाइगर की पत्नी, पुत्र एवं परिजनों को ढाढस बंधाया।

**हत्या की सीबीआई जांच हो : प्रभाकर :** आजसू के वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर ने हत्या की निंदा करते हुए कहा कि अनिल टाइगर एक सक्रिय उभरते नेता थे और उनकी हत्या एक साजिश के तहत की गई है, जिसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। राज्य सरकार फेल साबित हुई है।

**अपराधियों का मनोबल बढ़ा : देवशरण :** आजसू के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्य में अब कोई भी सुरक्षित नहीं है। अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि कांके थाना से थोड़ी दूर पर अपराधी एक राजनीतिक की हत्या हो जा रही है।

## अपराधियों की गिरफ्त में है राजधानी रांची : रमाकांत



**रांची।** भाजपा के रांची ग्रामीण जिला महामंत्री सह पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या किए जाने को लेकर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा है कि राज्य में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। राजधानी पूरी से तरह अपराधियों के गिरफ्त में आ गयी है। श्री महतो ने कहा कि राज्य सरकार अपराधियों पर लगाम लगाने में हेमंत सरकार विफल हो चुकी है।जिसके कारण बेलगाम हो गए हैंअपराधी। भाजपा प्रवक्ता ने सीधे हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जान-बूझकर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को टारगेट में लेकर हत्या की जा रही है। राजधानी से सटे क्षेत्र ओरमांझी में भी भाजपा नेता जीतराम मुंडा की इसी तरीके से दिन दहाड़े अपराधियों के द्वारा गोलियों से छलनी कर दिया था और सरकार मूक दर्शक बनी हुई थी।

## रांची बंद का श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति ने किया समर्थन

**रांची।** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार व मंत्री पप्पू वर्मा ने भाजपा नेता अनिल टाइगर के निर्मम हत्या की कड़ी शब्दों में निंदा की है। श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति ने रांची बंद का समर्थन किया है।

## खुदरा व्यवसाय संघ ने बंद का किया समर्थन

**रांची।** झारखंड राज्य खुदरा व्यवसाय संघ के महासचिव योगेंद्र प्रसाद पोद्दार मंत्री संजय पोद्दार ने कल के रांची बंद का समर्थन किया है तथा रांची के सभी व्यापारियों से कल अपनी अपनी दुकान बंद रखने की अपील की है

## अजीत केसरी श्री महावीर मंडल ग्रामीण के अध्यक्ष बने

**रांची ।** श्री महावीर मंडल की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से इटकी निवासी अजीत केसरी को श्री महावीर मंडल ग्रामीण का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अजीत केसरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण में शोभा यात्रा निकालना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

**आज / कल**




## बसंत मेले के दूसरे दिन खूब हुई खरीदारी, महिलाओं ने की मस्ती

### गणगौर सिंधारा का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच के बसंत मेले के दूसरे दिन बुधवार को महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। स्टॉल में सुबह से ही काफी रौनक थी। सारी स्टॉल वाली महिलाएं काफी खुश नजर आ रही थी। हाथ से बने हुए सामानों की लोगों ने काफी तारीफ की। हाथ के बने हुए केक, पेस्टी, चॉकलेट पॉप्स बच्चों और महिलाओं को काफी पसंद आए। लड्डू गोपाल की पोशाक एवं गहनों की महिलाओं ने खूब सराहा।

शाम को गणगौर पर बहू-बेटियों का सिंधारा किया गया जिसमें सृजन शाखा की बहू-बेटियों ने गणगौर के उपलक्ष्य में एक नृत्य नाटिका की। पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में महिलाएं राजस्थानी गीतों पर नृत्य किया जिससे वातावरण पूरी तरह रंगीन और खुशहाल हो गया। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंधारा अर्पित किया और साथ ही बसंत के मौसम का आनंद लिया। इस मौके पर सभी ने एकजुट होकर पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत किया और पुराने रीति रिवाज को जीवित रखा। इस अवसर पर कई गेम्स का आयोजन हुआ तथा गेम्स में जीते सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। बहनों ने लजीज व्यंजनो का लुत्फ उठाया। सभी बहनों ने खूब मस्ती की। सृजन शाखा की अध्यक्ष नेहा सरावगी अपनी टीम के साथ उपस्थित थी।


इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपा अग्रवाल, अलका सरावगी, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, अनुसूया नेवटिया, रीना सुरेखा, गीता डालमिया, बीना मोदी, मंजू केडिया, प्रीती बंका, मंजू गाड़ोदिया, प्रीती पोद्दार, छाया अग्रवाल, सीमा पोद्दार, सरिता मोदी, सुनीता सरावगी, सीमा टाटिया, सरिता अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, लक्ष्मी पाटोदिया, प्रीति फोगला, शोभा हेतमसरिया, करुणा अग्रवाल, मीना अग्रवाल, कमला विजयवर्गीय, ललिता नारसरिया सहित अन्य सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

### 30 मार्च से चैत्र नवरात्र नववर्ष की शुरूआत और देवी शक्ति की उपासना

## नवरात्रा जीवन में अच्छाई, शक्ति, समृद्धि और आत्मविश्वास का देता है संदेश: संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि 30 मार्च से चैत्र नवरात्र की शुरूआत हो रही है, जो हिन्दू कैलेंडर के अनुसार नववर्ष की शुरूआत भी मानी जाती है। यह समय विशेष रूप से मां दुर्गा की उपासना, शक्ति की आराधना और आत्मिक उन्नति का होता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च को शाम 4.27 बजे से लेकर 30 मार्च को दोपहर 12.49 बजे तक रहने वाली है। उदिया तिथि के चलते, चैत्र नवरात्र की शुरूआत 30 मार्च को होगी और इसका समापन 6 अप्रैल को होगा। नवरात्रि का अर्थ है- नौ रातें, जिसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की आराधना होती है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होकर यह पर्व नौ दिन तक चलता है। नवरात्र का पर्व शक्ति की पूजा का प्रतीक है, जिसमें देवी दुर्गा के नौ रूपों की उपासना की जाती है। पहले दिन से लेकर नौवें दिन तक हर दिन एक देवी के रूप की पूजा की जाती है। इन रूपों में माँ शैलपुत्री, माँ ब्रह्मचारिणी, माँ चंद्रघंटा, माँ कुष्मांडा, माँ स्कंदमाता, माँ कात्यायनी, माँ कालरात्रि, माँ महागौरी और माँ सिद्धिदात्री प्रमुख हैं। प्रत्येक देवी के रूप में विशिष्ट ऊर्जा और शक्ति का वास माना जाता है, और इनकी उपासना से भक्तों को मानसिक शांति, आत्मविश्वास, तथा जीवन में हर तरह की समृद्धि प्राप्त होती है।



### सरहुल पर्व को लेकर सरना समितियों के साथ प्रशासन की बैठक

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी लोग धूमधाम से मनाएं सरहुल पर्व : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आगामी सरहुल पर्व को लेकर बुधवार को विभिन्न सरना समितियों के साथ बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), जिला के विभिन्न सरना समिति के सदस्य एवं संबंधित पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

सरना समितियों ने दिए सुझाव

बैठक में विभिन्न सरना समितियों के सदस्यों द्वारा सरहुल पर्व के दौरान व्यवस्था को लेकर सुझाव दिए गए। सरना स्थल पर निर्बाध बिजली आपूर्ति, साफ-सफाई, जलापूर्ति, चलंत शौचलय, यातायात व्यवस्था, जुलूस रुट के महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, लाइट की व्यवस्था, महिला आरक्षियों की प्रतिनियुक्ति आदि से संबंधित कई सुझाव सदस्यों द्वारा दिये गये। बैठक के दौरान ही उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त सुझाव पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सरहुल पर्व के दौरान प्रशासन, पुलिस और सरना समितियों के बीच आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सिर्फ स्टैटिक स्पॉट पर ही नहीं बल्कि जुलूस के दौरान भी सरना समितियां वॉलिंटियर्स की प्रतिनियुक्ति का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सभी समितियां महिला एवं पुरुष वॉलिंटियर्स की यूनिफॉर्म में प्रतिनियुक्ति का प्रयास करें। प्रत्येक जुलूस के आयोजक, प्रभारी एवं वॉलिंटियर्स का व्हाट्सएप ग्रुप बनायें। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण कि हम सभी धर्मों के प्रति सम्मान भाव रखते हुए अनुशासन में रहकर पर्व मनायें। कोई भी समस्या न हो इसके लिए जिला प्रशासन सभी समितियों से समन्वय स्थापित कर बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास करेगा।

प्रशासन संवेदनशील है, सभी सुझावों पर मंथन किया जाएगा

बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सरना समितियों के चिंताओं का अध्ययन करते हुए उसे दूर करने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जायेगा। रांची को आदर्श जिला बनाने का दायित्व हम सभी का है। उन्होंने सरना समितियों के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि प्रशासन पूरी तरह से संवेदनशील है।

डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि पर्व के दौरान अंतिम समय तक पुलिस बल तैनात रहे इसे सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने सभी सरना समितियों को अपने जुलूस प्रभारी और वॉलिंटियर्स की सूची संबंधित थाने के साथ साझा करने को कहा।

खलारी में जेवर दुकान से 20 लाख के गहनों की चोरी

# खोजी कुत्ता के साथ पहुंचा फोरेंसिक जांच दल





**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी थाना क्षेत्र के राय स्टेशन रोड में स्वामी नगर चौक स्थित सोनी ज्वेलर्स दुकान में 20 लाख रूपए मूल्य के गहनों की चोरी हो गई। घटना मंगलवार रात की है। चोर दुकान के शटर का ताला तोड़ जैक का इस्तेमाल कर दुकान में घुसने लायक जगह बना लिए थे। दुकान के मालिक प्रभु सोनी व राजेश सोनी ने बताया कि बुधवार सुबह उनके एक परिचित ने दुकान का ताला टूटे होने की जानकारी दी। दुकान के उपरी तल्ले पर उनका बेटा परिवार के साथ रहता है। वहीं वे राय में ही एक दूसरे मकान में रहते हैं। सूचना मिलते ही वे तुरंत दुकान पहुंचे और पुलिस को सूचित किए। बताया कि चोर करीब दस लाख रूपए मूल्य के चांदी व सोने के जेवर ले गए। इसमें अधिकतर चांदी के जेवरात थे। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर साथ ले गए। बगल के दुकान में लगे एक कैमरे में रात एक बजे चोर दिखाई दिए हैं। कंबल से ढके होने के कारण पहचान नहीं हो सकी। हालांकि बाद में चोरों ने उस कैमरे को भी ढक दिया। घटना को लेकर खलारी थाना में लिखित जानकारी दी गई है।

## खोजी कुत्ते की ली गई मदद

इधर सूचना मिलते ही खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है। चोरों तक पहुंचने के लिए पुलिस का प्रयास जारी है। जिला पुलिस से खोजी कुत्ता के साथ फोरेंसिक जांच टीम बुलाया गया। आवश्यक जगहों से फिंगर प्रिंट लिए गए हैं। खोजी कुत्ता दुकान के पीछे से खेत होत हुए करीब आधा किमी दूर एक गैराज तक पहुंच सका। अनुमान है कि इसके बाद चोरों ने वाहन का प्रयोग किया। बुधवार देर शाम तक चोरों के संबंध में कोई खास जानकारी नहीं मिल सकी थी। हालांकि खलारी थाना पुलिस ने चोरों को जल्द पकड़ने का दावा किया है।

## पूर्व में हो चुकी है दुकान में लूट


सोनी ज्वेलर्स में अप्रैल 2021 में सरेशाम लूट की घटना हो चुकी है। खरीदार बनकर आए लुटेरे करीब डेढ़ सौ ग्राम सोने के जेवरात लूटकर ले गए थे। इस घटना में भी लुटेरों तक पुलिस नहीं पहुंच पाई। वहीं राय बाजार के अन्य जेवर दुकानों में पूर्व में डकैती की घटनाएं घट चुकी है। मंगलवार रात की घटना को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि खलारी थाना से दूरी होने के कारण पुलिस की गश्त रात में कम हो पाती है। ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। लोगों ने राय में पुलिस चौकी बनाने की मांग की है।

## एक नजर

### भाजपा ने रांची बंद के दौरान बेड़ो को भी बंद रखने का ऐलान

**बेड़ो।** भारतीय जनता पार्टी बेड़ो मंडल ने कल दिनांक 27 मार्च दिन बृहस्पतिवार को रांची जिला ग्रामीण महामंत्री अनिल महतो का बुधवार को अपराधियों के द्वारा निर्मम हत्या के विरोध में रांची बंद के दौरान बेडो को भी बंद करने का ऐलान किया है। इस संदर्भ में बेड़ो भाजपा मंडल के अध्यक्ष बलराम सिंह एवं मिडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु ने कहा कि प्रदेश कमेटी के निर्देश के आलोक में बेड़ो भी पूर्ण रूप से बंद रहेगा। उन्होंने सभी व्यापारी बन्धुओं से अपील किया है कि आज के बंदी में संपूर्ण सहयोग करने की कृपा करेंगे।

## रांची ने सिमडेगा को हराया




**रांची।** रांची में खेले जा रहे एच पी बोधन वाला ट्रॉफी 2024-25 में आज रांची ने सिमडेगा को 112 रनों से हरा दिया पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 322 रन बनाए शुभ शर्मा ने शानदार 127* रन राजनदीप ने 97 ओर सत्यम ने 53* रन की पारी खेली सौरभ को 3 तथा इमरान को 2 विकेट प्राप्त हुआ। जवाब में सिमडेगा की पूरी टीम 45.5 ओवरों में 210 रन पर ढेर हो गई। हिमांशु 48 अश्वनी 37 इमरान 36 की पारी खेली। पंकज को 4 तथा ऋषभ को 2 विकेट प्राप्त हुआ। प्लेयर ऑफ द मैच शुभ शर्मा को चुना गया।

## जीजीएसपीएस में मनाया गया ग्रेजुएशन डे



**रांची।** गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में बुधवार को कक्षा प्रेप और कक्षा दूसरी के सफल छात्र छात्राओं के लिए ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत शबद और अरदास के साथ की गई। छात्रों ने अभिभावकों और शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए एक मनोहारी नृत्य की प्रस्तुति दी। अभिभावकों ने भी अपने उद्गार व्यक्त करते हुए स्कूल प्रबंधन को इस सफल कार्यक्रम की बधाई दी। विद्यालय की प्राचार्या शालिनी विजय ने सफल छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालक गुरमीत कौर और लवनीत कौर ने किया।

## टाटीसिल्वे बी ने 4 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** लिटिल विंग बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट टाटीसिल्वे मैदान में साई दीप पेस फाउंडेशन बनाम टाटीसिल्वे बी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साई डीप पेस फाउंडेशन ने 27.3 ओवर में 10 विकेट पर 203 रन बनाया। अभि 64, कार्तिक 44 व हर्षित तिवारी ने 41 रन बनाए। वहीं सोनू पांडे ने 29 रन देकर 4 विकेट व मुन्ना मंडल ने 22रन देकर 3 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी टाटीसिल्वे बी ने 22.1 ओवर में छह विकेट पर 207रन बनाया। सुमित ने 30, मुन्ना मंडल ने 57 व सोनू पांडे ने 28 रन बनाया। अभी ने 27 रन देकर 2 विकेट व शुभम कुमार ने 56 रन देकर 2 विकेट लिया। टाटीसिल्वे बी ने 4 विकेट से जीत दर्ज की।

## कुशमाही येलो 70 रन से जीता

**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट सुकुरहुट्टू मैदान में कुशमाही येलो बनाम टाटीसिलवे क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। कुशमाही येलो ने 30 ओवर में आठ विकेट पर 208 रन बनाया। जीत कुमार सिंह ने 103 व अनुराग ने 32 रन बनाया। आर्यन कुमार ने 2 विकेट लेकर 40 रन, शिवम चक्रम ने 2 विकेट लेकर 30 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी टाटीसिलवे क्रिकेट अकादमी ने 28.1 ओवर में 10 विकेट पर 138 रन बनाया। शिवम ने 45 रन बनाया। पवन कुमार ने 3 विकेट लेकर 27 रन, अनुराग ने 3 विकेट लेकर 24 रन व आयुष ने 2 विकेट लेकर 31 रन दिया। कुशमाही येलो 70 रन से जीती।
खलारी के ज्वेलरी शॉप में चोरी

## प्रभोत स्पोर्टिंग 9 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रभात तारा ग्राउंड में जस्टिस येलो बनाम प्रभोट स्पोर्टिंग के बीच खेला गया। जस्टिस येलो ने 18.4 ओवर में 10 विकेट पर 76 रन बनाया। रंजीत ने 36 व विराट ने 10 रन बनाया। वहीं दीपक ने 3 विकेट, राज ने 2 विकेट, अमन ने 1 विकेट , भीम ने 1 विकेट, शिवम ने 1 विकेट व आयुष ने 1 विकेट लिया। प्रभोट स्पोर्टिंग ने 5.5 ओवर में एक विकेट पर 81 रन बनाया। आयुष ने 42, अयान ने 14 व रियान ने 10 विकेट लिया। अमन ने1 विकेट विकेट लिया। प्रभोत स्पोर्टिंग 9 विकेट से जीत दर्ज की।

## अनिल महतो टाइगर के हत्यारे की अविलंब गिरफ्तारी हो : विनय महतो धीरज

**सिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नेता, वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांके के पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल महतो टाइगर को अपराधियों द्वारा गोली मारे जाने पर भाजपा ग्रामीण के जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने हत्यारे की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है ।राज्य में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में अपराधी पूरी तरह बेलगाम हो चुके हैं। रांची समेत राज्य भर में अपराधियों का तांडव बढ़ता ही जा रहा है। एक के बाद एक हत्याएं हो रही है और सरकार ?उपलब्धि गिनाने से नहीं थक रही है ।जनता भय के साये में जी रही हैं। अपराधियों का मनोबल दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। पुलिस-प्रशासन अपराधी एवं असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने में पूरी तरह अक्षम दिख रही है। प्रदेश की जनता अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार अनिल टाईगर के हत्यारे को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार नहीं करती है तो रांची बंद का ऐलान किया जाएगा।

# सरहुल हमारे अंदर प्रकृति के प्रति श्रद्धा और आस्था का सृजन करता है : जयंत बरला



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड प्रखंड स्तरीय सरहुल मिलन सह शोभायात्रा आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित सरहुल मिलन सह शोभायात्रा के दौरान जनसैलाब उमड़ पड़ी। बतौर मुख्य अतिथि सरना समाज के अध्यक्ष जयमंगल सिंह मुंडा ने कहा कि सरहुल हमारे अस्तित्व से जुड़ा प्रकृति पर्व है। उन्होंने कहा कि हमें मिलजुलकर सरना धर्म के अस्तित्व को बचाना होगा। उन्होंने कहा कि जब सरना बचेगा तभी हम बचेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड स्तरीय संचालन समिति के अध्यक्ष सह कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष जयंत बरला ने कहा कि सरहुल पर्व हमारे अंदर प्रकृति के प्रति श्रद्धा और आस्था का सृजन करता है। सरना धर्मावलंबी प्रकृति की पूजा करते आए हैं। हमें अपने धर्म और समाज की रक्षा के लिए एकजुट होना होगा। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सह समिति के उपाध्यक्ष कंचन उरांव ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें जो संस्कृति और परंपरा सौंपी है। हमें प्रकृति की रक्षा कर अपने भावी पीढ़ी को उसी नैसर्गिक सौंदर्य के साथ जल जंगल और जमीन को सौंपना होगा। समिति के सचिव सह उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा ने कहा कि लापुंग प्रखंड के प्रत्येक गांव और घरों में सरहुल और खासकर सरना मां के प्रति लोगों की समर्पण की भावना अपने आप में अद्भुत है। इसका नजारा सरहुल मिलन और शोभा यात्रा के दौरान लोगों के हृदय में उत्साह और उल्लास के साथ देखा गया। वहीं सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव, दोलैचा पंचायत की मुखिया मालती रानी केरकेट्टा तथा बोकरोंदा पंचायत की मुखिया सरोज मुंडा ने सरहुल शोभायात्रा को यादगार लम्हा बताया। इस मौके पर मंचासीन अतिथि के रूप में लापुंग प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने लोगों को सरहुल की शुभकामनाएं दी कहा कि सरहुल शोभायात्रा सह मिलन समारोह में लोगों के अंदर स्वतः-स्फूर्त शांति सद्भावना और भाईचारा के साथ अनुशासन देखकर बहुत अच्छा लगा। इसके पूर्व सापुकेरा बाजार टांड़ से भव्य सरहुल शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। सरहुल शोभा यात्रा के दौरान हजारों लोग मांदर ही नहीं बल्कि डीजे साउण्ड के साथ भी नृत्य करते एक साथ नाचते गाते और झुमते हुए अद्भुत समां बांधा। सरहुल शोभायात्रा अस्पताल चौक थाना चौक मुख्य सड़क होते हुए बिरसा मुंडा स्मारक स्थल पहुंचा जहां पारंपरिक रूप से भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना कर लोगों ने अपने पूर्वजों को याद किया।

# रामचरित मानस पाठ कथा का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता। तमाड़** प्रखंड के पुंडीदिरी बाबा चौक मे समस्त प्राणियों की कल्याण के लिए मंगलवार को 24 घंटे का अखंड राम चरित मानस पाठ कथा का आयोजन किया गया। इस आयोजन मे झारखंड और बंगाल से आए श्रद्धालुओं एवं कथा वाचकों द्वारा प्रभु श्री राम का गुणगान और भजन कृतन श्रवण कर रातभर श्रद्धालु झूमने लगे। इस महायज्ञ को सफल बनाने मे बाबा चौक स्थित आशीष टेन्ट एवं ग्रामीणों का महोत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## एसपी ब्रदर्स और रॉयल एफसी का मैच रहा ड्रॉ

**तमाड़।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग ग्रुप ए का चौथा मैच एस पी ब्रदर्स और रॉयल स्पोर्टिंग स्पोटिंग के बीच जीइएल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। दोनों टीमों के बीच जबरजस्त मुकाबला देखने को मिला। रॉयल एफसी की टीम के विकास मुंडा ने 22 वें मिनट पर शानदार मैदानी गोल किया। वहीं दूसरी टीम के मुनीराम मुंडा ने 38 वें मिनट में गोलकर मैच बराबरी पर ला दिया। मैन ऑफ द मैच का खिताब एसपी ब्रदर्स के दिलेश्वर मुंडा को मुखिया हरीश चंद्र मुंडा के द्वारा सम्मानित किया गया। लीग का पांचवां मैच डीटी तमाड़ और एनवाई सी जोजोडीह के बीच गुरुवार शाम 3 बजे खेला जाएगा। मैच के दौरान आयोजक पीपीएसए के संरक्षक हीरालाल दास, अध्यक्ष हरीश चंद्र मुंडा, सचिव निशांत भेंगरा, उपाध्यक्ष प्रेम पूर्ति, उपसचिव करम मुंडा कोषाध्यक्ष रितेश गुप्ता, सदस्य लखिनरायण मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा विवेक गुप्ता ,जॉन कमल, सरिता, जीविका, प्रमिला चांदनी, मनिका, संजोती, सकुंतला समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सीसीएल में इफ्तार समारोह का आयोजन



रांची। पवित्र रमजान महीने की पूर्व संध्या पर सीसीएल मुख्यालय, विचार मंच में एक भव्य दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। इफ्तार के इस आयोजन ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश फैलाया, जिससे सभी उपस्थित जनों में एकता और समर्पण की भावना जाग्रत हुई। सीसीएल हमेशा से समावेशी मूल्यों को प्रोत्साहित करता रहा है और कर्मचारियों के बीच एकता, समानता और सांप्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत करने का प्रयास करता है। इस आयोजन के माध्यम से विभिन्न पृष्ठभूमियों से आने वाले कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर रमजान के इस पावन अवसर का आनंद लिया और सामूहिक एकजुटता का परिचय दिया। कंपनी की यह परंपरा समाज में शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीसीएल न केवल ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता को भी सुदृढ़ कर रहा है। इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि विविधता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

## चान्हो में इफ्तार पार्टी का आयोजन

चान्हो। रमजान-उल-मुबारक के मौके पर बुधवार को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के तरफ से चान्हो बाजार टांड़ में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों रोजेदारों उपस्थित हुए और रोजा इफ्तार किया। रोजा इफ्तारी से पहले सभी रोजेदारों के साथ अल्लाह तबारक व ताला के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की अमनचैन के लिए दुआएं मांगी गई। इफ्तार पार्टी में सभी समाज के बड़े-बुजूर्ग, नौजवान व बच्चों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। रमजान- उल-मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर है। जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है।

## नगड़ी में सरहुल पूजा के बाद श्रद्धा और भक्ति के साथ पाहन पुजार ने किया फूलखोंसी

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के करांजी पंचायत अन्तर्गत नगड़ी गांव में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ सरहुल पूजा आयोजित की गई। इसके बाद बुधवार को पाहन पुजार महतो ने मिलकर पारंपरिक रूप से घर-घर जाकर फूलखोंसी की। इस दौरान पाहन पुजार को प्रत्येक घर के सामने महिलाओं ने स्नान कराया और पाहन पुजार का आशिर्वाद प्राप्त किया। गांव के पाहन एतवा धान, पुजार कोका धान भंडारी अनमोल लकड़ा, महादेव भंडारी, पूर्व पुजार जेंगा धान, समाजसेवी दाढु धान ने घर घर जाकर फूलखोंसी किया। इस दौरान प्रत्येक घरों के लोगों ने खासकर महिलाओं ने पाहन पुजार महतो को स्नान कराया। सभी लोगों ने पहन पूजा का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं 28 मार्च को आयोजित होने वाले सरहुल शोभा यात्रा की तैयारी की समीक्षा की गई। सरहुल पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष कृपा लकड़ा, तेंबा धान, लक्ष्मी धान, सुशील धान, सचिव पुष्पा खेश, विपिन धान, कोषाध्यक्ष रेखा मिंज आजाद खेश, सोमरी लकडा.प्रभामुनी धान, दयमंती धान, गुंजरी उरांव, पुनीता धान, महावीर धान, जगा मुंडा, रतनु धान, विरेंद्र कुजूर, संरक्षक अनिता लकड़ा और दिनेश धान सहित रोहित धान, मोहन धान, दिलीप धान, अरुण धान, अमित धान, जगन्नाथ धान, रतनु धान, बॉबी देओल, मंजीत धान तथा टिकोन धान ने समीक्षा बैठक के दौरान तैयारी का जायजा लिया। वहीं उक्त लोगों ने सरहुल पुजा एवं फूलखोंसी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सीसीएल सीएमडी ने एनके एरिया के खदानों का किया निरीक्षण

# आगामी वित्तीय वर्ष में एनके क्षेत्र के प्लानिंग पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** सीसीएल के सीएमडी नीलेंदुकुमार सिंह बुधवार को एनके एरिया के दौरे पर आए। वे डकरा व केडीएच खदान का निरीक्षण किए व आवष्यक निर्देश दिए। इस क्रम में उन्होंने डकरा वीआइपी सभागार में अधिकारियों तथा एचएमएस, एटक एवं सीटू के प्रतिनिधियों से बैठक कर कोयला उत्पादन व विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में एनके क्षेत्र का प्लानिंग व नए उत्पादन लक्ष्य, कोयला डिस्पैंच, जमीन समस्या का समाधान तथा सेंट्रल स्कूल को जल्द खुलवाने को लेकर चर्चा हुई। सीएमडी ने इस वर्ष एनके एरिया को उम्मीद से ज्यादा संभावित कोयला उत्पादन पर बधाई दी। इस मौके पर महाप्रबंधक दिनेशकुमार गुप्ता, सभी परियोजना के पीओ के अलावा यूनियन प्रतिनिधि प्रेम कुमार, विनयसिंह मानकी, डीपी सिंह, शैलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## सीएमडी के आने का इंतजार करते रहे रोहिणी के ग्रामीण

रोहिणी परियोजना से विस्थापित ग्रामीण व दूब, पेटपेट गांव के ग्रामीण सीसीएल सीएमडी के आने का इंतजार करते रहे। उन्हें जानकारी मिली थी कि सीएमडी रोहिणी खदान भी आएंगे। ग्रामीण सीएमडी से मिलकर खदान विस्तारीकरण में रैयत विस्थापित के नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार सहित कई मुद्दों पर उन्हें अवगत कराना चाहते थे। लेकिन सीएमडी के नहीं पहुंचने पर रैयत ग्रामीण काफी निराश हुए। इनमें मुकद्दर लोहरा, लहसन भोगता, सूरज लोहरा, मुरारी मेहता आदि उपस्थित थे।

## दिवंगत पत्रकार के स्वजनों से मिले सीसीएल सीएमडी

सीसीएल सीएमडी नीलेंदुकुमार सिंह अपने खलारी दौरे के दौरान दिवंगत स्थानीय पत्रकार मुक्तिनाथ गिरि के आवास पर जाकर उनके परिवारवालों से मिले। एनके जीएम दिनेशकुमार गुप्ता भी साथ थे। दोनों अधिकारी उनके पुत्रों अविनाश व आकाश से मिलकर संवेदना प्रकट किए व श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएमडी ने बताया कि मुक्तिनाथ गिरि के साथ उनका पुराना परिचय रहा था। जिस समय उन्होंने पत्रकारिता प्रारंभ किया था, यह इलाका अत्यंत संवेदनशील था। ऐसे कठिन दौर में भी उन्होंने निडर होकर पत्रकारिता की। अपनी लेखनी में सत्य के प्रति दृढ़ रहते थे। स्वजनों को आश्वस्त किया कि कोई भी परेशानी हो तो अवश्य जानकारी दें। पूरा सीसीएल परिवार साथ है। इस दौरान एरिया सिक्योरिटी आफिसर नीतीश झा भी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### विवेकानंद विद्या मंदिर ने 7 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट प्री क्वार्टर फाइनल शाखा ग्राउंड में डीपीएस बनाम विवेकानंद विद्या मंदिर में खेला गया। डीपीएस ने 18 ओवर में 10 विकेट पर 75 रन बनाया। नवयम ने 19 व ऋषि जैन ने 11 रन बनाया। प्रियांशु ने 4, आरव ने 3 व प्रियांश ने 3 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी विवेकानंद विद्या मंदिर ने 10.4 ओवर में तीन विकेट पर 76 रन बनाया। प्रियांशु ने 19, आरव ने 17 रन बनाया। कृषभ ने 2 विकेट लिया। विवेकानंद विद्या मंदिर ने 7 विकेट से जीत दर्ज की।

### अधिवेशन में समर्पण शाखा को मिले 21 पुरस्कार



**रांची।** झारखंड प्रांतीय अधिवेशन में मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण ने 21 पुरस्कार मिला। प्रांत की श्रेष्ठ महिला शाखा, विनीता बनी। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का 9 वा प्रांतीय अधिवेशन सुरभि शाखा के आतिथ्य में जमशेदपुर में संपन हुआ। इस अधिवेशन में पूरे प्रांत से करीब 55 शाखाओं से 400 लोगों ने भाग लिया। इसमें सत्र 2024-25 के वार्षिक पुराकारो का वितरण किया गया जिसमे रांची समर्पण शाखा ने अपना परचम लहराया एवं शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया के नेतृत्व में पुरे वर्ष भर किये गए कार्यो के लिए कुल 21 पुरस्कार प्राप्त हुए। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि सभी पुरस्कार शाखा को राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा सुरेन्द्र भट्टर, प्रांतीय अध्यक्ष युवा अरुण गुप्ता, पूर्वे राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा बलराम जी सुल्तानिया एवं नव निर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष युवा विशाल पाड़ियां द्वारा समर्पण शाखा को प्रदान किया गया। शाखा अध्यक्ष युवा विनीता सिंघानिया ने इस सफलता का श्रेय समर्पण शाखा की सभी पूर्व अध्यक्षों, शाखा सचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यकारणी सदस्यों समेत सभी सदस्यों एवं प्रान्त के सभी युवा साथियों को दिंया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### दूसरी पत्नी लाने पर पहली ने की पति की हत्या

**अड़की।** थाना क्षेत्र के पड़ासू गांव में मंगलवार रात करीब दो बजे एक पत्नी ने अपने पति हनुख तोपनो की कटफरा से मार-मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार हत्यारोपी पत्नी अपने पति द्वारा दूसरी पत्नी को घर लाने से नाराज थी। हनुख तोपनो ने मुरहू प्रखंड के जिलिंगकेला गांव की एक लड़की से विवाह किया था, जिससे उसका पांच साल का बेटा भी है। करीब दो-तीन सप्ताह पहले वह अड़की के हुंठ गांव की एक अन्य लड़की को दूसरी पत्नी बनाकर घर ले आया था। जिससे पहली पत्नी को यह रिश्ता स्वीकार नहीं था, जिस कारण पति-पत्नी के बीच लगातार विवाद हो रहा था। मंगलवार रात विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने गुस्से में आकर कटफरा से पीट-पीटकर अपने पति की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही बुधवार दोपहर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक हनुख तोपनो के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार हत्या के बाद पत्नी फरार हो गई है। एसडीपीओ वरूण रजक ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रारंभिक जांच में पत्नी द्वारा पति की हत्या की बात सामने आई है। पुलिस आरोपी पत्नी की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रांची जिला वॉलीबॉल लीग का खिताब जीता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय स्थित कोर्ट में बुधवार को रांची जिला वॉलीबॉल लीग का फाइनल मुकाबला आयोजित किया गया, जिसमें ऑक्सीजन पार्क वॉलीबॉल क्लब ए की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑक्सीजन पार्क बी वॉलीबॉल टीम को हराकर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जहां दोनों टीमों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः ऑक्सीजन पार्क वॉलीबॉल क्लब ए की टीम ने शानदार जीत हासिल की और विजेता की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल से पहले खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में ऑक्सीजन पार्क ए ने एक कड़े संघर्ष के बाद मारवाड़ी युवक व्यायामशाला की टीम को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मैच में ऑक्सीजन पार्क बी ने रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी मनोरंजन संघ को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल मैच के दौरान रांची विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर श्री अजीत कुमार सिंहा, रांची जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष श्री सुनील सहाय, और सीआईएसएफ, झारखंड, रांची के समादेष्टा श्री हरेंद्र नारायण ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरित किए और उनकी हौसला अफजाई की। इसके अतिरिक्त, रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू, सुदेश कुमार साहू, प्रीतम कुमार एफओ, प्रकाश झा सीसीडीसी रांची यूनिवर्सिटी, अजय प्रकाश कोऑर्डिनेटर, झारखंड वॉलीबॉल संघ एवं रांची जिला वॉलीबॉल संघ के कई गणमान्य सदस्य एवं वरिष्ठ खिलाड़ी भी इस आयोजन का हिस्सा बने।

# ईडी ने एनआरएचएम घोटाले के आरोपी प्रमोद सिंह का दो मंजिला मकान किया जब्त

- इस मामले में 1.63 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चकी है। इस तरह एनआरएचएम घोटाले में प्रमोद सिंह से जुड़ी जब्त की गयी कुल संपत्ति की कीमत 3.05 करोड़ रुपए हो गई।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** प्रवर्तन निदेशालय ने धनबाद में हुए एनआरएचएम घोटाले में एक दो मंजिला मकान और उससे संबंधित जीमीन को जब्त किया है। जब्त की गयी संपत्ति की कीमत 1.42 करोड़ रुपए है। इससे पहले ईडी इस मामले में 1.63 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर चकी है। इस तरह एनआरएचएम घोटाले में प्रमोद सिंह से जुड़ी जब्त की गयी कुल संपत्ति की कीमत 3.05 करोड़ रुपए हो गई। ईडी द्वारा जब्त दो मंजिला मकान आदित्य नारायण सिंह की पत्नी रमापति देवी के नाम पर है। रमापति देवी एनआरएचएम घोटाले के मुख्य अभियुक्त प्रमोद सिंह की मां व आदित्य नारायण सिंह उसके पिता हैं। ईडी ने एनआरएचएम घोटाले की जांच सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आलोक में की थी। सीबीआइ ने इस मामले में 6.97 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। इडी ने सीबीआइ द्वारा दर्ज प्राथमिकी को इसीआइआर के रूप में दर्ज करने के बाद मामले की जाँच की। इसमें 9.39 करोड़ रुपये के लॉड्रिंग की पुष्टि हुई। मामले की जाँच के दौरान इडी ने धनबाद में प्रमोद सिंह व उससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर जुलाई और सितंबर 2024 में छापा मारा था। इसके बाद 1.63 करोड़ रुपये की संपत्ति जप्त की थी। सीबीआइ ने मामले की जांच के दौरान प्रमोद सिंह को कई बार समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया। लेकिन वह हमेशा समन को नजर अंदाज करता रहा। बाद मे वह इडी के समन पर 18 फरवरी 2025 को पूछताछ के लिए रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर हुआ। इडी ने लंबी पूछताछ के बाद उसे देर रात गिरफ़्तार कर लिया। फिलहाल वह जेल में है।

## एक नजर

### खेल मैदान में कचरों का अंबार खिलाड़ी कैसे करें अभ्यास

**उरीमारी।** सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड (सीसीएल) के बरका-सयाल एरिया में आज खेल और खिलाड़ी हाशिये पर हैं। कोलियरी का इतिहास करीब 60-65 वर्ष पुराना है। पर इन वर्षों में यहां न तो कोई बढ़िया स्टेडियम बन पाया और न ही कोई खेल मैदान बेहतर रूप ले पाया। यदि इतिहास के झरोखों में जाएं तो 25-30 वर्षों में सीसीएल प्रबंधन ने यहां एक भी बेहतर खेल मैदान अपने बूते नहीं दिया है। यहां खेल मैदानों का जो भी निर्माण हुआ है, वो 30-35 वर्ष पहले ही हुआ है। हां बीच-बीच में आयोजन के हिसाब से कुछ मरम्मत भर कार्य जरूर हुआ है। बरका-सयाल में मौजूदा समय में करीब 2 लाख की आबादी पर 5 बड़े खेल मैदान और स्टेडियम है।

### बुजुर्गों की हो नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर मिले पेंशन

**रामगढ़ ।** भारत जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश में परिवार को समाज की सबसे महत्वपूर्ण इकाई माना जाता है। परिवार में बुजुर्गों को विशेष सम्मान प्राप्त होता है, क्योंकि वे अनुभव, ज्ञान और मार्गदर्शन का भंडार होते हैं। किंतु आधुनिक जीवनशैली, भागदौड़ भरी जिंदगी और बदलते सामाजिक मूल्यों के कारण वृद्धजनों की उपेक्षा बढ़ने लगी है। इस स्थिति में वृद्धाश्रम की अवधारणा सामने आई, जो आज के समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वृद्धाश्रम एक ऐसा स्थान है जहां बुजुर्गों को रहने, खाने-पीने, चिकित्सा, मनोरंजन और देखभाल की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। ये आश्रम उन बुजुर्गों के लिए सहारा बनता हैं, जिन्हें उनके परिवार ने छोड़ दिया हो, या जो अपने परिवार के साथ रह पाने में असमर्थ हो।

### दयाल स्टील में मजदूरों को देना होगा हक और अधिकार : संतोष महतो

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता संतोष महतो और नगर अध्यक्ष पवन महतो के नेतृत्व में उपायुक्त से मिला। इस दौरान बताया कि मुख्यालय के समीप संचालित दयाल प्लांट में श्रम कानून का घोर उल्लंघन हो रहा है। मजदूरों को सिर्फ.दो केटेगरी में काम कराया जा रहा है। साथ ही आठ घंटे के सैलरी में 12 घंटे काम लिया जाता है। प्रबंधन के खिलाफ आवाज उठाने वाले मजदूरों को किसी न किसी बहाने काम से निकाल दिया जाता है। मामले की जांच कर मजदूरों को हक और अधिकार दिलाने का आग्रह किया गया। उपायुक्त ने जल्द कार्रवाई की बात कही। जेएलकेएम केंद्रीय सचिव ने पत्रकारों से कहा कि दयाल स्टील को मजदूरों का हक और अधिकार हरहाल में देना होगा।

मन की बात कार्यक्रम और संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को लेकर भाजपा ने की बैठक

# कार्यकर्ता सकारात्मक और ऊजार्वान होकर अपने दायित्व का निर्वहन करें : शशि भूषण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
मन की बात कार्यक्रम और संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में बुधवार को दोपहर 12:30 बजे बिजुलिया तालाब रोड स्थित ब्रह्मर्षि धर्मशाला बैठक हुई। बैठक में जिला प्रभारी शशि भूषण भगत विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश में संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया शुरू है। बूथ समिति के गठन के बाद अब मंडल अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सभी मंडल चुनाव अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक मंडल से चार कार्यकताओं के नाम का चयन कर उसकी सूची बनाकर जिला चुनाव अधिकारी को दे देना है। उन्होंने कार्यकताओं को साकारात्मक और ऊजार्वान होकर अपने दायित्व बोध को पूरा करने का आग्रह किया। वहीं, जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता द्वारा स्वागत भाषण और विषय प्रवेश कराते हुए मन की बात कार्यक्रम को जो 30 मार्च को तय है उसकी तैयारी को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। बैठक की शुरूआत भाजपा के प्रेरणा पुंज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर मंच पर आसीन जिला प्रभारी शशि भूषण भगत, जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता और अतिथियों द्वारा किया गया । धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय जायसवाल द्वारा किया गया।बैठक में वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, अनुसूचित जाति प्रदेश मंत्री विनोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष स्नेहलता चौधरी,जिला महामंत्री विजय जायसवाल, जिला मंत्री एवं कैंट मंडल सांसद प्रतिनिधि सरदार अनमोल सिंह, जिला मंत्री किरण देवी ,लक्ष्मी देवी, संजय प्रभाकर, रंजीत पांडेय,जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान, जिला आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू, जिला कार्यालय सह मंत्री अर्जुन यादव, कुश श्रीवास्तव, शीतल सिंह,रिंकू प्रसाद, संजय कुमार रजक, शंकर करमाली, मंडल चुनाव अधिकारी पंकज साह,मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, संजय कुमार साह, बबलु साव ,गणेश प्रसाद स्वर्णकार, संजीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन कुमार वर्मा, नगर महामंत्री ऋषिकेश सिंह,मिथिलेश मण्डल ,जितेन्द्र साहू, निरंजन कुमार, रीता मानसत्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### गाजे-बाजे के साथ निकाली गई मंगला शोभायात्रा




**रामगढ़।** होली के बाद से ही रामनवमी की तैयारियां शुरू हो जाती हैं और होली के बाद पड़ने वाले मंगलवार को रामनवमी के लिए मंगला जुलूस निकालने की पौराणिक परंपरा है। इसी क्रम में होली के बाद के दूसरे मंगलवार को रामनवमी को लेकर भुरकुंडा में भव्य मंगला शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई, जिसमें विभिन्न अखाड़ों के लोग और बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। यह मंगला जुलूस रामनवमी मैदान से भुरकुंडा थाना मैदान तक निकाला गया। शोभायात्रा के दौरान सड़कों पर राम भक्तों का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। पारंपरिक हथियारों के साथ राम भक्त नाचते-गाते नजर आए।

### रामगढ़ में खुला जीएस फैमिली सैलून शहरवासियों को उच्चस्तरीय सेवा होगी उपलब्ध



**रामगढ़।** शहर में बुधवार को एक नए और आधुनिक जीएस फैमिली सैलून का उद्घाटन हुआ । यह सैलून शहर के बिजुलिया में स्थित है और यहां पर पुरुष, महिला और बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की सैलून संबंधी सेवाएं उपलब्ध होंगी। जीएस सैलून परिसर में विधिवत पूजा अर्चना की गई। यजमान शोभा शाह व उनकी पत्नी मंजू देवी ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर सैलून का उद्घाटन किया। मौके पर सैलून के संचालक राकेश कुमार ने बताया कि यह सैलून शहरवासियों को उच्चस्तरीय सेवा प्रदान करने के लिए खोला गया है। यहां पर ग्राहकों को सुरक्षा के साथ-साथ बेहतर सेवा की गारंटी भी मिलेगी। सैलून में महिलाओं के लिए अत्याधुनिक सिस्टम से लैस महिला कारीगर उपलब्ध होंगी, जो महिलाओं को विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करेंगी। इसके अलावा, सैलून में पुरुषों और बच्चों के लिए भी विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध होंगी। सैलून के उद्घाटन समारोह में काजल कुमारी, फुलमनी कुमारी, उजाला वर्मा, पूजा कुमारी, राजेंद्र राम, नीतू देवी, अक्षय कुमार, पीयूष यादव, प्रिंस यादव, मुकेश सोनी, अभिषेक सोनी, नीतीश कुमार, नितेश कुमार, सरोज कुमार, अभिषेक कुमार, अनुराधा कुमारी, गुड्डू यादव, गोलू यादव आदि उपस्थित थे ।

सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस सपरिवार पहुंचे रजरप्पा

# मां छिन्नमस्तिका का लिया आशीर्वाद



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
विगत दिनों हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अपने सांसद प्रतिनिधियों की घोषणा की थी। जिसमें उन्होंने रामगढ़ जिला में जनहित के मुद्दों पर हमेशा आंदोलन करने वाले भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस को अपना सांसद प्रतिनिधि(मीडिया) बनाया है। इस घोषणा के बाद बुधवार को नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने सपरिवार रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका के दरबार में पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया एवं रामगढ़ वासियों के कल्याण की कामना की। सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि हजारीबाग के लोकप्रिय सांसद आदरणीय मनीष जायसवाल लगातार हजारीबाग जिला व रामगढ़ जिला के लोगो के हित में सड़क से लेकर सदन तक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने जिस भरोसे के साथ मुझे अपना प्रतिनिधि बनाया है उस भरोसे को कायम रखने के पूरे प्रयास के साथ रामगढ़ के आम नागरिकों के हित में काम करने की ताकत मिले इसके लिए मां छिन्नमस्तिका का आशीर्वाद लेने सपरिवार आए है। और क्षेत्र वासियों के कल्याण की कामना किए हैं। रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका के मंदिर में सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस के साथ उनकी धर्म पत्नी पूजा कुमारी,बहन रीमा कुमारी,बहनोई गोपाल व उनके भाई मनीष,बेटी दित्या पुटूस और भांजा हर्षवर्धन भी उपस्थित होकर पूजा अर्चना में शामिल हुए।

डीडीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जल व स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

# गांवों में सोखता गड्ढा का निर्माण सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

*अभियान के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत में जलापूर्ति योजनाओं को चिन्हित कर उनकी मरम्मती कराई जानी है*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभा कक्ष में जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह द्वारा उप विकास आयुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस वर्ष गर्मी के मौसम में जिलेवासियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभियान मोड में कार्य करने का निर्णय लिया गया है। अभियान के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत में जलापूर्ति योजनाओं को चिन्हित कर उनकी मरम्मती कराई जानी है। इस संबंध में उन्होंने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को प्रखंड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त हो रहे प्रतिवेदन के आधार पर सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं सहित अन्य को पंचायत वार टैग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। ओडीएफ प्लस गतिविधियों की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने वैसे गांव जिनकी वर्तमान में ओडीएफ प्लस के तहत किसी भी स्तर में रैंकिंग नहीं की गई है उन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द से सोखता गड्ढा का निर्माण सभी गांव में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र निर्माण के संबंध में जानकारी देने के क्रम में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि जिले के मांडू एवं गोला प्रखंड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र का निर्माण किया जाना है जिसमें मांडू प्रखंड में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं विद्युत कनेक्शन होने के उपरांत केंद्र का संचालन शुरू किया जाएगा। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने विद्युत विभाग के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करते हुए केंद्र का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया।

राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई शोभायात्रा

# प्रतिमा के साथ किया नगर भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के गोरहर गाजीहरा टोला में नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभा यात्रा निकाली गई एवम प्रतीमा के साथ नगर भ्रमण किया गया। वहीं गोरहर में निर्मित राधा कृष्ण धर्मशाला का जीर्णोद्धार किया गया । तत्पश्चात राधा कृष्ण के मंदिर का विधिवत उद्घाटन किया जाना है। जहां मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम, माता जानकी,भ्राता लक्ष्मण और राधा कृष्ण की प्रतिमा को विधिवत पूजा अर्चना के साथ स्थापित किए जाएंगे। कार्यक्रम को लेकर महतो समाज के द्वारा रथ पर सवार कर भगवान की प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण का शुभारंभ गाजीहरा रोड स्थित राधा कृष्ण धर्मशाला से गाजे बाजे के साथ निकाला गया, जिसमे सैकड़ों की संख्या में महिला,पुरुष और बच्चे शामिल हुए। नगर भ्रमण की यात्रा कटहल टोला,रंगीनियां टोला,पासवान टोला, गोरहर चौक होते हुए वापस गजीहरा पहुंचे । इस दौरान जुलूस में शामिल श्रद्धालुगण हाथो में भगवा ध्वज लेकर झुमते दिखे । वहीं पूरा क्षेत्र जय श्री राम के नारे से गुंज उठा। आकर्षक रूप से सजे रथ पर भगवान श्रीराम, माता जानकी, भ्राता लक्ष्मण और वीर हनुमान की प्रतिमा विराजमान थे। मौके पर मुखिया प्रेमिका कुमारी, समाजसेवी रामटहल महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष भीमसेन कुमार, संजय, विजय, राजु, किशोर समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### महिला पर्यवेक्षिकाओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया स्मार्ट फोन

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार बुधवार को समाहरणालय सभागार में पोषण अभियान के अंतर्गत स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, डीपीओ पंक्ति तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा एवं सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक निवेदिता रॉय ने संयुक्त रूप से जिला अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिकाओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा ने कहा कि मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार के प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर आंगनबाड़ी सेविकाओं, महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं हेल्प डेस्क के लिए विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए स्मार्ट फोन का वितरण किया गया है।

तीन मासूम बच्चों के साथ न्याय के लिए भटक रही महिला

# उपायुक्त से लगाई न्याय की गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मासीपीढ़ी निवासी काजल कुमारी, पति राजेश मंडल न्याय की खातिर मंगलवार को डीसी के जनता दरबार में आवेदन देकर न्याय की फरियाद की है। उसने जनता दरबार में दिए आवेदन में फरियाद करते हुए कहा है कि मेरी शादी 2019 में बगोदर स्थित हरिहर धाम मंदिर में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद मेरे पति शराब पीकर मारपीट करते थे। मेरे पति मुझे अपने साथ मुंबई ले गए। वहां कुछ दिन ठीक से रही। इसके बाद मेरे साथ मेरे सास, पति और ससुराल परिवार ने मेरे विरुद्ध साजिश रची। लेकिन हम उनके साजिश से अनजान थे। मेरे पति मुंबई में मुझे दो बच्चों के साथ अकेले छोड़कर घर वापस आ गए। मैं मुंबई से दो बच्चों के साथ वापस लौटी। उस समय मैं गर्भवती थी। मुझपर मेरे सास,पति और अन्य परिवार प्रताड़ित करते हुए चरित्र पर लांछन लगाकर घर से निकल दिया। आवेदन में काजल ने कहा है कि मेरे पति अभी भी रखना चाहते हैं। लेकिन मेरी सास मेरे पति को नहीं रखने की बात करती है। उसने डीसी से न्याय की गुहार लगाई है।

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग हजारों का सामान जलकर राख



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेलकपी पंचायत अंतर्गत बंडासिंगा के रविदास टोला निवासी लोकनाथ रविदास के घर में बुधवार दोपहर करीब 1:00 बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से घर में आग लग गई। आग लगने से घर में रखे अनाज सहित इलेक्ट्रॉनिक सामान,बर्तन व नकद समेत लाखों का सामान जल गया ।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बेलकपी के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा ने घटना की जानकारी गोरहर थाना को दी । तत्पश्चात गोरहर थाना के एएसआई निरंजन कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का मुआयना किया। वहीं मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा ने कहा बरकट्ठा क्षेत्र में आए दिन इस प्रकार की घटना होती रहती है। इसलिए यहां एक फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था होनी चाहिए। जिससे आग पर अविलंब काबू पाया जा सके। भुक्तभोगी लोकनाथ रविदास अंचल अधिकारी को पत्र लिखकर मुआवजा की मांग की है।

विधानसभा में गूंजा हजारीबाग हिंसा का मुद्दा

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार को घेरा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
विश्वविख्यात रामनवमी महोत्सव की तैयारियों के बीच दूसरे मंगला जुलूस के दौरान हुई पथराव की घटना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए इस कृत्य से शहर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन को हवाई फायरिंग करनी पड़ी, जिसके बाद हालात सामान्य हो पाए। यह घटना धार्मिक सौहार्द और शांति भंग करने का एक षड्यंत्र प्रतीत होती है, जिस पर प्रशासन को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

#### विधानसभा में विरोध, सदर विधायक ने उठाया मामला

इस घटना को लेकर बुधवार को झारखंड विधानसभा में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जोरदार विरोध जताया और सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने राज्य सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की कि आखिर झारखंड में इस तरह की घटनाएं क्यों हो रही हैं और दोषियों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई है? उन्होंने कहा कि सरकार को हजारीबाग और पूरे झारखंड को कश्मीर बनाना बंद करना होगा इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा समर्थित सभी विधायक धरने पर बैठे, जिनके साथ नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित रहे। भाजपा विधायकों ने एक स्वर में इस घटना की कड़ी निंदा की और राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया। सभी अपने-अपने हाथों में तख्ती लेकर प्रदर्शन करते हुए नजर आए सभी तख्ती में अलग-अलग श्लोक लिखे हुए थे.

#### सदर विधायक की अपील और प्रशासन से मांग

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने आम जनता से अफवाहों से दूर रहने की अपील की और कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना से बचें तथा प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने जिला पुलिस और प्रशासन से आग्रह किया कि दोषियों को कठोरतम दंड दिया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

पथ निर्माण व मरम्मती को लेकर विधायक गंभीर

# तारांकित प्रश्नों के माध्यम से सदन में किया सवाल



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
झारखंड विधानसभा के चालू बजट सत्र में बरही विधायक मनोज कुमार यादव क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गंभीर है. अपने विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से वह क्षेत्र की समस्याओं को लगातार सदन के पटल पर रखने का काम कर रहे है. इसी क्रम में विधायक ने ग्रामीण विकास मंत्रालय से अपने तारांकित प्रश्नों के माध्यम से चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोल्हुआकला पंचायत भवन से ताराघाटी मार्ग के अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं होने और तिलैया रोड से चौपारण की ओर जाने वाले नहर रोड से जीटी रोड तक के मार्ग की जर्जर स्थिति के निर्माण नही होने से उत्पन्न समस्याओं को सरकार के समक्ष रखा. साथ ही इसके निर्माण संबंधित योजनाओं की जानकारी मांगी. विभागीय मंत्री ने विधायक के सवाल को उचित बताते हुए दोनों मार्गों को विधायक के अनुशंसा व विभागीय नीति तथा बजट के आधार पर अगले वित्तीय वर्ष में निर्माण कार्य पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है. उक्त जानकारी विधायक के निजी सचिव भूपेंद्र यादव ने प्रेस बयान जारी कर दिया.

कंप्यूटर साक्षरता की दक्षता व व्यक्तिगत विकास पर एकदिवसीय कार्यशाला

# वर्तमान समय में कंप्यूटर की शिक्षा हर एक के लिए आवश्यक : प्राचार्य

*एसेंचर के वाइस प्रेसिडेंट रियाज अहमद ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान बताते हुए वर्तमान समय में इसकी अनिवार्यता पर जोर दिया*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही एवं स्प्रिंट कौशल विकास के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसका मुख्य विषय कंप्यूटर में दक्षता और व्यक्तिगत विकास पर चर्चा था. कार्यशाला में महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी सहित सैकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने कंप्यूटर की महत्ता पर प्रकाश डाला और महाविद्यालय में त्रैमासिक कंप्यूटर कोर्स प्रारंभ करने की बात कही. एसेंचर के वाइस प्रेसिडेंट रियाज अहमद ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान बताते हुए वर्तमान समय में इसकी अनिवार्यता पर जोर दिया. प्रो डॉ अजय कुमार रंजन ने एनईपी- 2020, एनएएसी के बारे में कंप्यूटर और कौशल विकास से संबधित प्रेजेंटेशन दिया. स्प्रिंट के सहयोगी ने 15 अप्रेल से कोर्स का शुभारंभ करने की बात कही. जिसके लिए 10 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी. डॉ बी डी मोदी ने अधिकाधिक विद्यार्थियों को इस कोर्स में नामांकन लेने की बात कही. कार्यशाला का समापन एक्यूरेसी कॉर्डिनेटर डॉ रामानुज कुमार के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ. कार्यक्रम में प्राचार्य सहित डॉ अरुणा रानी, डॉ अजय रविदास, डॉ कुमारी सुषमा, डॉ बद्री साव, डॉ अरुण रामानुज, डॉ नैयर इकबाल, डॉ सरिता सिन्हा, डॉ अजय प्रताप सिंह, डॉ ए सी बसु, डॉ बी डी मोदी, डॉ अशोक कुमार, हरेंद्र सिंह, दिनेश यादव, त्रिभुवन यादव, निर्मला, शिवाली, संतोष कुमार आदि कई विद्यार्थी मौजूद थे.

### ईद रामनवमी चैती दुर्गा पूजा छठ एवं सरहुल को लेकर हुई जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक

# अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में सरहुल, ईद, रामनवमी पर्व एवं चैती दुर्गापूजा,चैती छठ 2025 के अवसर पर शांति समिति की बैठक हुई। शांति समिति की बैठक में सरहुल, ईद, रामनवमी पर्व एवं चैती दुर्गापूजा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। शांति समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि इस वर्ष दिनांक- 31 मार्च को ईद मनाया जायेगा। जिसमें निर्धारित मस्जिदों और ईदगाह में ईद का नमाज पढ़ा जाएगा। समिति के सदस्य ने बताया कि ईद-उल-फितर के दिन ईदगाह मोहल्ला सिमडेगा में 07:30 बजें, जामा मस्जिद टाउन, सिमडेगा में 07:00 बजें, गौसिया मस्जिद खैरनटोली 07:00 बजें, गरीब नवाज मस्जिद आजाद बस्ती में 08:00 बजें एवं रजा मस्जिद इस्लामपुर भट्टीटोली में 08:30 नमाज की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि अगर मौसम खराब रहने पर हकी मस्जिद आजाद बस्ती 7:30 बजें, मस्ज़िद खतिजुल्ल कुबरा खैरनटोली 07 :30 बजें, मस्ज़िद बेलाल खैरनटोली 7:45 बजे, मस्जिद फातमा खैरन टोली 7:45, बजे, मदीना मस्जिद इस्लामपुर भट्टी टोली 8:00 बजें, मक्का मस्जिद ईदगाह मोहल्ला। 8:00 बजें एवं मस्जिद द नूर खैरन टोली 08:00 बजें इन सभी मस्जिदों में भी नमाज होगी।वहीं दिनांक 01 अप्रैल को सरहुल भी मनाया जायेगा। इस अवसर पर सलडेगा सरना स्थल से जुलूस निकाली जाएगी जो प्रिंस चौक, महावीर चौक होते हुए नीचे बाजार पेट्रोल पंप तक जाएगी। इसके बाद जुलूस मुख्य पथों से गुजरते हुए पानी टंकी के निकट सरना स्थल पहुंचेगी, यहां पर कार्यक्रम का विधिवत रूप से समापन किया जाएगा।



6 अप्रैल को रामनवमी की जुलूस निकली जायेगी। इसके पूर्व 03 अप्रैल को वादन, अखाड़ा, गोहार एवं 04 अप्रैल को शो-गेम एवं 05 अप्रैल को होगी इस ।।ज़।।,।, महावीर चौक पर हर दिन शाम में बैरिकेटिंग कर कार्यक्रम होंगे।इस दौरान वाहनों का परिचालन झूलन सिंह चौक से कॉलेज रोड होते हुए भट्टीटोली होकर जायेगी। चैती छठ पूजा 03 और 04 अप्रैल को होगी। इस हेतु उपायुक्त महोदय ने केलाघाघ छठ घाट एवं छठ तालाब का साफ सफाई करने हेतु नगर प्रशासक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। चैती दुर्गा पूजा में सलडेगा एवं ठाकुर टोली में पंडाल बनाया जायेगा।जिसमे कलश स्थापना 30 मार्च 2025 को तथा विसर्जन 7 अप्रैल को होगी।बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सरहुल और रामनवमी जुलूस निर्धारित रूट से हीं निकलने इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। ईद, सरहुल एवं रामनवमी त्योहार को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट तथा सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप ग्रुप द्वारा प्रसारित खबरों पर कड़ाई से निगरानी रखने की बात कहीं। सिमडेगा शहरी क्षेत्र में रामनवमी त्योहार के पूर्व से लगे सभी सीसीटीवी कैमरा को क्रियाशील बनाने एवं सरहुल एवं रामनवमी जुलूस की सभी गतिविधियों की वीडियोग्राफी करने एवं ससमय प्रतिवेदन अनुमंडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जुलूस मार्ग, अखाड़ा एवं पूजा स्थलों पर लाइट एवं पेयजल की व्यवस्था करने के साथ-साथ महावीर चौक से भट्टीटोली तक लाइट की व्यवस्था कराने हेतु पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, सिमडेगा को भ्रमण कर लाइट की व्यवस्था का मूल्यांकन करते हुए लाइट की सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने पूजा स्थान एवं अखाड़ा का साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। सरहुल एवं रामनवमी जुलूस के समय एंबुलेंस सहित जीवन रक्षक दवाइयों के साथ मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति करने के लिए सिविल सर्जन को निर्देश दिये गये।त्योहारों के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनाने की परम्परा रही है। इस बार भी सौहार्द एवं शांति पूर्ण वातावरण में मनाने की व्यवस्थाओं को पुलिस प्रशासन के द्वारा बहाल की जायेगी। अगर किसी भी प्रकार की कहीं पर घटनाएं घटती हैं तो तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को पहुंचाने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि जो भी अफवाह फैला कर माहौल खराब करने की कोशिश करेगा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र में निकलने वाले जुलूस मार्ग की भौतिक सत्यापन कर ले। किसी समिति द्वारा जुलूस मार्ग में परिवर्तन ना हो इस सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस फोर्स की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया।

## डीसी की अध्यक्षता में स्पॉन्सर योजना से संबंधित कार्य को लेकर की समीक्षा

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित बालक/बालिकाओं के अनुश्रवण एवं योजना से जोड़ने की स्वीकृति हेतु अनुमोदन एवं सुरक्षा का स्थान, सिमडेगा में परीवीक्षा पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति से संबंधित नियुक्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 'स्पॉन्सरशिप' योजना से जुड़े 149 बालक/बालिकाओं की वस्तु-स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान बाल संरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व से स्वीकृत 149 बालक/बालिकाओं के



भुगतान हेतु वर्तमान में पर्याप्त आवंटन उपलब्ध नहीं होने के कारण सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से उपलब्ध राशि 3,76,000/- सूची कमांक 01 से 94 तक अंकित बालक/बालिकाओं को माह दिसम्बर 2024 तक निर्धारित राशि का भुगतान हेतु निर्णय लिया गया। वहीं शेष 55 बालक / बालिकाओं को आवंटन उपलब्ध होने के उपरांत माह दिसम्बर 2024 से अगामी माह तक का भुगतान किया जायेगा। उपायुक्त महोदय ने भुगतान हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन दिया।इसके पश्चात् 'स्पॉन्सरशिप' योजना से जोड़े जाने हेतु बाल कल्याण समिति द्वारा कुल 60 बालक/बालिकाओं की सूची प्राप्त हुई है जिसकी स्क्रूटनी उपरांत एस एफ सी ए सी के समक्ष प्रस्तुत किये जाने से संबंधित जानकारी SFCAC के सभी सदस्यों को दी गई। बैठक के दौरान सुरक्षा के स्थान पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति से संबंधित मामलों पर भी चर्चा की गई। तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सुमित्रा बड़ाइक, डीआईओ गौरव कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा सहित बाल संरक्षण कार्यालय के कर्मी गण उपस्थित थे।

## पीएम श्री गवर्नमेंट सेकेंडरी स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पीएम श्री गवर्नमेंट सेकेंडरी स्कूल खैरनटोली में बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए भाषण,चित्रांकन,डांस आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। साथ ही विभिन्न अतिथियों द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। मौके पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जहां स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों का स्वास्थ्य जांच किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल के पूर्व प्राचार्य सज्जाद अली मौजूद थे। मौके पर स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चीफ एलएडीसीएस ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा का बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग अपने बच्चों को सही शिक्षा दें। शिक्षा से ही सही चरित्र का निर्माण होता है। उन्होंने विद्यालय परिवार के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि कम संसाधन में भी यहां के शिक्षक बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की कोशिश कर रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा हासिल करने में अभाव कभी आड़े नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि मां बाप अपने बच्चों को सही शिक्षा दें। कार्यक्रम में सज्जाद अली ने कहा कि प्राथमिक से शुरू होकर आज उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होकर क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। इससे पूर्व आगंतुकों का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य रेहान अजीज ने विद्यालय के उपलब्धियों के बारे जानकारी दी। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले आफरीन तबस्सुम,पेंटिंग में राहुल कुमार,डांस में राखी एंड ग्रुप को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जमील अंसारी और धन्यवाद ज्ञापन शंभु नाथ प्रधान ने किया।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा बानो प्रखंड कमेटी का हुआ पुनर्गठन

**बानो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संयोजक मंडली की ओर से केंद्रीय नेतृत्व को भेजे गए पत्र के आलोक में बानो प्रखंड समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें प्रखंड के अध्यक्ष अनिल लुगुन, उपाध्यक्ष आलोक बारला, तनवीर हुसैन, तुरतन गुड़िया, लोरेंस बागे, सचिव अमित बडिंग और कोषाध्यक्ष जगदीश बागे को नियुक्त किया गया।नई कमेटी गठन के उपरांत झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी बानो के नव नियुक्त प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष अनिल लुगुन,उपाध्यक्ष आलोक बरला,लॉरेंस बागे,तुरतन गुड़िया एवं साहूबेड़ा पंचायत कमेटी के सचिव कमिल डांग ने जिला संयोजक मंडली प्रमुख अनिल कंडुलना,जिला संयोजक मंडली सदस्य सफीक खान एवं झामुमो पूर्व कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा के साथ मुलाकात किया।यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। जिला संयोजक मंडली के प्रमुख अनिल कांडुलना एवं सफीक खान के द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारीयों को बुके देकर शुभकामनाएं दी गई।

## सरहुल, ईद एवं रामनवमी, त्यौहार को लेकर शान्ति समिति की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा थाना परिसर में सरहुल, ईद एवं रामनवमी त्यौहार को लेकर शान्ति समिति की हुई बैठक इस मौक़े पर बैठक में सरहुल त्यौहार की जानकारी ली गई।बताया गया की सरहुल त्यौहार एक अप्रैल को बोलबा प्रखंड मुख्यालय एवं 2 अप्रैल की कुंदूरमुंडा पड़हा समिति एवं सरना समिति की अगुवाई में सरहुल त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा।वहीं रामनवमी का त्यौहार 6अप्रैल की पूजा के बाद जुलुस निकाला जाएगा एवं अखाडा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बोलबा प्रखंड मुख्यालय में आसपास के गाँव के लोग जुलुस के साथ आएंगे और कार्यक्रम में भाग लेंगे। वहीं अवगा गाँव में आस पास के लोग शामिल रहेंगे जबकि वन दुर्गा का जुलुस केरसई चली जायगी. ईद त्यौहार मनाने वालों की संख्या नहीं. होने के कारण इस पर अधिक चर्चा



नहीं हुई।इस मौक़े पर साइबर क्राइम रोकने, वाहन दुर्घटना कम करने, मोटरसाईकिल चलाते समय हेलमेट लगाने, अवैध रूप से शराब बिक्री पर रोक लगाने, बकरी चोर को पकड़ने, जानवर तस्कर को पकड़ने, गांजा बिक्री पर रोक, स्कूल के अगल बगल ताड़ी एवं गुटका बिक्री पर रोक लगाने एवं अन्य महत्वपूर्ण बिदुओ पर. चर्चा किया गया. इस मौक़े पर अंचल अधिकारी. सुधांसु पाठक, नए थाना प्रभारी संतोष कुमार राय, थाना प्रभारी सोनू पाठक, ए0एस0आई0 अजेंद्र सिंह मुखिया सूरजन. बड़ाइक, बिनोद बड़ाईक,उप प्रमुख आमंत्रण मांझी, जोगेंद्र मांझी, ममता केरकेत्ता, माधव सेनापति, निर्मल सिंह, हीरालाल प्रधान, रामेश्वर मांझी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### लचरागढ़ रामनवमी समिति के अध्यक्ष बने नितिश गोयल और सचिव अंकित अग्रवाल

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ हनुमान मंदिर परिसर में रामनवमी पुजा समिति की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता राम अवतार अग्रवाल ने किया। बैठक में रामनवमी पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ बनाने का निर्णय लिया गया।रामनवमी के अवसर पर भव्य जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया।जुलूस मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर देवी गुड़ी चौक पहुंचेगी जहां विभिन्न संगठनों के द्वारा रामनवमी जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया जाएगा।इसके बाद जुलूस हनुमान मंदिर परिसर पहुंचेगी जहां अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।हनुमान युवा मंच समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष नीतीश गोयल उपाध्यक्ष नीरज साव कोषाध्यक्ष अंकित साहू सचिव अंकित अग्रवाल को बनाया गया।9:30 बजे के दिन झंडा पूजा 9:30 होगी यजमान के रूप में गौतम जैन और पुरोहित के रूप में प्रमोद पांडा उपस्थित रहेंगे। बैठक में अजय साहू,मनोज अग्रवाल,राम अवतार अग्रवाल,मनोज सेठिया,प्रभात सेठिया,गोलू अग्रवाल,रिकी अग्रवाल,दीपू जैन,आनंद जैन,विनय अग्रवाल,राजेश अग्रवाल,टोनी अग्रवाल,राजू साहू,कृष्ण अग्रवाल,रामू अग्रवाल,रतन अग्रवाल,टिल्लू अग्रवाल, अजय अग्रवाल,विजय साहू, सिन्हा मास्टर,पवन अग्रवाल प्रमोद पांडा के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास, 20 हजार रुपये जुर्माना

**सिमडेगा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा की अदालत ने हत्या के एक मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।मामला पाकरटांड़ थाना कांड संख्या 01/20, दिनांक 11.01.2020 से जुड़ा है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और डायन हत्या प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत अभियुक्त निरोज बिलुंग उर्फ निरोज टोप्पो (पिता- स्व. सुकरा बेहरा उर्फ इलियाजार टोप्पो, ग्राम- सरखुटोली धनधेरा, थाना- पाकरटांड़, जिला- सिमडेगा) एवं मनोज बिलुंग उर्फ मनोज टोप्पो सरखुटोली धनधेरा, थाना- पाकरटांड़ को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई गई।सिमडेगा पुलिस के वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रभावी अभियोजन के कारण सभी गवाहों को समय पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिससे न्यायालय ने कठोर दंड का निर्णय लिया। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक निशी कच्छप ने पैरवी की।

### पोक्सो अधिनियम के तहत आरोपी को 20 वर्ष की सजा, 40 हजार रुपये का जुर्माना

**सिमडेगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा की अदालत ने जलडेगा (ओडगा) थाना क्षेत्र में दर्ज पोक्सो अधिनियम के मामले में आरोपी को 20 वर्ष के कारावास और 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मामला जलडेगा (ओडगा) थाना कांड संख्या 29/22, दिनांक 05.09.22 से जुड़ा है अभियुक्त सुरेश मांझी हुटुबदा गंझूटोली को दोषी करार दिया गया।सिमडेगा पुलिस के वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रभावी अभियोजन के कारण सभी गवाहों को समय पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिससे न्यायालय ने कड़ी सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक अमर कुमार चौधरी ने पैरवी की।

### आंगनवाड़ी केंद्र नवागांव की रसोइया की कुएं में गिरने से मौत

**बानो।** आंगनवाड़ी केंद्र नवागांव की रसोइया कमला कुल्लू (42 वर्ष) की कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना नवागांव चिरुबेड़ा की है, जहां वह मछली देखने के लिए कुएं के पास गई थीं और अचानक संतुलन बिगड़ने से कुएं में गिर गईं।परिजनों ने तुरंत उन्हें कुएं से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बानो पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना बानो पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे से गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### बोलबा प्रखंड के मच्छकट्टा गांव में पेयजल संकट गहराया

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के मालसाड़ा पंचायत अन्तर्गत मच्छकट्टा ढावठा टोली गाँव में पेयजल संकट गहराया. ग्रामीणों ने बताया कि गाँव में एक. चापाकल है जहाँ से लोग पानी पीने के लिए ले जाते थे. किन्तु अब उस चापाकल में पानी गर्मी शुरू होने से पहले ही मार्च



महीने में ही पानी खत्म हो जा रहा है. चापाकल में जो पहले पानी भरने जाता है उसी को पानी मिलता है. बाकी लोगों को काफ़ी देरी इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव के कुछ दुरी पर एक खेत में एक डाड़ी है वहाँ का पानी ग्रामीणों ने पीने का उपयोग में ला रहे हैं. किन्तु गर्मी में वहाँ का पानी भी गर्मी सुख जाता है. ग्रामीणों ने बताया कि इस बार हमलोग कहां का पानी पिएंगे हमलोग खुद नहीं बता पा रहे है हर घर नल जल योजना के तहत सभी गांवो में बोरिंग करके मिनी जलमीनार लगाया गया तथा हर घरों में शुद्ध पेयजल दिया गया किन्तु मच्छकट्टा ढावठा टोली गाँव में यह सुविधा.नहीं दिया गया।इस सम्बन्ध में मालसाडा पंचायत के मुखिया बिनोद बड़ाइक ने कहा कि अभी फंड नहीं है. ज़ब फंड आएगा तो वहाँ पानी की सुविधा कर दिया जाएगा. इस मौक़े पर अजित लकड़ा, जोसफ कुजूर, कमल मांझी, सुरजू सिंह, सुमित लकड़ा, सविता देवी, सिपरियन कुजूर एवं अन्य ग्रामीणों मौजूद थे।

## तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हुआ भव्य कलश यात्रा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो प्रखंड के नौमील महुआटोली में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह हुनमान मंदिर उदघाटन समारोह के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा 1001 महिलाओ ने भाग लिया। कलश यात्रा नौयील महुआटोली कार्यक्रम स्थल से आरंभ होकर कोयल नदी पहुची। जहां वैदिक मंत्रोच्यार के साथ कलश मे जल भरा गया इसके बाद कलश यात्रा पाडो होते हुए यग स्थल पहुंची। इस दौराण जय श्री राम, जय हुनमान के नारो से क्षेत्र गुंजयमान रहा। इसके बाद मंदिर परिसर से हुनमान के प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण किया गया। लोग नाचते गाते नगर भ्रमण मे शामिल हुए। नगर भ्रमण यग स्थल से आरंभ होकर पाडो पहुंची। प्रतिमा को मंदिर मे स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया।इसके तीन दिनो धा्मिक अनुष्ठान आरंभ किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य यजमान के रूप में दामोदर सिंह सह पत्नी वृंदावन देवी व पंडित श्याम सुंदर मिश्रा व प्रेमसागर मिश्रा महादेव दास ने पुजा अनुष्ठान कराया। गुरूवार को अधिवास व नामकरण के साथ अखंड हरि कीर्तन आरंभ किया जयेगा।शुक्रवार को पुर्णाहुति व नगरभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इस अवसर पर अध्यक्ष मोहन महतो सचिव भुवनेश्वर सिंह कोषाध्यक्ष दामोदर सिंह,महाभारत सिंह उमाशंकर सिंह गोकुल सिंह प्रेमचंद साहू, श्रीनिवास सिंह भोला महतो प्रहलाद सिंह पीतांबर सिंह बहुरन बरवा हेमंत लोहार, गौतम सिंह, राममोहन महतो, कृष्णा साहु, किशुन महतो, परशुराम सिंह नौमील महुआटोली पुजा समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।



## लक्की टीवीएस के संचालक ने किया इफतार पार्टी का आयोजन

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत लक्की टीवीएस शोरूम के संचालक सह युवा व्यवसायी सुबोध कुमार के द्वारा दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सैकड़ो की संख्या में रोजेदार सहित बच्चे शामिल हुए।लक्की टीवीएस शोरूम मेन रोड कोलेबिरा के समीप मगरीब की अजान सुनकर कतार में बैठे सभी लोगों ने सबसे पहले खजूर खाकर रोजा इफ्तार किया। इसके पूर्व इफ्तार पार्टी में उपस्थित सभी लोगों ने मुल्क की शांति,सौहार्द,अमन व चैन की दुआ मांगी।इस दौरान टीवीएस शोरूम के संचालक सुबोध कुमार के द्वारा रोजेदारों के लिए कई प्रकार के व्यंजन और फलों की व्यवस्था की गई थी।वही सामाजिक सौहार्द की मिसाल कायम करने के लिए अंग वस्त्र व फूलो की माला पहनकर सम्मानित किया

## पुल में दरार आने से दुर्घटना की आशंका बनी,भारी वाहनों के परिचालन पर रोक की मांग

नवीन मेल संवाददाता


**बानो।** बानो से कामडारा जाने वाली मुख्य सड़क में बानो प्रखंड के सोय नाला स्थित पुलिया में दरार हो गया है,पुलिया के उत्तरी भाग में दो पिलर के मध्य ऊपर से रोड दबता हुआ दिखाई पड़ रहा है जिससे पुल डेंजर जोन में तब्दील हो गया है।ग्रामीणों से सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी निरीक्षण के पुलिया पहुंचे तो देखा कि उक्त दो पीलर को जोड़ने वाली बीम मध्य से टूट गई है।भारी वाहन के संचालन से पुलिया के गिर जाने की आशंका बन गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बानो-कामडारा मुख्य पथ में सोय नाला पुलिया का बीम क्षतिग्रस्त होने के संबंध में पत्र प्रेषित कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त पुलिया के संबंधित विभाग के अभियंता से पुलिया का तत्काल निरीक्षण कराकर मरम्मती/अग्रतर कार्रवाई हेतु निर्देशित करने का आग्रह किया है।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बानो पुलिस को भी पुलिया क्षतिग्रस्त होने की सूचना दी तत्पश्चात बानो पुलिस के द्वारा




क्षतिग्रस्त पुलिया के समीप पहुंचकर एहतियात के तौर पुल के आगे मुख्य सड़क के बीच ड्रम रख कर लोगों को धीरे चलने के लिए आग्रह किया जा रहा है।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पुल में दरार पड़ने से क्षतिग्रस्त हो गया है।पुल कभी भी ध्वस्त हो सकता है।ग्रामीणों ने प्रशासन से बड़े मालवाहक वाहनों का परिचालन पर रोक लगाने की मांग की है।

## कोलेबिरा विधायक ने विधानसभा में सड़क निर्माण कार्य में अवरोध का मुद्दा उठाया

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं मिले और क्षेत्र का समुचित विकास हो, इसके लिए विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी लगातार प्रयासरत हैं। शिक्षा, सड़क, पानी, बिजली और आवास जैसी बुनियादी जरूरतों को लेकर वे सक्रिय हैं। विधानसभा सत्र में विधायक ने क्षेत्र में लंबित सड़क निर्माण कार्यों का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि कई सड़कें सरकार द्वारा स्वीकृत एवं बजट आवंटित होने के बावजूद वन विभाग की आपत्ति के कारण अधूरी पड़ी हैं। इससे आवागमन बाधित हो रहा है और जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बोलबा, टीटांगर और बांसजोर प्रखंडों की उन सड़कों का विशेष रूप से जिक्र किया, जिनका निर्माण वर्षों से रुका हुआ है।

### मंत्री महोदया ने दिया आश्वासन

ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि बांसजोर और टीटांगर प्रखंड की एक सड़क के लिए वन विभाग की अनापत्ति प्राप्त हो गई है और जल्द ही निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। वहीं चेटमाल-छुरियाधाम सड़क एवं बोलबा प्रखंड की सड़कों के लिए वन विभाग की अनापत्ति मिलते ही कार्य शुरू होगा।मंत्री ने कहा कि वन विभाग से बातचीत कर जल्द ही कार्य पूरा करने की समय-सीमा तय की जाएगी। विधायक ने सरकार से इस मुद्दे को जल्द हल करने की मांग की ताकि क्षेत्र का विकास बाधित न हो।

## बोलबा थाना प्रभारी बदले, संतोष कुमार राय ने संभाला पदभार

बोलबा: बोलबा थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में संतोष कुमार राय को नियुक्त किया गया है, जबकि वर्तमान थाना प्रभारी सोनू पाठक को लाइन हाजिर किया गया है।संतोष कुमार राय ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कार्य किया जाएगा।बताया गया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यह तबादला किया गया है। सोनू पाठक के कार्यकाल में क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण मामले सामने आए थे, जिनमें पुलिस की सक्रियता देखी गई थी।नए थाना प्रभारी के पदभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि कानून व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। थाना प्रभारी ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## खेलो इंडिया सिमडेगा जिला अस्मिता हॉकी लीग 2025 सिमडेगा बना विजेता

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** भारतीय खेल प्राधिकरण (युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय) के सहयोग एवं झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के निर्देशानुसार जिला खेलकूद विभाग सिमडेगा और हॉकी सिमडेगा द्वारा खेलो इंडिया सिमडेगा जिला अस्मिता हॉकी लीग 2025 का आयोजन एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में किया गया।प्रतियोगिता में सिमडेगा जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 10 टीमों के 180 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए। फाइनल मुकाबला सिमडेगा प्रखंड और जलडेगा प्रखंड के बीच खेला गया, जिसमें सिमडेगा प्रखंड की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। जलडेगा की टीम उपविजेता रही।तीसरे स्थान के लिए ठेठईटांगर प्रखंड पश्चिमी और केरसई प्रखंड पश्चिमी के बीच मुकाबला हुआ, जिसका निर्णय ट्राइब्रेकर से किया गया।

### विजेता टीमों को किया गया सम्मानित

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को मुख्य अतिथि जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार और हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी ने ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया।इस आयोजन को सफल बनाने में जिला खेल कोऑर्डिनेटर मनीष जी, हॉकी सिमडेगा के पंखरासियुस टोप्पो, कुबूल भेंगरा, रोहित बेसरा, फ्लेबियूस तिर्की, सुजीत एक्का, रीना कुमारी, राजमणि कुमारी, हॉकी कोच सुभिला मिंज, रेणुका सोरेंग, बिमला सोरेंग, सिदिलिया तिर्की, मरियम सोरेंग, आशा बा, बसंती जोजो, एंटोनिया सोरेंग, एथलेटिक्स कोच दिनेश और मनसुख जोजो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

उपायुक्त ने विभिन्न मदों में प्राप्त आवंटन और व्यय की समीक्षा बैठक की

# आवंटन की निकासी कर नियमानुकूल व्यय करने का दिए आवश्यक दिशा-निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** समाहरणालय सभागार गिरिडीह में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विभिन्न मदो में प्राप्त आवंटन और व्यय की समीक्षा बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के उपस्थित संबंधित पदाधिकारी के बीच अलॉटमेंट की अद्यतन स्थिति से स्पष्ट कराने हेतु एक विशेष फॉर्मेट (प्रपत्र) का वितरण किया गया। जिसमें इस पूरे वित्तीय वर्ष में अब तक विभिन्न मदों एवं शीर्षों में प्राप्त आवंटन की विवरणी मद/शीर्ष वार मांगी गई। सरकार से विभिन्न मदों में प्राप्त आवंटन का अचूक रूप से वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व आवंटित राशि का आहरण कर नियमानुकूल व्यय करने के लिए सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। विदित हो कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष की भांति वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी सरकार से विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं के संचालन के लिए आवंटन प्राप्त हुआ है। इस आवंटन के विरूद्ध राशि का आहरन कर व्यय भी किया जाना है। वित्तीय वर्ष की अवधि समाप्ति पर है। उक्त के आलोक में प्राप्त आवंटन की निकासी कर नियमानुकूल व्यय सुनिश्चित किया जाना है। फलस्वरूप बैठक के दौरान सभी विभागों से बारी-बारी कर योजना एवं गैर-योजना मदों समेत अन्य प्रयोजनों के लिए विभिन्न मदों/शीर्षों में प्राप्त आवंटन की स्थिति एवं उनका खर्च करने संबंधी अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुए वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व प्राप्त आवंटन की निकासी कर नियमानुकूल व्यय करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## बरमसिया में मुर्गी लोड वाहन पलटा, कोई हताहत नहीं



**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तीसरी चंदौरी मुख्य मार्ग स्थित बरमसिया में बुधवार की सुबह एक मुर्गी लोड पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर ही पलट गई. हालांकि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या जेएच10सी0969 में जमुआ से पोल्ट्री फार्म मुर्गी लेकर चंदौरी बाजार ले जाया जा रहा था. इसी क्रम में बरमसिया के पास ड्राइवर को नींद की झपकियां आने लगी जिसके कारण गाड़ी असंतुलित होकर बीच सड़क पर ही पलट गई हालांकि गनिमत रही कि उस वक्त सामने से कोई दूसरी गाड़ी नहीं आ रही थी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था. इस दौरान गाड़ी मालिक द्वारा ट्रैक्टर से उक्त गाड़ी कोटवा कर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था तभी तिसरी पुलिस मौके पर पहुंच गई, फिलहाल पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है.

आत्महत्या का मामला

# 11वीं की नाबालिग छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान



**नवीन मेल संवाददाता। बेंगाबाद** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के एक नाबालिग छात्रा ने फांसी के फंदे से झूल कर अपनी जान दे दी। मृतक छात्रा का शव उसके कमरे में दुपट्टा के फंदे से लटका हुआ पाया गया है। आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया।आत्महत्या की खबर से पूरे गांव ओर आस पास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।मृतक के परिजन ने बताया कि वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रात्रि में भोजन करके अपने कमरे में सोने चली गई।अहले सुबह जब उसको उठाने गया तो कुछ आवाज नहीं आने पर संदेह हुआ ।कमरा बंद देख कर उसे संदेह हुआ तो कमरे को किसी तरह खोल कर देखा तो उसका शव फंदे से लटका था। बेंगाबाद थाना को इस मामले में सूचना दी गई सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि फांसी के मामले में आवेदन मिला है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है ।

हजारीबाग में सौहार्द बनाए रखने की अपील

# कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने की सख्त कार्रवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** मंगलवार को हजारीबाग में हुई अप्रिय घटनाओं के मद्देनजर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने बुधवार को वीडियो संदेश जारी कर शहरवासियों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों से बचने और संयम बनाए रखने का आग्रह किया। मुन्ना ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर कठोर कदम उठाने से ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकती है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग हमारी पहचान है, इसे शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशासन को असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं और समाज में भाईचारे तथा शांति का संदेश फैलाने में सहयोग करें। गौरतलब है कि मंगलवार रात हजारीबाग में कुछ तनावपूर्ण घटनाएं सामने आई थीं, जिसके बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। अधिकारी लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं और आमजन से शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं।

## बिरनी पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार करके भेजा जेल

**बिरनी।** बिरनी थाना के माखमार्गो पंचायत भवन के पास बीते 19 मार्च को ट्रक्टर ड्राइवर की हत्या मामले में बिरनी पुलिस ने तीन आरोपियों देवेन्द्र साव,मंटू साव और कौशल साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज ने बताया कि 19 मार्च को माखमार्गो पंचायत भवन के पास एतवारी साव की चलते ट्रक्टर से गिरकर मौत हो गई थी। परंतु यह मौत नहीं थी मृतक एतवारी साव की पत्नी का आरोप था कि जितकुंडी निवासी थाम्बी साव के यहां टायर का 1200 रुपए बकाया था जिसको नहीं देने पर उसने अन्य लोगों के साथ मिलकर मेरे पति की हत्या कर दिया। मृतक परिजनों के आवेदन के आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल किया तो मामला सत्य पाया। थाना प्रभारी भारद्वाज ने बताया कि मृतक का 1200 रुपए थाम्बी साव यहाँ टायर का बकाया था। मांगने पर वह नहीं दे रहा था ।

तिसरी थाना में शान्ति समिति की बैठक आयोजित

# ईद और रामनवमी पर्व को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का लिया गया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)** तिसरी थाना परिसर में बुधवार को ईद और रामनवमी पर्व को लेकर शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य रूप से पुलिस इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो व थाना प्रभारी रंजय कुमार उपस्थित थे। बैठक के दौरान आए हुए सभी प्रतिनिधियों से त्योहार में कार्यक्रम से संबंधित टाइमिंग और जानकारी ली गई। वहीं रामनवमी में निकलने वाले सभी जुलूस का लाइसेंस व रूट चार्ट देखा गया। साथ ही पहले से तय किए गए रूट चार्ट का पालन करने का निर्देश दिया गया। जुलूस के दौरान लगने वाले अखाड़े की विविस्तृत जानकारी ली गई। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी ने बताया कि नमाज के समय प्रशासन के द्वारा वीडियोग्राफी की जाएगी। साथ ही डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। वहीं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। त्यौहार में माहौल बिगाड़ने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। मौके पर पुलिस ने आए हुए प्रतिनिधियों से त्योहार को सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने में सहयोग की अपील की। बैठक में जिला परिषद रामकुमार राउत, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल , उप प्रमुख बैजू मरांडी, जिला परिषद प्रतिनिधि किशुन यादव,तिसरी के मुखिया किशोरी साव, सिंघो के मुखिया मो.हासिमुद्दीन, बेलवाना मुखिया प्रतिनिधि उमर फारूक , मुखिया पिंकेश सिंह, राजकुमार दयाल, मनसाडीह मुखिया प्रतिनिधि लखीराम हेंब्रम, मुन्ना राणा, राजू विश्वकर्मा, राजू दास, मोहन मरांडी, इंकज कुमार, मो.कादिर, विजय यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड क्षेत्र के तीनों थाना गांडेय अहिल्यापुर,ताराटांड़ में बुधवार को आगामी ईद एवं रामनवमी ,सरहुल त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी का त्योहार शांति पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में मुख्यरूप से उपस्थित गिरिडीह एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने उपस्थित सदस्यों को सरकारी गाइड लाइन का पालन करते हुए रामनवमी का त्योहार मनाने की बात कही। एसडीपीओ ने कहा कि रामनवमी के जुलूस में डीजे पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। कोई भी व्यक्ति अफवाहों पर ध्यान नहीं दे । रामनवमी का जुलूस निर्धारित रुट से ही निकाले। गांडेय अंचल के पुलिस इंस्पेक्टर कमाल खान ने कहा कि रामनवमी को लेकर गांडेय अंचल की गांडेय , अहिल्यापुर और ताराटांड़ की पुलिस लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहीं। पुलिस असामाजिक तत्वों के लोगों पर कड़ी नजर रखेगी । बैठक में गांडेय थाना क्षेत्र के सभी अखाड़ा समिति के अध्यक्षों और अन्य सदस्यों से क्रमागत रुप से आवेदन लिया गया और बातचीत की गई।

# उपायुक्त ने किया आंगनबाड़ी सेविका व महिला पर्यवेक्षिका के बीच स्मार्ट फोन का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में आंगनबाड़ी सेविका तथा महिला पर्यवेक्षिका के बीच स्मार्ट फोन का वितरण किया। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के आंगनबाड़ी सेविका तथा महिला पर्यवेक्षिका के बीच स्मार्ट फोन वितरण के राज्यस्तरीय कार्यक्रम के बाद धनबाद जिले की आंगनबाड़ी सेविका तथा महिला पर्यवेक्षिका को स्मार्ट फोन प्रदान किया गया। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि धनबाद की 2231 आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका तथा 55 महिला पर्यवेक्षिका को जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा स्मार्ट फोन प्रदान किया गया है। इससे उनके काम की गति बढ़ेगी। आंगनबाड़ी सेविकाएं और महिला पर्यवेक्षिकाएं अपने-अपने सेंटर से जुड़ी प्रत्येक दिन की रिपोर्ट जिला और विभाग के साथ शेयर करेंगी। इसके अतिरिक्त स्मार्ट फोन से पोषण ट्रैकर ऐप में आंगनवाड़ी के संचालन से संबंधित सभी कार्यक्रम को अपडेट करेंगी। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का समय, बच्चों की उपस्थिति, पोषाहार, वजन, टीकाकरण, टेक होम राशन इत्यादि कार्यक्रम स्मार्ट फोन के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इसके अलावा सेविका द्वारा प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना के आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री की जाएगी। स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर के अलावा आंगनबाड़ी सेविका व महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थी।

नगर आयुक्त ने की शहरी क्षेत्र की स्वास्थ्य गतिविधियों की समीक्षा

# स्वास्थ्य विभाग को 10 दिनों के अंदर कचरा प्रबंधन का अनुमानित विवरण प्रदान करने का दिया निर्देश

*सभी शहरी चिकित्सा पदाधिकारी को एनसीडी पोर्टल पर डाटा अपलोड करने, लंबित डाटा शीघ्र अपडेट करने का दिया निर्देश उपलब्ध*



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने बुधवार को झमाडा के सभागार में शहरी क्षेत्र में चल रही स्वास्थ्य गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अर्बन सीएचसी केंदुआडीह एवं अर्बन सीएचसी सिंदरी में अप्रैल माह तक एडोलसेंट हेल्थ क्लिनिक स्थापित करने तथा शहरी सहिया की चयन प्रक्रिया अप्रैल तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं सभी शहरी चिकित्सा पदाधिकारी को एनसीडी पोर्टल पर डाटा अपलोड करने, लंबित डाटा शीघ्र अपडेट करने, सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मलेरिया किट उपलब्ध कराने, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन को लेकर स्वास्थ्य विभाग को 10 दिनों के भीतर कचरा प्रबंधन का अनुमानित विवरण प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त रविराज शर्मा, सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, एएमसी सनी कुमार, डॉ. रोहित गौतम, विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ अमित कुमार, डॉ मंजू दास, डॉ देबारित शंकर, धनबाद, झरिया एवं बाघमारा के एमओआईसी, पीएसआइ इंडिया के जिला प्रतिनिधि प्रेम कुमार, धनबाद, झरिया व बाघमारा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके पर हुआ कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के इनफॉरमेशन सिक्योरिटी एजुकेशन एंड अवेयरनेस (आइ.एस.ई.ए.) के तहत सी-डैक, पटना की साइबर सिक्योरिटी टीम ने बैंक मोड़ स्थित गुरु नानक कॉलेज में मास्टर ट्रेनर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में साइंटिस्ट डी साकेत कुमार झा, साइंटिस्ट बी शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्रोजेक्ट इंजीनियर प्रशांत श्रीवास्तव व हिमांशु शेखर ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता, डिजिटल धोखाधड़ी, वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा, मोबाइल सुरक्षा, साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों से निपटने के तरीके एवं उपाय पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन एवं कंप्यूटर पर प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सुरक्षित तरीके से राशि का ट्रांजैक्शन करने, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग व सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने, अनजान लोगों से ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की जानकारी साझा नहीं करने, अनजान नंबरों से आने वाली लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान लोगों से पेमेंट पाने के लिए कयू.आर. कोड स्कैन नहीं करने सहित अन्य मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया।


## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं॰ 28/2024-25**

| Sl. No. | Particulars | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of new R.C.C Drain and Box Culvert from H/o Aditya Narayan to Exiting Drain near Okani Talab in ward no. 18 (Eighteen) | 9,23,927/- | 19,000/- | 5,900/- | 60 days |

| | | |
|---|---|---|
| 1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 11.04.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 11.04.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 12.04.2025 को 3.00 बजे अपराह्न |
| 4. विज्ञापनदाता का पदनाम | : | नगर आयुक्त सह प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग। |

नोट :– निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 349305 Urban Development and Housing(24-25)#D


# रामनवमी के मंगला जुलूस पर हुए पथराव का मामला संसद में गूंजा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड के गिरिडीह से लेकर हजारीबाग तक नफरती आग जल रहा है। प्रशासन सब जानती है फिर भी मूकदर्शक बनी हुई है। क्या केवल हिंदुओं के ऊपर पत्थर, लाठी और प्राथमिकी एवं सामाजिक सौहाद्र बनाने का जिम्मेवारी है। क्या झारखंड की सरकार की कोई जिम्मेवारी नहीं बनती उक्त बातें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने पूर्व में लोकसभा में कही थी, आशंका जताया था। अब हजारीबाग में नफरती आग ने आशंका को सच साबित किया है। बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने देश के सर्वोच्च सदन संसद भवन में बीते मंगलवार की रात को हजारीबाग के झंडा चौक के समीप हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी के दूसरे मंगला जुलूस के दौरान रामभक्तों और श्रद्धालुओं पर हुए पथराव की घटना को पुनः पुरजोर तरीके से उठाया और कहा कि बीते 11 फरवरी 2025 को इस सदन में मैंने झारखंड राज्य में बहुसंख्यक हिंदुओं पर हो रहें अत्याचार का मुद्दा उठाया था। झारखंड में सरस्वती पूजा, शिवरात्रि, यज्ञ का कलश यात्रा में भी लगातार पथराव होता है। कल रात में हजारीबाग के रामनवमी के दूसरे मंगला जुलूस पर हजारीबाग के झंडा चौक के समीप सदर थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर पुनः एक समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव किया। इसमें 10 पुलिस वाले, जिसमें डीएसपी लेवल के पदाधिकारी और एडिशनल कलेक्टर लेवल के पदाधिकारी भी घायल हुए हैं सांसद मनीष जायसवाल ने आगे कहा कि इन पत्थरबाजों को कैसे कंट्रोल किया जाए ये नहीं सिखा है। झारखंड राज्य में अत्याचार तो हो ही रहा है।

कब्र खोद कर पूर्व जिप सदस्य का निकाला गया शव

# बिहार पुलिस ले गयी अपने साथ

**पुलिस ने तीन दिन तक परिजनों के आने का इंतजार किया। पहचान नहीं होने पर अज्ञात मानकर अंतिम संस्कार कर दिया**



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** जिले के रानीश्वर थाना की पुलिस ने बीते 18 मार्च को कारीकादर जंगल से बरामद व्यक्ति का दफनाया शव को मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में खोद कर बुधवार को बाहर निकाला। मंगलवार की देर शाम को शव की शिनाख्त बिहार के भागलपुर जिले के जगदीशपुर निवासी बीरबल मंडल उर्फ वीरू (40 )के रूप में हुई। वह जगदीशपुर का जिला परिषद सदस्य रह चुका है। रानीश्वर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद 22 मार्च को विजयपुर में अंतिम संस्कार कर दिया था। बुधवार को जगदीशपुर थाना की पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रानीश्वर बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा की मौजूदगी में दफन शव को निकालकर परिजनों को सौंपा। मृतक के भाई निर्मल मंडल ने बताया कि भाई कई बार वर्तमान जिप सदस्य शिवकुमार के साथ तारापीठ जाते रहता था। बीते 16 मार्च की सुबह वह शिवकुमार सहित चार लोगों के साथ स्कार्पियो से तारापीठ जाने के लिए निकला था। 17 मार्च की दोपहर भाई ने मोबाइल पर बात भी की थी। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। देर शाम तक वापस नहीं आने पर मृतक की पत्नी ने जगदीशपुर थाना में पति के अपहरण और हत्या का मामला दर्ज कराया। पुलिस अनुसंधान कर ही थी कि 18 मार्च को उसका रानीश्वर के जंगल में शव मिल गया। पुलिस ने तीन दिन तक परिजनों के आने का इंतजार किया। पहचान नहीं होने पर अज्ञात मानकर अंतिम संस्कार कर दिया। रानीश्वर थाना प्रभारी बलराम सिंह ने दुमका के अलावा भागलपुर और बंगाल के थाना में मृतक की तस्वीर भेजकर शिनाख्त का प्रयास किया। जगदीशपुर थाना की पुलिस ने तस्वीर को मृतक के घरवालों को दिखाई तो शव की पहचान हो गई। इसके बाद पुलिस ने स्कार्पियो चालक बीरबल को दबोचा तो उसने सारा सच उगल दिया।


## कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना**

मनरेगा अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए **"बिरसा हरित ग्राम योजना"** के तहत बागवानी के सफल क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक (N) 244(अनु0) दिनांक–27.02.2025 द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देश के आलोक में आम बागवानी के अलावा अन्य फलदार पौधों जैसेः– अमरूद, नीम्बू, नाशपाती, नारंगी, बेर, लीची, काजू, कटहल, शरीफा, सहजन इत्यादि पौधों की खरीदारी झारखण्ड राज्य में अवस्थित स्थानीय NHB रजिस्टर्ड नर्सरियों (जिनके पास झारखण्ड का GST No. हो) से किया जाना है। इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी नर्सरियों द्वारा समर्पित निविदा अमान्य होगी। निम्न शर्तो के आधार पर पौधों की आपूर्ति के लिए न्यूनतम दर निर्धारण हेतु निविदा जिला ग्रामीण विकास शाखा का ज्ञापांक–507, दिनांक–03.03.2025 द्वारा दिनांक–18.03.2025 तक निविदा आमंत्रित की गई थी, परंतु किसी भी निविदादाता द्वारा निविदा समर्पित नहीं किये जाने के कारण पुनः अति अल्पकालीन निविदा आंमत्रित हेतु इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं :–

सभी निविदायें द्विलिफाफा प्रणाली (Double Envelope System) के अनुसार डाली जायेगी। निविदादाता एक लिफाफे पर साफ–साफ शब्दों में **'तकनीकी बीड'** लिखकर उसमें निविदा के साथ मांगे गये कागजात एवं प्रमाण पत्र (अग्रधन राशि का ड्राफ्ट सहित) डालेंगे एवं उसे मुहरबंद करेंगे तथा उस पर अपना नाम एवं पता साफ–साफ लिखेंगे। दूसरे लिफाफे पर साफ–साफ शब्दों में **'वित्तीय बीड'** लिखकर उसमें नर्सरी के नाम एवं पता के साथ दर (प्रति पौधा) संबंधी कागजात डालेंगे एवं मुहरबंद करेंगे। उस लिफाफा में दर के अलावा कोई अन्य कागजात नहीं डाला जायेगा। तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड के दोनो लिफाफे को एक अन्य लिफाफे में डालकर मुहरबंद करेंगे एवं उस पर बड़े अक्षरों में NHB रजिस्टर्ड अंकित करने के साथ नर्सरी का नाम, पता, दूरभाष संख्या अंकित करेंगे।

इच्छुक आवेदक/निविदादाता द्वारा सीलबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 11–04–2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग के कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा दिनांक 11–04–2025 को अपराह्न 03:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा खोली जायेगी।

**नोट :– पौधा आपूर्ति से संबंधित निविदा की विस्तृत शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
उप विकास आयुक्त,
–सह–अतिरिक्त
जिला कार्यक्रम समन्वयक,हजारीबाग

PR 349285 Rural Development(24-25).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब हम दूसरों को ईश्वरीय शांति देकर उन्हें प्रसन्न बनाने के आनंद से भर जाते हैं, तब हम जानेंगे कि ईश्वर हमारे माध्यम से स्वयं को व्यक्त कर रहे हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 के दशहरा पर्व पर हुई थी और संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष इस वर्ष दशहरा में पूर्ण कर लेगा। राजनीतिक गतिविधियों से दूर एक सांस्कृतिक संगठन के रूप में संघ की स्थापना भारतीय समाज में राष्ट्रीयता का भाव जागृत कर समाज के बीच समरसता स्थापित करने के लक्ष्य को लेकर हुई थी। इन 100 वर्षों के अपने कार्यकाल में संघ ने हिंदू समाज को एकजुट करने में सफलता तो हासिल कर ही ली है साथ ही विशेष रूप से समाज की सज्जन शक्ति में राष्ट्रीयता का भाव पैदा करने में सफलता अर्जित की है। संघ के अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु शाखाओं में देश की युवा पीढ़ी में राष्ट्रीयता का भाव जगाकर ऐसे स्वयंसेवक तैयार किए जाते हैं जो समाज के बीच जाकर देश के आम नागरिकों में राष्ट्र भावना का संचार करते हैं एवं समाज के बीच समरसता का भाव पैदा करने का प्रयास करते हैं। संघ द्वारा स्थापित की गई शाखाओं की कार्यपद्धति पर आज विश्व के अन्य कई देशों में शोध कार्य किए जाने के बारे में सोचा जा रहा है कि किस प्रकार संघ द्वारा स्थापित इन शाखाओं से निकला हुआ स्वयंसेवक समाज परिवर्तन में अपनी महती भूमिका निभाने में सफल हो रहा है और पिछले लगातार 100 वर्षों से इस पावन कार्य में संलग्न है। 14 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक (44 दिन) प्रयागराज में लगातार चले एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए महाकुंभ के मेले में पूरे विश्व से 66 करोड़ से अधिक हिंदू धर्मावलम्बियों ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इतनी भारी संख्या में हिंदू समाज कभी भी किसी महान धार्मिक आयोजन में शामिल नहीं हुआ होगा । इस महाकुंभ में समाज एकजुट दिखाई दिया, न किसी की जाति, न किसी का मत, न किसी के पंथ का पता चला। बस केवल सनातनी हिंदू हैं, यही भावना समस्त श्रद्धालुओं में दिखाई दी। संघ द्वारा आज पूरे विश्व में भी अन्य देशों में निवासरत भारतीय मूल के हिंदू समाज के नागरिकों को भी एक सूत्र में पिरोए जाने का प्रयास किया जा रहा है। यह कार्य संघ के स्वयंसेवकों द्वारा संघ की शाखा में प्राप्त प्रशिक्षण के बाद किया जाता है। संघ द्वारा संचालित शाखाओं की संख्या 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 के 73,117 से बढ़कर वर्ष 2025 में 83,129 हो गई है। इन शाखाओं के लगने वाले स्थानों की संख्या भी वर्ष 2024 में 45,600 से बढ़कर 51,710 हो गई है। विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता की भावना जगाने के उद्देश्य से विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी संयुक्त शाखाएं भी देश के विभिन्न भागों में लगाई जाती हैं। प्रौढ़ व्यवसायी शाखाओं की संख्या 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 में 8,241 से बढ़कर वर्ष 2025 में 9,397 हो गई है एवं बाल शाखाओं की संख्या भी वर्ष 2024 में 9,284 से बढ़कर वर्ष 2025 में 9,864 हो गई है। बाल शाखाओं में छोटी उम्र के बालकों को शामिल किया जाता है। उक्त वर्णित शाखाओं के माध्यम से आज संघ का देश के कोने कोने में विस्तार सम्भव हुआ है। संघ की दृष्टि से देश भर में कुल खंडों की संख्या 6,618 है। इनमें से शाखायुक्त खंडों की संख्या वर्ष 2024 में 5,868 थी जो वर्ष 2025 में बढ़कर 6,112 हो गई है।

*संघ के अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु शाखाओं में देश की युवा पीढ़ी में राष्ट्रीयता का भाव जगाकर ऐसे स्वयंसेवक तैयार किए जाते हैं।*

# रंगमंच के बिना जीवन अधूरा

## विश्व रंगमंच दिवस विशेष 27 मार्च 2025



विश्व रंगमंच दिवस हर वर्ष 27 मार्च को मनाया जाता है। यह दिवस रंगमंच की महत्ता, उसकी सामाजिक भूमिका और सांस्कृतिक योगदान को रेखांकित करने के लिए समर्पित है। रंगमंच केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह समाज को आईना दिखाने, विचारों को प्रकट करने और बदलाव लाने का एक प्रभावी माध्यम है।

विश्व रंगमंच दिवस की शुरुआत 1961 में "इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट" द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य रंगमंच को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना था। हर वर्ष इस दिन विश्व प्रसिद्ध रंगकर्मी एक संदेश देते हैं, जिसमें रंगमंच की भूमिका और उसकी दिशा पर विचार किया जाता है। इस वर्ष 2025 में रंगमंच ने सामाजिक और डिजिटल परिवर्तन के साथ अपने स्वरूप को और अधिक समृद्ध किया है। कई नए नाटक एवं प्रयोगात्मक प्रस्तुतियां आई हैं जो समाज के ज्वलंत मुद्दों पर केंद्रित हैं। विशेष रूप से पर्यावरण, युवा सशक्तिकरण, डिजिटल तकनीक और पारंपरिक रंगमंच का मिश्रण देखने को मिला है।

रंगमंच केवल एक कला नहीं, बल्कि जीवन को देखने का एक दृष्टिकोण भी है। यह व्यक्ति के आत्मविश्वास, संवाद कौशल, भावनात्मक अभिव्यक्ति और सहानुभूति को विकसित करता है। यह समाज को विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक मुद्दों को समझने में मदद करता है। अब सवाल यह है कि युवा पीढ़ी को रंगमंच से क्यों जुड़ना चाहिए? सृजनात्मकता एवं आत्म-अभिव्यक्ति – रंगमंच युवाओं को अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने का अवसर देता है। नेतृत्व और टीम वर्क – एक नाटक को प्रस्तुत करने के लिए टीम भावना आवश्यक होती है, जिससे नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। सामाजिक जागरूकता – रंगमंच के माध्यम से युवा विभिन्न सामाजिक मुद्दों से परिचित होते हैं और उनका समाधान खोजने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। संवाद कौशल एवं आत्मविश्वास – अभिनय से संवाद कौशल में सुधार होता है, जो किसी भी पेशे में आवश्यक होता है। दूसरा सवाल है कि समाज में रंगमंच का दायित्व और सुधार की क्या संभावनाएं हैं, तो बताना चाहुंगा कि रंगमंच समाज में नैतिकता, करुणा और न्याय जैसे मूल्यों को बढ़ावा देता है। यह न केवल मनोरंजन बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम है। शिक्षा में सुधार – नाटकों को शिक्षा प्रणाली में जोड़ने से बच्चों की कल्पनाशीलता और सोचने की क्षमता में वृद्धि होगी। समाज में सकारात्मक बदलाव – नाटक जातिवाद, भेदभाव, हिंसा और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाने का एक सशक्त साधन हो सकता है।

संस्कृति का संरक्षण – पारंपरिक रंगमंच की विधाओं जैसे रामलीला, नौटंकी, कठपुतली, यक्षगान, कुचिपुड़ी, नाचा, छाउ, लौंडा नाच, भवाई जैसे लोकनाट्यों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। हमारे धर्मग्रंथों में भी रंगमंच और नाटक की महत्ता को स्वीकार किया गया है। महाभारत में यक्ष प्रश्न के संवाद और कई घटनाएं नाटकीयता से भरी हैं, जो जीवन के गहरे संदेश देती हैं। भगवद गीता स्वयं श्रीकृष्ण का एक महान संवाद-नाट्य है, जिसमें उन्होंने अर्जुन को धर्म और कर्म का बोध कराया। रामायण में रामलीला, जो आज भी भारत में प्रचलित है, रंगमंच का एक प्रमुख उदाहरण है। नाट्य शास्त्र (भरत मुनि द्वारा रचित) को रंगमंच का सबसे प्राचीन ग्रंथ माना जाता है, जिसमें अभिनय, मंच सज्जा और नाट्य संरचना के नियम बताए गए हैं। राष्ट्र निर्माण में भी रंगमंच का बहुत बड़ा योगदान है। रंगमंच समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकता है। देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता – नाटक स्वतंत्रता संग्राम, भारतीय संस्कृति और देशभक्ति की भावना को उजागर कर सकते हैं। शिक्षा और सामाजिक सुधार – बाल विवाह, भ्रष्टाचार, पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर नाटक जागरूकता फैलाने का कार्य कर सकते हैं। नवाचार एवं रोजगार – रंगमंच के क्षेत्र में न केवल कलाकार बल्कि तकनीशियन, लेखक, निर्देशक, संगीतकार आदि के लिए भी रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। तीसरा सवाल युवाओं को रंगमंच से कैसे जोड़ा जाए? विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में नाट्य विभाग की स्थापना एवं नाट्य मंचन अनिवार्य करना चाहिए। सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों द्वारा नाट्य कार्यशालाओं का आयोजन। लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रंगमंच के कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार। राज्य सरकारों को स्थानीय प्रशिक्षित कलाकारों एवं लोक कलाकारों को मंच और अवसर प्रदान कराने की पहल करनी चाहिए। "रंगमंच सिर्फ एक मंच नहीं, यह जीवन का प्रतिबिंब है।" भारतीय रंगमंच का प्राचीनतम और सर्वाधिक प्रतिष्ठित ग्रंथ नाट्यशास्त्र को माना जाता है। इसमें रंगमंच, अभिनय, नाट्य संरचना, रस, भाव और मंच-सज्जा के विभिन्न पहलुओं का विस्तार से वर्णन किया गया है। इसमें कई बहुमूल्य श्लोक हैं जो रंगमंच की महत्ता को दर्शाते हैं। नाट्यशास्त्र में उद्धृत एक श्लोक से उद्देश्य और महत्व के बारे में बताया गया है कि "न तज्ज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न स कला।

नासौ योगो न तत्कर्म नाट्येऽस्मिन यन्न दृश्यते॥"

(नाट्यशास्त्र, अध्याय 1, श्लोक 116) अर्थात नाट्य में ऐसा कोई ज्ञान, कला, शिल्प, विद्या, योग या कर्म नहीं है जो इसमें प्रदर्शित न किया गया हो। रंगमंच जीवन के हर पक्ष को समाहित करता है। "धर्म्यमर्थ्यं च काम्यं च विविधान्श्चोपदेशकान्। लोकस्य सर्ववृत्तार्थं नाट्यमेतत्करिष्यति॥"
(नाट्यशास्त्र, अध्याय 1, श्लोक 107) कहा गया है कि नाट्य धर्म, अर्थ, काम और उपदेश से परिपूर्ण होगा तथा यह लोक के समस्त आचरणों को दर्शाएगा। नाट्य का प्रभाव समाज पर क्या पड़ता है इस संदर्भ में नाट्यशास्त्र में जो श्लोक उद्धृत है "सहितं गीतेन वादित्रैः पुष्टं व्याख्यानभूषितम्। रम्यं दृष्टिप्रसादं च श्रव्यं च सुखदं तथा॥" (नाट्यशास्त्र, अध्याय 1, श्लोक 125) अर्थात संगीत, वाद्ययंत्रों और संवादों से युक्त नाट्य, दृश्य एवं श्रवण दोनों के लिए आनंददायक होता है और इसे देख-सुनकर मन को प्रसन्नता मिलती है। वहीं रस की उत्पत्ति और प्रभाव के बारे में कहा गया है "विभावानुभावव्यभिचारी संयोगाद्रसनिष्पत्तिः।" (नाट्यशास्त्र, अध्याय 6, श्लोक 31) रस की उत्पत्ति विभाव (उत्प्रेरक तत्व), अनुभाव (प्रतिक्रिया) और व्यभिचारी भाव (संवेदनशीलता) के संयोग से होती है। जबकि नाट्य के द्वारा समाज में सुधार लाया जा सकता है जिसका वर्णन नाट्य शास्त्र के इस श्लोक से प्रतिपादित होता है। "नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम्।" (नाट्यशास्त्र, अध्याय 1, श्लोक 112) अर्थात विभिन्न रुचियों वाले लोगों के लिए नाटक एक समान रूप से आनंद देने वाला माध्यम है। यह सभी के लिए है और समाज को एक सूत्र में बांधता है। यह विश्व रंगमंच दिवस नाट्यशास्त्र की महत्ता को और अधिक बढ़ा देता है। शास्त्र में लिखित ये श्लोक यह दर्शाते हैं कि रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को शिक्षित करने, संस्कृति को संरक्षित करने और जीवन के विविध रंगों को प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम है। नाट्य को एक समग्र कला के रूप में स्वीकार किया गया है, जो संगीत, नृत्य, अभिनय और संवाद के माध्यम से दर्शकों को रसास्वादन कराता है। रंगमंच केवल कला नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने का एक माध्यम है। यह एक ऐसा मंच है जो समाज की समस्याओं को उजागर करता है, व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करता है और सामाजिक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्व रंगमंच दिवस हमें इस बात का स्मरण कराता है कि रंगमंच के बिना जीवन अधूरा है, क्योंकि यह समाज का प्रतिबिंब है और हमें सोचने, समझने सुधरने और सुधारने की प्रेरणा देता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

# बाबू जी के बाबू साहब

बाबू जी सरकारी दफ्तर में बाबू थे, लेकिन घर में साहब। उनके कमरे में सरकारी फाइलों से ज़्यादा उनकी हेकड़ी जमा रहती थी। सरकारी कुर्सी की घिसाई और घर की चटाई में ज़मीन-आसमान का फ़र्क था, लेकिन बाबू जी की शान में कोई कमी नहीं थी। दफ्तर में बाबू कहलाने वाले घर में बाबू साहब बन जाते। चाय ठंडी होने से पहले हड़कंप मच जाता, और अगर रोटी गोल न बनी तो गृहस्थी का चक्का सीधा पातालगामी हो जाता। "भूख तो मज़दूरों को लगती है, हम तो सरकारी आदमी हैं, इंतज़ार की तमीज़ रखो!"ऐसा कहकर वो थाली सरका देते। बाबू जी की मेज़ पर जितने कागज़ थे, उससे ज़्यादा उस पर पड़े दाग थे। कुछ स्याही के, कुछ रिश्वत के, कुछ पान के, और कुछ जमीर के। उनका मानना था कि फाइलें जितनी देर चलेंगी, जेब उतनी देर गरम रहेगी। अफ़सर का मूड देखकर फाइल आगे बढ़ाने की कला में वो ऐसे पारंगत थे जैसे दूधवाला पानी मिलाने में। "देखिए साहब, ये सरकारी काम है, झटपट नहीं हो सकता। अब भगवान का मंदिर बनाने में भी सालों लग जाते हैं!" बाबू जी जब किसी को अटकाने पर आते, तो गंगा भी उलटी बह सकती थी, पर फाइल नहीं। घर में बेटा जब पूछता "पापा, रिश्वत क्या होती है?" तो बाबू जी की आंखों में ज्ञान का प्रकाश चमक उठता। "बेटा, ये वही मिठाई है जो भगवान को चढ़ाते हैं, और फिर खुद ही खा लेते हैं!" बहू ने जब कहा कि ईमानदारी से जीने में मज़ा है, तो बाबू जी ने ठहाका लगाया "अरे बहू, ईमानदारी में मज़ा नहीं, मज़दूरी होती है!" घर के आदर्श कुछ इस तरह थे कि भगवान भी माथा पीट लें। माँ को जब कभी मनमानी करनी होती, तो कहतीं "बाबू जी से पूछ लो," और बाबू जी जब बहाने बनाते, तो कहते "अरे भाई, सरकार से पूछ लो!" रिटायरमेंट के दिन जब दफ्तर में मिठाई बांटने की बारी आई, तो बाबू जी ने गला साफ किया "भाइयों, जीवनभर फाइलें सरकाईं, अब पैर सरकाने की बारी है!" लेकिन मज़ा तब आया जब साहब ने भाषण दिया9"हमारे बाबू जी, ईमानदारी की मिसाल हैं!" पूरा दफ्तर ठहाके लगा रहा था, लेकिन बाबू जी मुस्कुरा रहे थे। रिश्वत में मिले घड़ी को देखकर बोले "समय सच में बदल गया है!" घर लौटे तो सोचा कि अब परिवार के साथ वक़्त बिताएंगे, लेकिन परिवार ने तो पहले ही रिटायरमेंट ले रखा था। बेटा मल्टीनेशनल में था, बहू अपनी दुनिया में और पोता टचस्क्रीन पर व्यस्त। "बाबू जी, अब आपकी पुरानी कहानियाँ मत सुनाइए," पोते ने कहा। बाबू जी को पहली बार एहसास हुआ कि घर की कुर्सी सरकारी कुर्सी से भी ज्यादा असहाय होती है। दफ्तर में रिश्वत लेकर जो फाइलें सरकाईं, अब घर में चप्पल सरक रही थी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

# जलवायु परिवर्तन पर देश में नई नीति की जरूरत

भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित अध्ययन में एक गंभीर चिंता जताई गई है, जो देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर इसके असर से जुड़ी है। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मॉनसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है मगर मॉनसनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है। वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्र बिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है। मॉनसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बुआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है। खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मॉनसूनी बारिश कब आती है। उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खासतौर पर नुकसानदेह होती है क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बुआई अटक जाती है और पौधों की शुरुआती बढ़वार पर भी असर पड़ता है।

इसी तरह कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है। पिछले साल मॉनसून में शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7.9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं मगर विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है। ध्यान रहे कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं। मौसम की अतिरंजना अब अनोखी बात नहीं रह गई है। भारत में पिछले साल 365 में से 322 दिन मौसम की अति दिखी थी। इससे देश में 4.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें प्रभावित हुईं। 2023 में 318 दिन मौसम ऐसा रहा था। जब तक इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहु-आयामी नीति नहीं अपनाई जाती है तब तक ऐसी घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी।

पिछले साल कम और असमान वर्षा के कारण गर्म हवा और बाढ़ की 250 घटनाएं सामने आईं। जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ते तापमान और बाढ़ के कारण फसलों का उत्पादन घटने और इनमें पोषक तत्व कम होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यों की तरफ कदम बढ़ाना आवश्यक हो गया है। कृषि में जलवायु परिवर्तन सहने की क्षमता रखने तौर-तरीके, नालियों की प्रणाली में सुधार, बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन और तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में क्षमता एवं टिकाऊपन बढ़ाया जा सकता है। लंबे अरसे के लिए जल प्रबंधन पर भी हमें सतर्क रहना होगा। जैविक या रसायन रहित कृषि के बजाय प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करना होगा। इससे अलग-अलग मियाद वाली विविध फसलों से किसानों की आय ही नहीं बढ़ती बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता भी बढ़ती है। कुल मिलाकर भारत को जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कम करने और अनुकूल रणनीति अपनाने के लिए काम करना होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**राकेश दुबे**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मंत्रों से अभिषिक्त हैं, राम तुम्हारे वाण।
क्यों न मिला कलिकाल में, मारीचों से त्राण।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# कैसे रुकेगा राजनीति का अपराधीकरण ?

हमारे देश के राजनेताओं में दिन-प्रतिदिन नैतिकता कम होती जा रही है। कई बड़े नेता आए दिन विवादास्पद बयान देखकर चर्चाओं में बने रहते हैं। वहीं, बहुत से निर्वाचित विधायकों, सांसदों, मंत्रियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर आपराधिक मामले दर्ज हो रहे हैं। जिससे राजनीति के क्षेत्र में काम करने वालों की छवि खराब हो रही है। देश की राजनीति में आज अपराध का इतना घालमेल हो गया है कि पता ही नहीं चलता कि कौन-सा जनप्रतिनिधि अपराधी है और किसकी छवि स्वच्छ है। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के नेता बनने से जहां राजनीति दागदार हुई है। वहीं, नेताओं की जनता की दूरी भी बढ़ने लगी है। मौजूदा समय में राजनीति, व्यवसाय बन चुकी है। राजनीति में वही लोग सफल होते हैं जो या तो बड़े नेताओं के परिवार से हैं या फिर बहुत पैसे वाले हैं। राजनीति के क्षेत्र में अब सेवा, संगठन, वफादार कार्यकर्ताओं का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनीति पूरी तरह पैसों की चकाचौंध में लिप्त हो गई है। एक समय था जब धरातल पर काम करने वाला पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। पैसे के बल पर चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांचसितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है।

1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है। वह अपने क्षेत्र से जयपुर जाते या अपने घर से विधानसभा जाते हमेशा सरकारी बस का ही उपयोग करते थे। कभी निजी गाड़ियों से नहीं घूमते थे। इसी के चलते उन्होंने राजनीति में 50 साल लंबी पारी खेली थी। वह ईमानदार थे इसीलिए ईमानदारी से रहते थे। आज हम देखते हैं कि राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कई लाख रुपये की महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। पार्टी का कोई नेता उनसे यह नहीं पूछता है कि इतनी महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए पैसे कहां से आते हैं। सबको पता है कि राजनीति में आज छुटभैया नेता भी सत्ता की दलाली में पैसा कमा रहे हैं। दलाली के पैसों में बड़े नेताओं का भी हिस्सा होता है। इसीलिए उनकी तरफ कोई अंगुली नहीं उठाता है। चुनाव सुधार पर काम करने वाले गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संगठन ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया है। जिसमें आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 174 में से 138 यानी 79 प्रतिशत विधायकों ने जबकि सिक्किम में सबसे कम 32 में से सिर्फ एक विधायक 3 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलुगु देशम पार्टी के सबसे ज्यादा 134 विधायकों में से 115 यानी 86 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उक्त रिपोर्ट से पता चला कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार 54 विधायकों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप हैं। वहीं, 226 पर धारा 307 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या की कोशिश के आरोप हैं। इसके अलावा 127 विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इनमें 13 पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 376 और 376 (2)(द) के तहत बलात्कार का आरोप है। धारा 376 (2)(द) एक ही पीड़ित के बार-बार यौन उत्पीड़न से संबंधित है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार 543 लोकसभा सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनमें से 27 को दोषी ठहराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा में चुने जाने वाले आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे उम्मीदवारों की यह सबसे बड़ी संख्या है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कटेरी के फूलों से खांसी, अस्थमा और लिवर समेत कई रोगों का इलाज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कटेरी वैसे तो एक कांटेदार पौधा है, लेकिन यह इंसानी शरीर के लिए रामबाण से कम नहीं है। इसमें खांसी, बुखार, अस्थमा, सिरदर्द, पेट दर्द, लिवर और त्वचा जैसी तमाम बीमारियों को ठीक करने की अद्भुत क्षमता है। इसे आयुर्वेद में औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। कटेरी के पौधे को कंटकारी या भटकटैया भी कहते हैं। इस पौधे के फूल स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। कटेरी खांसी, बुखार, अस्थमा, सिरदर्द, पेट दर्द, लिवर और त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए बहुत लाभकारी है। कटेरी के फूल गले की सूजन और खराश को कम करते हैं। आयुर्वेद में गंजेपन के लिए कटेरी का प्रयोग अच्छा उपाय माना जाता है। इसके अलावा चरक संहिता और सुश्रुत संहिता में कटेरी के सैकड़ों स्वास्थ्यवर्धक गुणों का वर्णन किया गया है।

चरक संहिता के अनुसार, कटेरी को खांसी के इलाज के लिए आयुर्वेदिक दवा के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। कटेरी की जड़ में बलगम को बाहर निकालने वाले गुण होते हैं। कटेरी के फूलों का चूर्ण शहद के साथ मिलाकर खाने से खांसी दूर होती है। चूर्ण को आधा से 1 ग्राम खाया जाता है।

चरक संहिता के अनुसार, कटेरी पित्त और कफ की वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए उपयोगी है। इसके सेवन से पाचन में सुधार होता है, यकृत को स्वस्थ

**● सिरदर्द से ज्यादा परेशान हैं, तो कटेरी का काढ़ा बनाकर पी लें, इसके सेवन से सिरदर्द से राहत मिलती है**

रखा जाता है, और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। यह पित्त के अत्यधिक उत्पादन को नियंत्रित करता है, शरीर के तापमान को संतुलित करता है, और रक्त को शुद्ध करता है, जिससे त्वचा की समस्याएं जैसे मुंहासे और एक्जिमा में राहत मिलती है।

एक शोध के अनुसार, कटेरी में एंटी-अस्थमैटिक गुण मौजूद होते हैं, जो अस्थमा के लक्षणों को कम करने में बहुत मदद करते हैं। इसका इस्तेमाल सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याओं में भी राहत देता है। इसके अलावा, कटेरी के फूल गले की सूजन और खराश को कम करने में बहुत सहायक माने जाते हैं। काढ़ा बनाकर गरारा करने से गला साफ हो जाता है।

अगर आप सिरदर्द से ज्यादा परेशान हैं, तो कटेरी का काढ़ा बनाकर पी लें। इसके सेवन से सिरदर्द से राहत मिलती है। इसके अलावा, कटेरी के फूलों का रस माथे पर लगाने से सिरदर्द से राहत मिलती है।

पेट दर्द में भी कटेरी बहुत लाभदायक है। पेट दर्द से आराम के लिए कटेरी के फूल के बीजों का सेवन करने की सलाह दी जाती है। पेट दर्द से आराम के लिए बीजों को पीसकर, उसे छाछ में मिलाकर सेवन करें।

लिवर संबंधी समस्याओं के लिए भी कटेरी का सेवन बहुत फायदेमंद बताया जाता है। कटेरी लिवर के लिए बहुत अच्छा टॉनिक होता है। कटेरी के फूलों से बने काढ़े का सेवन करने से लिवर की सूजन और इन्फेक्शन की समस्या से राहत मिलती है।

खांसी, बुखार, अस्थमा, सिरदर्द, पेट दर्द, लिवर और त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए कटेरी का सेवन करने से पहले आयुर्वेदिक चिकित्सक से सलाह लेना जरूरी है। इस्तेमाल करने से पहले सलाह जरूर लें, क्योंकि कटेरी के काढ़ा का अधिक मात्रा में सेवन करने से उल्टी की शिकायत हो सकती है।



# महादेव बुक ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में 60 जगहों पर छापेमारी

## सीबीआई की छत्तीसगढ़, मप्र, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में दबिश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को महादेव बुक ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले की जांच में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के भोपाल, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और दिल्ली में 60 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान राजनेताओं, वरिष्ठ नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों, महादेव बुक के प्रमुख पदाधिकारियों और मामले में संदिग्ध अन्य लोगों से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली गई। केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने आज इस संबंध में जानकारी दी। यह मामला रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर द्वारा प्रवर्तित एक ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच महादेव बुक के अवैध संचालन से संबंधित है, जो वर्तमान में दुबई में रहते हैं। तलाशी के दौरान डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य पाए गए और उन्हें जब्त कर लिया गया। तलाशी जारी है। इस दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के रायपुर के सरकारी और भिलाई के निजी आवास पर आज सुबह सीबीआई ने छापेमारी की। सीबीआई ने भूपेश के कई सहयोगियों और करीबियों के घरों पर भी छापेमारी की। सीबीआई जांच से पता चला है कि प्रमोटरों ने कथित तौर पर अपने अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क के सुचारू और निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए लोकसेवकों को 'सुरक्षा धन' के रूप में पर्याप्त मात्रा में भुगतान किया। शुरुआत में मामला आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) रायपुर द्वारा दर्ज किया गया। बाद में मामले को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वरिष्ठ सार्वजनिक अधिकारियों और अन्य आरोपी व्यक्तियों की भूमिका की व्यापक जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया।

**● डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य जब्त किए गए**



### छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर सीबीआई का छापा, पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झड़प

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के रायपुर के सरकारी और भिलाई के निजी आवास पर आज सुबह सीबीआई ने छापा मारा। इसकी भनक मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचने लगे। बंगले के चारों ओर बैरिकेट्स लगाकर पुलिस को तैनात किया गया है। इस दौरान कॉलोनी में रहने वाले एक कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस के बीच झड़प हो गई। बताया जा रहा है कि वह बघेल सर्मथकों को लेकर घर के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस के रोकने पर वह गुस्से में आकर तू-तू मैं-मैं में उतर आया। बताया गया है कि सीबीआई ने भूपेश के कई सहयोगियों और करीबियों के घरों पर भी धावा बोला है। भिलाई में ही विधायक देवेंद्र यादव के घर पर भी सीबीआई की टीम पहुंची है। इसके अलावा पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, आईपीएस अभिषेक पल्लव के भिलाई निवास, आईपीएस आरिफ शेख, पूर्व रायपुर आईजी और वरिष्ठ आईपीएस आनंद छाबड़ा के शांति नगर सरकारी आवास पर सीबीआई के अधिकारियों ने छापा मारा है।

## गाजियाबाद : तंदूर में रोटी बनाते समय थूकने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति द्वारा तंदूर में रोटी बनाते समय उस पर थूकने की घटना प्रकाश में आई है। यह मामला तुलसी निकेतन चौकी क्षेत्र के गगन विहार इलाके का है। पुलिस कंट्रोल रूम ने घटना की सूचना मिलते ही तुरंत एक टीम को मौके पर भेजा, जहां जांच के दौरान पुष्टि हुई कि एक व्यक्ति रोटी बनाते समय अनुचित कृत्य कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गगन विहार निवासी मनीष के यहां 25-26 मार्च की रात माता का जागरण आयोजित किया गया था। इस धार्मिक आयोजन के दौरान भोजन की व्यवस्था की गई थी, जिसके लिए तंदूर में रोटी बनाने के लिए शावेज को बुलाया गया था। शावेज पेशे से तंदूर में रोटी बनाने का कार्य करता है। जब वह तंदूर में रोटी बना रहा था, तभी किसी व्यक्ति ने उसे रोटी पर थूकते हुए देख लिया और इसका वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। जैसे ही इस घटना की सूचना पुलिस को मिली, तत्काल थाना टीला मोड़ की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि वायरल वीडियो में दिख रहा व्यक्ति शावेज ही है, जो तंदूर में रोटी बनाते समय उस पर थूक रहा था। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी शावेज को हिरासत में ले लिया। इस पूरे मामले में थाना टीला मोड़ में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है और आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। इस घटना पर सहायक पुलिस आयुक्त, शालीमार गार्डन, कमिश्नरेट गाजियाबाद, सलोनी अग्रवाल ने बयान जारी कर कहा कि इस तरह की घटनाओं को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। दूसरी तरफ, इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा देखने को मिल रहा है। लोग इस कृत्य की निंदा कर रहे हैं और आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## एसएसबी ने 30 बोरा यूरिया खाद के साथ दो नेपाली तस्करो को किया गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** एसएसबी के बरहरवा पोस्ट के जवानों ने बुधवार की अहले सुबह गश्त के दौरान रेगनिया गांव के समीप पिलर संख्या 369/06 से पचास मीटर दूरी पर भारत से तस्करी कर नेपाल ले जा रहे तीस बोरा यूरिया खाद और पांच साइकिल के साथ दो नेपाली तस्कर को पकड़ा है। उक्त तस्कर की पहचान नेपाल के सिमरौंनगढ थाना क्षेत्र के डाट गांव निवासी विनोद मुखिया और कृष्णदेव मुखिया,जो दोनों पिता- पुत्र बाप बेटा बताये गये हैएसएसबी जवानो को देख कर मौके से तीन तस्कर भागने में सफल रहे। इसकी जानकारी देते एसएसबी के उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि इन दिनो यूरिया तस्करो की बढी गतिविधियो के मद्देनजर सीमा पर चौकसी बढा दी गई।गश्ती टीम में उप निरीक्षक रामकृष्ण ओझा ,मुख्य आरक्षित भूपेश कुमार,सामान्य आरक्षित गजनीश सिंह व सिकंदर शामिल रहे।

## देशवासियों को 'राम' भी चाहिए, 'रोटी' भी चाहिए: नित्यानंद राय

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को कहा कि देशवासियों को 'राम' भी चाहिए और 'रोटी' भी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों काम कर रहे हैं। उन्होंने इस क्रम में बिहार के सीतामढ़ी में भव्य सीता मंदिर निर्माण की भी बात दोहराई। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण भी कराया और रोजगार देकर रोटी भी दी, जिसके कारण देश से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए।उन्होंने आगे कहा, "भगवान राम के बिना मां सीता कहां और मां सीता के बिना भगवान राम कहां? केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीता मईया के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर निर्माण की घोषणा की है। पुनौरा धाम में भव्य मंदिर बनेगा और राम की अयोध्या में भव्य मंदिर और सीता मां के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर हमारे सनातन संस्कृति को मजबूत करेगा।

## पंजाब में कराई जाएगी 'ड्रग जनगणना' मान सरकार ने बजट में किया ऐलान

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार राज्य में पहली बार ड्रग जनगणना करवाएगी। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बुधवार को विधानसभा में आम आदमी पार्टी सरकार का चौथा बजट पेश करते हुए यह ऐलान किया। इस गणना के माध्यम से पंजाब सरकार राज्य के हर घर में नशा करने वाले व्यक्ति की पहचान करेगी और यह पता लगाएगी कि वह कब से और किस तरह का नाश कर रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस गणना के माध्यम से राज्य में नशा करने वाले लोगों का डाटा एकत्र करके उन्हें नशे से बाहर निकालने की योजना बनाई जाएगी। पंजाब सरकार ने ड्रग जनगणना करवाने के लिए 150 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान रखा है। राज्य में यह गणना इसी साल शुरू करवाई जाएगी।सीमा पार से हो रही नशा तस्करी के मुद्दे को बजट में उठाते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब में 50 किलोमीटर का एरिया बीएसएफ के अधीन आता है इसलिए पंजाब सरकार सीमावर्ती क्षेत्र के लिए 5000 होमगार्ड कर्मचारियों की भर्ती करेगी। यह होमगार्ड कर्मचारी बीएसएफ के लिए सेकेंड लाइन सिक्योरिटी का काम करेंगे। पंजाब की पाकिस्तान से सटी सीमा पर एंटी ड्रोन प्रणाली विकसित करने के लिए बजट में 110 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब सरकार ने एक मार्च 2025 से युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान शुरू किया है, जिसके तहत महज एक माह के भीतर राज्य में 2136 एफआईआर दर्ज की गई हैं। पंजाब पुलिस ने इस अभियान के तहत 3816 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है।

## आरा रेलवे स्टेशन पर पिता-पुत्री की हत्या के बाद सनकी युवक ने खुद को भी गोली मारी

**आरा।** बिहार के आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर मंगलवार शाम एक सनकी युवक ने पहले दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी और फिर बाद में खुद को भी गोली मार ली। तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गोली चलने के बाद कुछ समय के लिए रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी रही। पुलिस प्रथम दृष्टया इस घटना के पीछे प्रेम प्रसंग को कारण मानकर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि आरा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को फुट ओवर ब्रिज से अनिल कुमार अपनी बेटी आयुषी उर्फ जिया के साथ प्लेटफॉर्म नंबर 2 की ओर जा रहे थे। तभी एक युवक वहां पहुंचा और पिता-पुत्री को गोली मार दी। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई है। गोली की आवाज सुनकर प्लेटफॉर्म पर भगदड़ मच गई। रेलवे पुलिस और स्थानीय प्रशासन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल पर ही तीनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अनिल कुमार (55), उनकी बेटी जिया कुमारी (18) और आरोपी युवक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी अमन कुमार (22) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पिता अनिल अपनी पुत्री को छोड़ने रेलवे स्टेशन पहुंचे थे जो दिल्ली जाने वाली थी। फिलहाल, घटना के पीछे की वजह साफ नहीं हो पाई है। हालांकि, पुलिस प्रथम दृष्टया इसे प्रेम प्रसंग से जोड़कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है तथा पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना स्थल पर जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और रेलवे पुलिस भी पहुंच गई है।

## मैं जब भी सदन में खड़ा होता हूं, मुझे बोलने नहीं दिया जाता : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को स्पीकर पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं जब भी लोकसभा में अपनी बात रखने के लिए खड़ा होता हूं, तो मुझे बोलने नहीं दिया जाता। मैं नहीं जानता कि सदन किस प्रकार चल रहा है। दरअसल, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा कि सदन के आचरण और मर्यादा का पालन करें, कुछ घटनाएं सदन के लिहाज से ठीक नहीं थीं। जिसके बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, "एक कन्वेंशन है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने दिया जाता है। मैं जब भी खड़ा होता हूं तो मुझे बोलने नहीं दिया जाता। मैं नहीं जानता कि सदन किस प्रकार चल रहा है। यहां हम जो कहना चाहते हैं, हमें कहने नहीं दिया जाता है। मैंने कुछ नहीं किया है, मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। मैं एक शब्द नहीं बोला। पिछले 7-8 दिन से बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, ''लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष की जगह होती है, लेकिन यहां विपक्ष की कोई जगह नहीं है। यहां केवल सरकार की जगह है। उस दिन प्रधानमंत्री मोदी ने महाकुंभ मेले के बारे में बोला, जिसमें मैं अपनी बात जोड़ना चाहता था। मैं कहना चाहता था कि बहुत अच्छा है, महाकुंभ मेला हुआ। मैं बेरोजगारी के बारे में कुछ कहना चाहता था। लेकिन, मुझे नहीं बोलने दिया गया।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# देश में सभी संस्थाओं को साथ मिलकर काम करना है : जगदीप धनखड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज सदन में कहा कि देश में सभी संस्थाओं को एक साथ मिलकर काम करना है। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले जले नोटों की जांच ठीक से होनी चाहिए। उन्होंने सदन में यह टिप्पणी कल हुई सर्वदलीय बैठक की जानकारी देते हुए की। धनखड़ ने इस बैठक को सार्थक बताया।

उन्होंने कहा कि यह मुद्दा जनता के मन को झकझोर रहा है। बैठक में सदन के नेता और विपक्ष के नेता सहित राजनीतिक दलों के नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। विस्तार में जाने की आवश्यकता



नहीं है। विचार-विमर्श सर्वसम्मति से हुआ। यह चिंता को दर्शाता है। यह मुद्दा संस्थाओं के बीच का नहीं है। ऐसा नहीं है कि कार्यपालिका, विधायिका या न्यायपालिका एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी हैं।

उन्होंने कहा कि सदन के नेता और विपक्ष के नेता अपने-अपने दलों और अन्य सभी संबंधित पक्षों से व्यापक परामर्श करेंगे। इसके बाद वे आगे के विचार-विमर्श के लिए उनके समक्ष आएंगे। सदन के नेता और विपक्ष के नेता दोनों ने अन्य लोगों के साथ अपने विचार साझा करने के बाद यही निष्कर्ष निकाला है। उल्लेखनीय है कि जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर कथित तौर पर भारी मात्रा में जले नोटों की जांच शुरू हो चुकी है। इस मामले पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कल सर्वदलीय बैठक आहूत की थी। हालांकि बैठक में इस मसले पर कोई समाधान नहीं निकल सका। अगले हफ्ते सदन में इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है।

## कुणाल कामरा को नहीं मिली मोहलत, नया समन जारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नाम लिए बगैर उन पर किए गए विवादित टिप्पणी को लेकर स्टैंड-अप कमीडियन कुणाल कामरा की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। मुंबई की खार पुलिस ने उनकी मोहलत की मांग को खारिज करते हुए बुधवार को दूसरा समन भेजा और पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया। कुणाल कामरा को खार पुलिस ने समन भेज मंगलवार को 11 बजे हाजिर होने के लिए कहा था, लेकिन कामरा हाजिर नहीं हुए और हाजिर होने के लिए एक हफ्ते का समय मांगा था। पुलिस ने उनकी मांग को खारिज कर नया समन भेजा है। खार पुलिस ने हैबिटेट स्टूडियो से जुड़े कई लोगों से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया।

## मीरा-भायंदर के अवैध दरगाह पर चलेगा बुलडोजर

**मुंबई।** मुंबई के सटे मीरा भयंदर में स्थित एक अवैध दरगाह पर बुलडोजर चलने की संभावना जताई जा रही है। यह मुद्दा पहले मुंबई नगर निगम के परिषद में उठाया गया था, और अब इसे लेकर व्यापक चर्चा चल रही है। भाजपा एमएलसी निरंजन दावखरे ने बताया कि यह अवैध दरगाह 2003 से उत्तन इलाके में स्थित है। उन्होंने कहा कि संबंधित ट्रस्ट ने इस दरगाह के साथ अपने संबंधों से इनकार किया है और पत्र लिखकर यह बताया है कि इस संरचना से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन ने इस पर रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें कहा गया है कि यह संरचना एक खतरनाक स्थान पर स्थित है, जो मुंबई और ठाणे के बीच है और यहां अवैध गतिविधियों का होना संभव है। निरंजन दावखरे ने आगे कहा कि इस मुद्दे पर कई बार अदालत में जनहित याचिका दायर की गई थी, लेकिन अब यह मामला गंभीर हो गया है।

# पटना में वक्फ बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों के विरोध-प्रदर्शन में लालू और तेजस्वी शामिल

**एजेंसी। पटना**

वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और देशभर के प्रमुख धार्मिक और सामाजिक मुस्लिम संगठनों ने बुधवार को पटना के गर्दनीबाग में धरना दिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग भी पहुंचे। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू यादव और विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव भी धरना स्थल पहुंचे और इन संगठनों का पुरजोर समर्थन करने की घोषणा करते हुए बिल के विरोध करने की बात कही। इस विरोध में इमारत-ए-शरिया जैसे संगठनों के साथ-साथ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता भी शामिल हुए। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के साथ ही तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार के इस बिल को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि हम आखिरी दम तक इस बिल का विरोध करेंगे। यह




बिल मुसलमानों के अधिकारों का हनन करने वाला है। तेजस्वी यादव ने लालू यादव की ओर इशारा करते हुए कहा कि इस उम्र में भी ये यहां पहुंचे हैं, यह बताता है कि ये इस बिल के विरोध में हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारे नेता लालू यादव आपके साथ खड़े होने के लिए धरना स्थल पर आए हैं। चाहे हमारी पार्टी सत्ता में हो या नहीं हो, लेकिन हम लोग इस बिल का विरोध करते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष ने बुधवार को विधानसभा और विधान परिषद में वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया है। हम लोग इस बिल को गैर संवैधानिक और अलोकतांत्रिक मानते हैं। कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश कर रहे हैं और उनकी पार्टी इस कानून को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

इस धरने में विभिन्न मुस्लिम संगठनों से जुड़े लोग भी शामिल हुए। धरना स्थल पर पहुंचे लोगों ने भाजपा समेत एनडीए के उन राजनीतिक दलों के खिलाफ भी नाराजगी जताई, जिन्होंने बिल का समर्थन किया है। बिहार के कई जिलों से भी लोग यहां पहुंचकर इस धरने में शामिल हुए।

**आज का मैच**

सनराइजर्स हैदराबाद Vs लखनऊ सुपर जायंट्स

दिनांक: 27 मार्च, गुरुवार | स्थान: हैदराबाद | 7:30 बजे से

## IPL 2025-अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| एसआरएच | 01 | 01 | 00 | 02 |
| आरसीबी | 01 | 01 | 00 | 02 |
| पीके | 01 | 01 | 00 | 02 |
| सीएसके | 01 | 01 | 00 | 02 |
| डीडी | 01 | 01 | 00 | 02 |
| एलएसजी | 01 | 00 | 01 | 00 |
| एमआइ | 01 | 00 | 01 | 00 |
| जीटी | 01 | 00 | 01 | 00 |
| केकेआर | 02 | 00 | 00 | 00 |
| आरआर | 02 | 01 | 01 | 00 |

# कोलकाता ने राजस्थान को आठ विकेट से हराया




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन का छठा मुकाबला डिफेंडिंग चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जा रहा है। गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान टीम ने 152 रनों का टारगेट सेट किया। जवाब में केकेआर ने 2 विकेट गंवाकर 110 से ज्यादा रन बना लिए हैं। क्विंटन डिकॉक ने 36 गेंदों में फिफ्टी पूरी की। मैच में राजस्थान ने 9 विकेट गंवाकर 151 रन बनाए. टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने 28 गेंदों पर 33 रनों की पारी खेली। जबकि यशस्वी जायसवाल ने 24 गेंदों पर 29 रन बनाए। कप्तान रियान पराग ने 15 बॉल पर 25 रन जड़े। केकेआर टीम के लिए वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, मोईन अली और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट झटके। रहाणे ने कोलकाता की प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है. सुनील नरेन की तबीयत खराब है। उनकी जगह मोईन अली की एंट्री हुई है। दूसरी ओर राजस्थान के कप्तान रियान पराग ने भी एक बदलाव किया है। फजलहक फारूकी बाहर हैं। उनकी जगह वानिंदु हसारंगा की एंट्री हुई है।

इस सीजन में इन दोनों का ही यह दूसरा मैच है। दोनों टीमें अपना पहला मैच हार चुकी हैं। ऐसे में आज कोलकाता या राजस्थान, दोनों में से किसी एक का जीत का खाता खुलना तय है। नाइट राइडर्स को टूनामेंट के शुरूआती मैच में जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों 7 विकेट से हार का सामने करना पड़ा, वहीं राजस्थान को सनराइजर्स हैदराबाद ने 44 रनों की करारी शिकस्त दी थी।




## नंबर 1 टी2ड ऑलराउंडर बने हुए हैं हार्दिक पांड्या

**दुबई।** भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने अपना नंबर 1 टी2ड ऑलराउंडर स्थान बरकरार रखा है, जबकि अभिषेक शर्मा, नंबर 2 टी20 बल्लेबाज, और वरुण चक्रवर्ती, नंबर 2 टी20 गेंदबाज ने भी आईसीसी पुरुष टी2ड रैंकिंग में अपना स्थान हासिल किया है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने आईसीसी पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में महत्वपूर्ण छलांग लगाई है, जो चल रही पांच मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार शीर्ष पांच में शामिल हुए हैं। डफी माउंट माउंगानुई में 4/20 और ऑकलैंड में पिछले मैच में 1/37 के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत नवीनतम रैंकिंग अपडेट में सात पायदान चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर 115 रनों की शानदार जीत में उनके योगदान ने हत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिससे सीरीज में 3-1 की बढ़त हासिल हुई।डफी न्यूजीलैंड के एकमात्र गेंदबाज नहीं हैं, जिनकी रैंकिंग में उछाल आया है। माउंट माउंगानुई में 3/25 के आंकड़े के साथ उनका साथ देने वाले जकारी फाउलकेस ने 26 पायदान की छलांग लगाकर 64वां स्थान हासिल किया है। इस बीच, पाकिस्तान के हारिस राउफ ने भी महत्वपूर्ण प्रगति की है, पिछले दो मैचों में से प्रत्येक में तीन विकेट लेने के बाद 11 पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सीरीज में अपने लगातार प्रदर्शन के बाद अब्बास अफरीदी अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 36वें स्थान पर पहुंच गए हैं। नवीनतम रैंकिंग अपडेट में कई बल्लेबाजों ने भी महत्वपूर्ण लाभ हासिल किया है। माउंट माउंगानुई में 20 गेंदों में 50 रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के फिन एलन दो पायदान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके साथी मार्क चैपमैन ने ऑकलैंड में 94 रनों की शानदार पारी खेलकर 51वें से 41वें स्थान पर पहुंचकर और भी बड़ी छलांग लगाई है।



## पीएम मोदी और खेल मंत्री ने सेपक टकरा टीम को दी बधाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बिहार के पटना में पाटलिपुत्र स्टेडियम में आयोजित सेपक टकरा विश्व कप 2025 में भारतीय सेपक टकरा दल के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी है। पीएम मोदी ने इस स्पर्धा में भारत के पहले स्वर्ण पदक के साथ इतिहास रचने के लिए पुरुष रेगु टीम की भी सराहना की। महिला टीम ने भी इस वर्ग में कांस्य पदक हासिल कर देश को गौरवान्वित किया। एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा, सेपक टकरा विश्व कप 2025 में शानदार खेल उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने के लिए हमारे दल को बधाई! दल ने 7 पदक जीते। पुरुष रेगु टीम ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक लाकर इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा, यह शानदार प्रदर्शन वैश्विक सेपक टकरा क्षेत्र में भारत के लिए एक आशाजनक भविष्य का संकेत देता है। युगल वर्ग में, भारतीय महिला टीम ने म्यांमार के खिलाफ एक करीबी मुकाबले के बाद रजत पदक हासिल किया।

## भारतीय निशानेबाजों का पहला जत्था अर्जेंटीना विश्व कप के लिए रवाना



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** 22 भारतीय निशानेबाजों का पहला जत्था 13 सहायक कर्मचारियों के साथ अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स के लिए सुबह-सुबह रवाना हो गया। वे वर्ष के पहले अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप चरण में भाग लेंगे, जिसके लिए प्रतियोगिताएं 3 अप्रैल से शुरू होंगी। 35 निशानेबाजों का भारतीय दल निर्धारित समय पर सभी 15 पदक स्पधाओं में भाग लेगा, जिसमें 12 व्यक्तिगत और तीन मिश्रित टीम स्पधाएं शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक में दो बार पदक जीतने वाली मनु भाकर एकमात्र एथलीट हैं, जिन्होंने दो व्यक्तिगत स्पधाओं में कट बनाया है। टीम के बाकी सदस्य 29 मार्च को रवाना होंगे, क्योंकि उनकी प्रतियोगिताएं टूनार्मेंट के अतिम चरण में शुरू होंगी।

कुछ अपवादों को छोड़कर, सभी निशानेबाजों ने 14 मार्च से दिल्ली में डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा आयोजित पिछले राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया, ताकि दक्षिण अमेरिका में होने वाले दोहरे विश्व कप से पहले अंतिम तैयारी की जा सके, जिसमें ब्यूनस आयर्स में सीजन के पहले मैच के ठीक बाद पेरू के लीमा में दूसरा विश्व कप आयोजित किया जाएगा।

## विनेश को ओलंपिक रजत पदक विजेता के समान मिलेगा सम्मान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य सरकार ने कुश्ती से राजनीति में आईं कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट को ओलंपिक रजत पदक विजेता के बराबर लाभ देने का फैसला किया है। यह निर्णय राज्य की खेल नीति के तहत लिया गया है। जिंद जिले की जुलाना विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने हाल ही में यह मुद्दा विधानसभा सत्र के दौरान उठाया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि हरियाणा सरकार की खेल नीति के अंतर्गत ओलंपिक रजत पदक विजेता को तीन प्रमुख लाभ दिए जाते हैं - चार करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार, ग्रुप ए के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ी की सरकारी नौकरी और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का एक प्लॉट।

## जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया




**एजेंसी। मियामी**

छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने बुधवार (भारतीय समयानुसार) को 15वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ 6-2, 6-2 से जीत के साथ एटीपी मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

37 वर्षीय खिलाड़ी, जो अब अपने 100वें टूर-लेवल खिताब से तीन जीत दूर हैं, अब उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा।

यह 2019 के बाद से मियामी में जोकोविच की पहली उपस्थिति है। एटीपी के अनुसार, 2016 में क्रैंडन पार्क में खिताब जीतने के बाद से वह क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचे थे। जोकोविच शुरूआती ब्रेक में पिछड़ गए और उन्हें समय उल्लंघन की चेतावनी दी गई। वह क्षण निर्णायक साबित हुआ, क्योंकि 40 बार के मास्टर्स 1000 विजेता ने वहीं से लय हासिल कर ली। चौथे वरीय खिलाड़ी ने लगातार नौ गेम जीतकर घाटे को भूस्खलन में बदल दिया, और अंततः एक घंटे और 23 मिनट के बाद अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली।

सेरेना विलियम्स और जुआन मार्टिन डेल पोत्रो (अर्जेंटीना के खिलाड़ी उनके बॉक्स में थे) के सामने जोकोविच ने शानदार प्रदर्शन किया।

जोकोविच ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मैं स्टारस्ट्रक था! फर्स्ट डेलपो को देखना अद्भुत था, जाहिर तौर पर एक लंबे समय से दोस्त और प्रतिद्वंद्वी, उन्हें अपने आस-पास पाकर और बॉक्स से उनका समर्थन पाकर बहुत खुश था।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त कोयला भंडार मौजूद : केंद्रीय मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के ताजा अनुमानों के अनुसार, इस वर्ष 1 मार्च तक भारत के पास कोयला और लिग्नाइट के क्रमशः 389.42 अरब टन और 47.29 अरब टन भंडार मौजूद हैं, जो देश की ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं। यह जानकारी बुधवार को सरकार द्वारा दी गई।

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि देश के मौजूदा कोयला भंडार का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा रहा है और देश की ऊर्जा जरूरतों का 55 प्रतिशत हिस्सा कोयला से पूरा किया जा रहा है।

लिग्नाइट, जिसे भूरा कोयला भी कहा जाता है, एक प्रकार का कोयला है जिसमें अन्य प्रकार के कोयले की तुलना में कम कार्बन, कम ऊर्जा मूल्य और अधिक नमी होती है और इसलिए इसे अलग से सूचीबद्ध किया जाता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कोयले के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने पर है। देश में वर्ष 2023-24 में अब तक का सबसे अधिक 997.826 मिलियन टन (एमटी) कोयला उत्पादन दर्ज किया गया था, जो वर्ष 2022-23 के 893.191 एमटी से 11.71 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने आगे कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में फरवरी 2025 तक देश के कोयला उत्पादन में 5.45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और यह बढ़कर 929.15 एमटी हो गया है, जबकि 2023-24 की इसी अवधि में यह 881.16 मीट्रिक टन था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देश में कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें कोयला ब्लॉकों के विकास में तेजी लाने के लिए कोयला मंत्रालय द्वारा की जाने वाली नियमित समीक्षा भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, कोयला सेक्टर के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस पोर्टल और कोयला ब्लॉक आवंटियों को विभिन्न अनुमोदन प्राप्त करने में सहायता के लिए प्रोजेक्ट मॉनिटर यूनिट ने कोयला खदानों के परिचालन में तेजी लाने में मदद की है।

देश की ऊर्जा जरूरतों का 55 प्रतिशत हिस्सा कोयला से पूरा किया जा रहा है।



## एमएसएमई के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान समूहों में करना होगा : सीईओ




**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** नीति आयोग के सीईओ, बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने बुधवार को कहा कि एमएसएमई के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान अलग-अलग नहीं, बल्कि समूहों में करना होगा। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा कि आज के एमएसएमई आने वाले समय में बड़े उद्यम बनेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार भी सूक्ष्म उद्यम को लघु उद्यम में, लघु उद्यम को मध्यम और मध्यम को बड़े उद्यम में बनने में मदद कर रही है।

नीति आयोग के सीईओ ने एमएसएमई के सामने आने वाली तीन प्रमुख चुनौतियों के बारे में बताया, जिसमें टेक्नोलॉजी में सुधार, स्किल्ड वर्कफोर्स और क्वालिटी सर्टिफिकेशंस शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि भारत तब तक एक विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता, जब तक देश अपने मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम के मानकों को नहीं बढ़ाता।

उन्होंने कहा कि एजुकेशन, स्किल और एमएसएमई तीनों विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

सुब्रह्मण्यम ने 'डिजिटल एक्सीलेंस फॉर ग्रोथ एंड एंटरप्राइस' या डीएक्स-ईडीजीई को भी लॉन्च किया। इसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से सशक्त बनाना है जिससे वह भविष्य के लिए तैयार हो सके, साथ ही प्रतस्पर्धी और मजबूत बन सके।

उन्होंने आगे कहा कि इस पहल के तहत देशभर में डिजिटल परिवर्तन सुविधा केंद्रो का एक नेटवर्क स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र एमएसएमएस कौशल और नवचार तक पहुंच प्रदान करेगा, जिससे वह स्थाई रूप से विस्तार कर सकें।

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 728 अंक गिरा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 728 अंक या 0.93 प्रतिशत गिरकर 77,288 और निफ्टी 181 अंक या 0.77 प्रतिशत गिरकर 23,486 पर था। बाजार में गिरावट की वजह हाल में आई तेजी के बाद मुनाफावसूली को माना जा रहा है। आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, रियल्टी, एनर्जी, पीएसई और सर्विसेज इंडेक्स कमजोरी के साथ बंद हुए। केवल ऑटो इंडेक्स ही हरे निशान में बंद हुआ है। पिछले सात कारोबारी सत्रों से निफ्टी में तेजी देखी जा रही थी। इस दौरान निफ्टी और सेंसेक्स में करीब 5.7 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली देखी गई। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 172 अंक या 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,936 और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 323 अंक या 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,646 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक एमएंडएम, पावर ग्रिड और टाइटन टॉप गेनर्स थे। एनटीपीसी, जोमैटो, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा, एसबीआई, एचयूएल और भारती एयरटेल टॉप लूजर्स थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के तकनीकी विश्लेषक रूपक दे का कहना है कि छोटी अवधि में निफ्टी अपने मूविंग एवरेज से फिसल गया है। फिलहाल एनएसई बेंचमार्क के लिए सपोर्ट 23,300 पर है।

## भारत हाइपरस्केलर्स के लिए बन रहा हॉटस्पॉट, डेटा सेंटर्स की बढ़ेगी मांग

**मुंबई।** भारत हाइपरस्केलर्स के लिए बड़े हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहा है। हैदराबाद और मुंबई जैसे शहरों में जमीनों का अधिग्रहण डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर में बढ़त को सपोर्ट कर रहा है। यह जानकारी एनारॉक कैपिटल की देवी शंकर ने आईएएनएस को बुधवार को दी। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में करीब 440 एकड़ जमीन का हाइपरस्केलर्स डेवलपमेंट के लिए अधिग्रहण किया गया है। वैश्विक क्लाउड प्रोवाइडर्स होने के नाते घरेलू कंपनियां उच्च क्षमता वाली सुविधाएं स्थापित कर रही हैं। देश में डेटा सेंटर इंडस्ट्री में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। बीते एक दशक में 6.5 अरब डॉलर का निवेश आया है। अब इसकी वैल्यू करीब 10 अरब डॉलर हो गई है और इंडस्ट्री की आय 2024 में 1.2 अरब डॉलर रही है। इस बढ़त की वजह इंटरनेट की पहुंच में वृद्धि, डेटा खपत का बढ़ना और प्रति स्मार्टफोन मोबाइल डेटा के उपयोग में वृद्धि होना है।

## नमो भारत ट्रेनों में यात्रा के लिए लॉयल्टी पॉइंट्स, मुफ्त सफर का सुनहरा अवसर



**नई दिल्ली।** नमो भारत ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक शानदार योजना शुरू की गई है। एनसीआरटीसी (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम) ने हाल ही में एक नया लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम शुरू किया है, जिसके तहत यात्री अपनी यात्रा पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपए पर एक लॉयल्टी पॉइंट अर्जित कर सकते हैं। पॉइंट्स न्यूनतम 300 तक जमा होने पर मुफ्त यात्रा के लिए रिडीम किए जा सकते हैं। यात्री नमो भारत ऐप का उपयोग करके डिजिटल क्यूआर टिकट बुक कर सकते हैं या फिर नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) से भुगतान कर सकते हैं। हर एक रुपए के खर्च पर एक लॉयल्टी पॉइंट मिलेगा, जिसका मूल्य 10 पैसे होगा। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई यात्री 100 रुपए का किराया चुकाता है, तो उसे 100 लॉयल्टी पॉइंट्स मिलेंगे, जिनकी कुल कीमत 10 रुपए होगी। यात्रियों को अपने लॉयल्टी पॉइंट्स बार-बार रिडीम करने में कोई कठिनाई न हो, इसके लिए एक साथ 5 ट्रिप्स तक रिडीम करने का प्रावधान रखा गया है। रिडीम की गई यात्राएं 7 दिनों तक मान्य रहेंगी।

### मोहम्मदगंज- महुआडांड़ पथ की हालत खराब

# जान हथेली पर रखकर सफर करने को विवश हैं ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** पीएमजीएसवाई से बनी मोहम्मदगंज- महुआडांड़ पथ ने पठारी क्षेत्र के माहूर, लोहबंधा, भरूही समेत आधा दर्जन गांवों में आवागमन का मार्गप्रशस्त किया है। इसका शिलान्यास सांसद वीडी राम ने प्रथम कार्यकाल के दौरान किया था। मगर, बनने के 2-3 साल में ही इसमें जगह-जगह खराबी आ गई है। ऐसी स्थिति में पठारी गांवों के ग्रामीण राजनडीह से महुडंडकी ओर वाहनों से जान हथेली पर रखकर सफर करने को विवश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के बाद पहली बार पीएमजीएसवाई से मोहम्मदगंज- महुआडांड़ रोड का निर्माण किया गया, तो पठारी इलाके के गांवों तक पहुंचना आसान हो गया था। इससे बाहर की दुनिया से जुड़ने का सुगम माध्यम मिल गया। जबकि पहले पथरीली और कंटकाकीर्ण राहों पर पगडंडियों के सहारे पैदल ही चलने की मजबूरी थी। मगर, इसके बनने के बाद इसमें आई खराबी के कारण इस रोड में खासकर चार पहिया वाहनों से सफर तय करना जोखिम भरा हो गया है। उन्होंने बताया कि सड़क में आई खराबी के कारण भाड़े की गाड़ियां खासकर, इक्के दुक्के कमांडर जीप चलते हैं। ऐसे में बोरे की तरह लदकर सफर तय करना उनकी विवशता बन गई है।उन्होंने यह बताया है कि निर्माण के बाद इसकी मरम्मत की अवधि में भी इस पर काम नहीं किया जा सका है।

#### दो किमी में सड़क बनी ही नहीं

अव्वल, तो राजनडीह की ओर से झरीवा मोड़ से मुड़कटवा बाबा स्थान तक करीब 2 किमी में सड़क को बनने ही नहीं दिया गया है। ऐसे में संवेदक ने इतनी दूरी में सड़क को यूंही उसकी हालत पर छोड़ दिया है। जो जांच का विषय बताया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मुद्दे को अभी तक गंभीरता से नहीं लिया गया। जबकि पठारी गांवों के लिए यही मुख्य सड़क लाइफ लाइन है। बरसात के दिनों में तो इतनी दूरी तय करना और भी मुश्किलों भरा होता है। प्रखंड और थाने के साथ ही बड़े बाजार व स्कूल से अस्पताल तक वाहनों पर बोरे जैसे लदकर हिलोरे खाते भगवान भरोसे ही आना-जाना पड़ता है।

## ट्रक व बाइक के टक्कर में एक युवक घायल

**रंका।** रंका - मानपुर मुख्य सड़क पर ट्रक और बाइक के टक्कर में एक युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को विक्रम भुईया का पुत्र कमलेश भुईया (18) मतौली से रंका की जा रहा था। इसी क्रम में मालवाहक ट्रक से बाईक अनियंत्रित होकर टक्कर मारी दिया। ट्रक स्पीड होने के कारण बाइक समेत युवक ट्रक के नीचे चला गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे देखकर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हो गये। स्थानीय लोगों ने आनन- फानन में घायल युवक को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया।युवक का इलाज जारी है।

## जिला स्थापना दिवस की तैयारियां पूर्ण करने का डीसी ने दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** 04 अप्रैल को जिला स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला स्थापना दिवस को भव्य तरीके से मनाने की रूपरेखा तैयार की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिला स्थापना दिवस का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। बैठक में जिला स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा कर रणनीति तय की गयी। जिला स्थापना दिवस पर सुबह प्रभात फेरी निकालने का निर्णय लिया गया। इसके पश्चात जिले के जन प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा कारगिल पार्क में स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। जिला खेल स्टेडियम में क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर सर्वसम्मति से रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, नाटक और संगीत की प्रस्तुति होगी। बैठक के दौरान जिला स्तर पर विकास मेला आयोजित करने पर भी सहमति बनी। विकास मेले में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही लाभार्थियों को संपत्ति का वितरण किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर जिला स्थापना दिवस की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। इस बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिले के प्रबुद्ध नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# स्मार्ट फोन देकर आधुनिक सूचना तंत्र से जोड़ने का प्रयास : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से बुधवार को पलामू जिला में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविका, महिला पर्यवेक्षिका और प्रखंड समन्वयक को स्मार्ट फोन दिया गया। पलामू के समाहरणालय सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने पोषण अभियान के तहत प्रतिकात्मक रूप से आंगनबाड़ी सेविकाओं, महिला पर्यवेक्षिका एवं पोषण अभियान से जुड़े प्रखंड समन्वयक को स्मार्टफोन एवं उससे जुड़े सामग्री प्रदान की। डीडीसी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका, पर्यवेक्षिका एवं प्रखंड समन्वयक को आधुनिक सूचना तंत्र से जोड़ने के लिए सरकार का यह बड़ा प्रयास है। स्मार्ट फोन मिलने से आंगनबाड़ी को संबंधित रिपोर्ट प्रतिदिन जिला और विभाग को साझा करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन मिलने से आंगनबाड़ी सेविका, पर्यवेक्षिकाएं अपने काम को और बेहतर बनाएंगे। उन्होंने सभी से अपने कार्य-दायित्वों का सरल, सुलभ और ईमानदारी पूर्वक निर्वहन कर समार्टफोन दिए जाने के उद्देश्यों को पूर्ण करने की बातें कही। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों को समय से खोलने, बच्चों को शिक्षा प्रदान करने, उन्हें पौष्टिक पोषाहार उपलब्ध कराने एवं जरूरी फोटोग्राफ और प्रतिदिन की रिपोर्ट विभाग के अधिकृत प्लेटफॉर्म (पोषण ट्रैकर) पर साझा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन मिलने से पोषण ट्रैकर में डाटा इंट्री करने, फेस ऑथेंटिकेशन और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य कर जिला एवं राज्य में अपना नाम रोशन करें।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि जिले में 2625 आंगनबाड़ी सेविका, 30 पर्यवेक्षिका एवं 1 प्रखंड समन्वयक हैं। इन सभी को स्मार्टफोन, डस्ट प्रूफ पाउच, बैक कवर, टेम्पर्ड ग्लास एवं एडॉप्टर उपलब्ध कराया गया है। स्मार्टफोन मिलने से सभी डिजिटल रूप से सक्षम बन सकेंगी। वहीं प्रत्येक दिन की गतिविधियां विभाग को आसानी से साझा कर सकेंगी। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नगर आयुक्त ने जलापूर्ति योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई



**पलामू।** नगर आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में पेयजल और स्वच्छता विभाग अंतर्गत संचालित योजना स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन के कार्य की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान समाहरणालय सभागार में बुधवार को हुई समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद और पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता-सह- जिला जल तथा स्वच्छता समिति के सदस्य सचिव कामेश्वर गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे। नगर आयुक्त ने सभी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्य में शिथिलता बरतने वाले एजेंसियों के खिलाफ आर्थिक दण्ड लगाते हुए ब्लैक लिस्ट करने संबंधी कार्रवाई की चेतावनी दी। नगर आयुक्त ने निमियां ग्रामीण जलापूर्ति योजना, मझिगांवा ग्रामीण जलापूर्ति योजना और तोलरा बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित कार्यकारी एजेंसी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मद्देनजर जलापूर्ति योजनाओं के कार्य प्रगति में तेजी लाते हुए पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को जलापूर्ति की जा सके। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में पेयजल संकट गहराता है। योजनाएं पूर्ण नहीं होने से क्षेत्र में पेयजलापूर्ति में समस्या आएगी।

## जुलूस में डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध : थानेदार

**नवीन मेल संवाददाता**



**मनिका।** मनिका थाना परिसर में बुधवार दिन को बीडीओ संदीप कुमार की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी सरहुल ईद व रामनवमी पुजा में किसी प्रकार से कोई व्यवधान उत्पन्न न हो सके। इसके लिए बैठक मे उपस्थित शांति समिति के सदस्यो ने अपना अपना विचार प्रकट किया। इस दौरान प्रखंड प्रशासन को शांति समिति के सदस्यो ने ध्यानआकृष्ट करते हुए बताया की मनिका थाना से महज दो सौ मीटर दुर सरना स्थल है। जहां पर सरहुल के दिन आदिवासी समाज के लोग अपने देवी देवताओ की पूजा करते है। उक्त स्थल को जाने वाला रास्ता को मनिका सीओ के द्वारा व्यक्तिगत लाभ के नियत से रास्ते की बंदोबस्ती कर दी गई है। अंचल की इस लापरवाही से पुजा पाठ के दौरान अराजकता की स्थिति बन सकती है। बीडीओ व थानेदार ने इस मामले को अपने स्तर से देखने की बात कही। बैठक में थानेदार शशि कुमार ने कहा की ईद सरहुल व रामनवमी पुजा को लेकर प्रखंड प्रशासन पुरी तरह से मुस्तैद है। रामनवमी पुजा में डीजे पर पुर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। वही सोशल मिडिया पर जिला प्रशासन की पैनी निगाह है। थानेदार ने कहा की पुजा व जुलूस के दौरान पुजा समिति के सदस्य अपना पहचान पत्र बनाकर गले मे टांग कर रखे। ताकी प्रशासन समिति का भी सहयोग ले सके। वही पुजा समिति से प्रखंड प्रशासन ने आग्रह किया है की पुजा के दौरान सभी कार्यो की समय सारणी की पुजा जानकारी थाना को दे। वही बीडीओ संदीप कुमार ने शांति समिति के सदस्यो को संबोधित करते हुए सरहुल ईद व रामनवमी पुजा की बधाई दी। वही कहा की सरहुल व रामनवमी पुजा के दौरान सड़क पर जाम की स्थिति न बने इसके लिए सड़क किनारे टेम्पू आदि वाहनो को अनावश्यक रूप से खड़ा नही करने दिया जायेगा। वही कहा की मनिका प्रखंड प्रशासन पुरी तरह से सजग है। उन्होंने पुजा के दौरान प्रखंड के सभी गणमान्य लोगो से भी प्रखंड प्रशासन के सहयोगी के तौर पर हाथ बंटाने की अपील व अपेक्षा किया है।

## अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे खड़ी टेंपो से टकराई युवक गंभीर रूप से घायल

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के ढाब कला ग्राम स्थित मध्य विद्यालय के समीप एनएच 139 पर बुधवार की शाम सड़क पार कर रहे वृद्धा की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई।मृतका की पहचान ढाब कला निवासी रामजी प्रसाद मेहता की वर्षीय पत्नी 65 वर्षीय धनपतीया देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि उक्त वृद्धा सड़क पार कर अपने घर जा रही थी। इस दौरान छतरपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक सीजी 10 एएल 7652 ने वृद्धा को टक्कर मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने चालक को पकड़ लिया। साथ ही सड़क को जाम कर दिया है। बाद में सूचना पाकर हरिहरगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर चालक को कब्ज में ले लिया । साथ ही सड़क जाम हटाने के लिए लोगों को समझने का प्रयास कर रही है।

## स्प्रिट व अंग्रेजी शराब बरामदगी मामले में गिरफ्तार दोनों कारोबारी गए जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के महुअरी गांव में पत्थर खदान के समीप से 60 लाख की स्प्रिट और अंग्रेजी शराब बरामद मामले में गिरफ्तार दो कारोबारियों को बुधवार को जेल भेज दिया गया है। इस धंधे के तीन पार्टनर फरार हैं, उनकी तलाश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को उत्पाद विभाग और नौडीहा बाजार थाना पुलिस की कार्रवाई में महुअरी गांव के पक्के मकान से 560 जरकीन में 22400 लीटर स्प्रिट जब्त की गयी थी। इसी मकान से सटे एक अन्य कच्चे मकान से 1375.920 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गयी थी। उत्पाद अधीक्षक संजीत कुमार देव ने बुधवार को बताया कि घटनास्थल से महुअरी के ही धीरज कुमार सिंह और बिहार के समस्तीपुर जिले के विद्यापति थाना क्षेत्र के मउ बाजार के राजा कुमार पांडेय को गिरफ्तार किया गया था। धीरज ने बयान दिया है कि इस काम के लिए विजय सिंह, बसंत गुप्ता उर्फ भंडारी और वीरेन्द्र सिंह स्प्रिट लाकर महुअरी में रखते थे और बिहार के गया और औरंगाबाद एवं स्थानीय स्तर के अवैध कारोबारियों से बेचते थे।

### बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, मचा हड़कंप

# सात पर केस दर्ज, 60 हजार का लगा जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के करडंडा और भाली गांव में बिजली चोरी के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इसके तहत 7 लोगों को अवैध तरीके से बिजली का दुरुपयोग करते पाया गया। है। सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धाराओं के तहत स्थानीय थाने में केस दर्ज कराया गया है। इस अभियान का नेतृत्व जपला विद्युत अवर प्रमंडल के सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो ने किया।उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान अवैध तरीके से बिजली का दुरुपयोग करते करडंडा गांव निवासी संजय साव, चंद्रदेव रजवार, दशरथ साव, राजेश प्रजापति, कृष्णा बैठा जबकि भाली गांव निवासी अजय कुमार सिंह और बुच्ची देवी को पाया गया। इनके खिलाफ बिजली चोरी को लेकर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ ही कुल मिलाकर 60 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी को रोकने के लिए छापेमारी अभियान चलाया जाता रहेगा। उन्होंने आम लोगों से ऐसा करने से परहेज करते हुए वैध कनेक्शन से बिजली का उपयोग करते हुए इसकी चोरी करने वाले की सूचना देने का आग्रह किया है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी अभियान में मानव दिवस कर्मी रंजय कुमार, ललितेश्वर मेहता, मंटू मेहता और ऊर्जा मित्र रविशंकर सिंह भी शामिल थे। इस छापेमारी अभियान से हड़कंप मच गया है।

### रामनवमी और ईद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

# आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**



**इटखोरी(चतरा)।** बुधवार को इटखोरी थाना परिसर में रामनवमी पूजा और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी सविता कुमारी ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष युगेश्वर यादव उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ व थाना प्रभारी ने मौजूद जनप्रतिनिधियों व पूजा कमिटी के सदस्यों से रामनवमी पर जुलूस निकालने को लेकर रूट की जानकारी लिया। साथ ही पूजा संचालकों को निर्धारित संयम से समय सीमा के अंदर जुलूस निकालने को कहा गया। वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों आदि ने आगामी दोनों पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने की बात कही। थाना प्रभारी ने कहा की बाधा उत्पन्न करने वाले लोगों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। क्षेत्र में पुलिस गश्ती करते रहेंगे। बीडीओ कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार रामनवमी जुलूस के दिन डीजे रात 10 बजे तक ही बजाना है। डीजे में अश्लील गाने बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। उन्होंने कहा कि गाइडलाइन के अनुसार ही रामनवमी व ईद मनाने से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रख सकते हैं। रामनवमी एवं ईद में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम भी किया जाएगा। साथ ही सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी। मौके पर रामनवमी महासमिति अध्यक्ष टुन्नी सिंह, पंकज सिंह, सतीश सिंह, मुखिया विकास सिंह, मकसूद आलम, कैलाश सिंह, रामदेव यादव, श्याम सिंह, कपिल राम, अनुज दांगी, मोहम्मद मुजाहिर, सतीश सिंह, राजेन्द्र राम, संजय रजक, संतोष सोनी, रणधीर सिंह, विनोद यादव, पिन्टू पांडेय, प्रेम भुइयां समेत दोनो समुदाय के कई गणमान्य उपस्थित थे।

## पशुओं से भरा पिकअप पुलिस ने किया जब्त

**धुरकी।** थाना अंतर्गत उतरी सोनडीहा गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन (यूपी64एटी6220) को जब्त किया, जिसमें 06 गोवंशीय पशु लदे हुए थे। पुलिस की इस कार्रवाई से पशु तस्करों में हड़कंप मच गया। मौके पर वाहन चालक फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना धुरकी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि पशु तस्करी में संलिप्त एक वाहन अवैध रूप से गोवंशीय पशुओं को लेकर गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र में घेराबंदी की और संदेह होने पर एक पिकअप को रोकने की कोशिश की। लेकिन पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। जब पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, तो उसमें छह गोवंशीय पशु लदे हुए पाए गए। वाहन जब्त, जांच में जुटी पुलिस। पुलिस ने पिकअप को जब्त कर थाना परिसर में लाकर खड़ा कर दिया है।

## पेज एक के शेष

### मनरेगा मजदूरों को...

उन्होंने कहा कि हरियाणा में जहां मनरेगा मजदूरों को 376 रुपए मिलते हैं, झारखंड में केवल 235 रुपए मिलते हैं। एक करोड़ तीन लाख से भी ज्यादा मजदूर मनरेगा से जुड़े हैं। उनके पास उतनी संपत्ति भी नहीं है कि तीन-चार-पांच महीने बिना मजदूरी के रहें।

### नवीन जायसवाल ने...

विदित हो कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत सरकार से केंद्रांश की राशि अप्राप्त है, जिसके कारण निमाणार्धीन योजनाओं का कार्य बाधित है। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि पूरी परियोजना 24,665 करोड़ की है। 5,810 करोड़ रुपए राज्यांश के रूप में खर्च हो चुके हैं। 5,917 करोड़ केंद्रांश के रूप में मिला है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्रांश का एक भी रुपया नहीं मिला है। विधायक नवीन जायसवाल नीरव मोदी का कैलकुलेटर लेकर बैठे हैं। इस पर नवीन जायसवाल ने कहा कि केंद्र कोई एडवांस नहीं देता है। कंप्लीशन सर्टिफिकेट के बाद पैसा मिलता है। 50 फीसदी काम किया है, तो 100 फीसदी पैसा कहां से मिलेगा। इस पर मंत्री ने कहा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एचवाईडीटी लगाने पर विचार करेंगे।

### बदलते समय में...

सकारात्मक और नकारात्मक पहलू हैं। विशेषकर जिस तरह स्मार्टफोन के जरिए अपराध के विभिन्न स्वरूप सामने आ रहे हैं, वह काफी चिंता वाली बात है। ऐसे में यह आप पर निर्भर करता है कि आप किस रूप में स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं। अगर स्मार्टफोन का सुरक्षित तरीके से उपयोग करेंगे, तो इससे आपकी जिंदगी काफी आसान बन जाएगी। इसके उपयोग में सावधानी बरतना नितांत आवश्यक है। मौके पर मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक, सामाजिक सुरक्षा किरण पासी समेत कई अधिकारी तथा आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं पर्यवेक्षिकाएं मौजूद थीं।

### रांची में भाजपा...

लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, अनिल टाइगर कांके चौक के ठाकुर होटल के पास थे। इसी दौरान बाइक पर सवार अपराधियों ने उनके करीब पहुंचकर सिर में गोली मार दी। फायरिंग की आवाज सुनकर लोग दौड़े। सूचना मिलते ही कांके थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। अनिल टाइगर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनिल टाइगर की हत्या कर फरार हो रहे एक हत्यारे को एनकाउंटर कर धर दबोचा है। मिली जानकारी के अनुसार, हत्या के आरोपी को गांव वाले और पुलिस दोनों ही दौड़ा रही थी। इसी बीच पुलिस को निशाना बनाते हुए अपराधी ने फायरिंग की। पुलिस ने इसका जवाब फायरिंग से दिया। इसके बाद अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। अपराधी के पैर में गोली लगी है। घटना के दौरान प्रयोग में लाई गई बाइक को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस हमलावर से पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुभाष हत्याकांड में गिरफ्तार अपराधी ने अनिल टाइगर के संलिप्तता की बात कही है। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल और दूसरे पुलिस अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। पूर्व में यह सूचना थी कि जमीन विवाद की वजह से अनिल टाइगर की हत्या की गई है, लेकिन पूछताछ में अन्य मामला सामने आ रहा है। जानकारी के अनुसार, घायल अपराधी का नाम रोहित वर्मा है और वह रांची के पुंदाग इलाके का रहने वाला है। गिरफ्तार अपराधी ने पूछताछ में कई खुलासे किए हैं। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने कहा कि कांके में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की घटना हुई है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

**आजसू में भी रह चुके थे अनिल टाइगर :** भाजपा के रांची ग्रामीण जिला महामंत्री एवं जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर राजनीतिक रूप से काफी सक्रिय थे। उन्होंने भाजपा से पहले आजसू के लिए सक्रिय राजनीति की थी। वे कांके के ही रहने वाले थे। अभी वे कोकर में चड्ढा पेट्रोल पंप के पास रहते थे। दो दिन पहले ही अनिल टाइगर को कांके महावीर मंडल का अध्यक्ष बनाया गया था।

*झारखंड में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। आखिर कब तक झारखंड यूं ही गोलियों की आवाज में डूबता रहेगा?*

**– सीपी सिंह, रांची विधायक।**

*राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। राज्य अपराधियों और माफिया के हवाले है। जब जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं, तो आम जनता का भगवान ही मालिक है।*

**– सुदेश महतो, केंद्रीय अध्यक्ष, आजसू पार्टी।**

### बोकारो में सीबीआई...

उसने ट्रैक्टर छोड़ने के एवज में 15 हजार रुपए की मांग की थी। इसी मामले में ग्रामीण की ओर से मिली शिकायत के आधार पर पूछताछ के लिए सीबीआई की टीम बुधवार को धनराज चौधरी के सेक्टर नौ स्थित आवास पर पहुंची थी। टीम ने घर की तलाशी लेकर कई कागजात जब्त किए थे। धनराज को गाड़ी में बैठाकर बरामद कागजात से संबंधित पूछताछ की जा रही थी, तो उसकी अफसरों से बहस हो गई। इसी दौरान वहां कई लोग जुट आए और सीबीआई की टीम पर हमला कर दिया। ग्रामीण का जब्त किया गया ट्रैक्टर गांव के ही सुशील चौधरी के पास है। सीबीआई की टीम ने उसके घर भी दबिश दी, लेकिन वह फरार था।जानकारी के अनुसार, सीबीआई की टीम ने रिकवरी एजेंट धनराज चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। धनबाद के एएसपी पीके झा ने सीबीआई टीम पर हमले की घटना की पुष्टि की है। बोकारो के हरला थाना प्रभारी अनिल कश्यप के अनुसार, कार्रवाई के दौरान सीबीआई की टीम से मारपीट के संबंध में लिखित शिकायत दर्ज करने के बाद मामले की जांच की जा रही है। हमलावरों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### हाईकोर्ट का जेएसएससी...

जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 21-22 सितंबर 2024 को 823 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई थी। परीक्षा में 3 लाख 4 हजार 769 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। जेएसएससी ने इस परीक्षा के आधार पर 5 दिसंबर, 2024 को 2,145 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया था। इसी बीच, परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राजेश कुमार एवं अन्य ने झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर, 2024 को परिणाम प्रकाशित करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को पेपर लीक की शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत एफआईआर दर्ज करने और अनुसंधान कर इसकी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। इसके बाद झारखंड का अपराध अनुसंधान विभाग एफआईआर दर्ज कर जांच कर रहा है।

### सिविल कोर्ट में...

इस पर रांची जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने कहा कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल और सिविल कोर्ट प्रशासन से मार्निंग कोर्ट पर मंतव्य मांगा गया था। संजय कुमार विद्रोही ने दोनों जगह मार्निंग कोर्ट की व्यवस्था बरकरार रखने की वकालत की थी।

### बैंकिंग कानून संशोधन...

रिपोर्टिंग में निरंतरता सुनिश्चित करना है। इसमें सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब आप अपने बैंक खाते या एफडी के लिए चार लोगों को नॉमिनी बना सकते हैं।वित्त मंत्री ने राज्यसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि बैंकों में नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) में भारी कमी आई है। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ सख्त वसूली कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक पांच अलग-अलग अधिनियमों को प्रभावित करेगा, जो इसे अद्वितीय बनाता है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह विधेयक इसलिए भी अद्वितीय है, क्योंकि आठ टीमों ने इसके संशोधनों पर काम किया है, जिससे बजट भाषण के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक परिवर्तन सुनिश्चित हुए हैं।

## पाकिस्तान : सिंधु नहर परियोजनाओं के मुद्दे पर सत्तारूढ़ गठबंधन में दरार, पीपीपी ने जताया विरोध

**सिंध।** पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) भी सिंधु नदी पर छह नई नहरें बनाने की सरकार की योजना के विरोध में आ गई है। इन नहरों के निर्माण के विरोध में सिंध प्रांत में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। एक रैली को संबोधित करते हुए, पीपीपी के सिंध अध्यक्ष निसार अहमद खुहरो ने कहा कि उनके विरोध के अगले चरण में प्रांत के सभी तालुकाओं में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। खुहरो ने धमकी दी कि अगर केंद्र सरकार परियोजना को रद्द नहीं करती है तो वे राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर देंगे। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खुहरो के हवाले से कहा, "जब तक संघीय सरकार चोलिस्तान और अन्य नहरों के निर्माण की योजना को वापस नहीं ले लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।" गठबंधन में बढ़ते आंतरिक संघर्ष और विरोधाभासी रुख के बीच, पीपीपी-सिंध के अध्यक्ष ने पाकिस्तानी सरकार की आलोचना की और इसे 'तानाशाही संघीय सरकार' करार दिया।

## मिस्र और स्पेन ने गाजा में इजरायली सैन्य अभियान को किया खारिज



**काहिरा (आईएएनएस)।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा पट्टी में चल रहे इजरायली सैन्य अभियानों को खारिज कर दिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के हवाले से बताया कि दोनों नेताओं ने मंगलवार को फोन पर बातचीत की, जिसमें उन्होंने गाजा में तत्काल युद्ध विराम की आवश्यकता, इजरायली जमीनी घुसपैठ को समाप्त करने और मानवीय सहायता की आपूर्ति को सुनिश्चित करने की बात की।

## अमेरिका और इजरायली लक्ष्यों पर किए मिसाइल और ड्रोन हमले

**सना (आईएएनएस)।** यमन के हूती विद्रोही समूह ने बुधवार को कहा कि उसने लाल सागर में एक अमेरिकी विमानवाहक पोत और इजरायल के शहर तेल अवीव में 'सैन्य ठिकानों' पर हमले किए हैं। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा, "पिछले कुछ घंटों में हमारे बलों ने लाल सागर में अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाते हुए मिसाइल और ड्रोन हमले किए, इसमें यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन विमानवाहक पोत भी शामिल है।



## रियाद में यूक्रेन और अमेरिका के बीच वार्ता खत्म, काला सागर में नौवहन व ऊर्जा केंद्रों की सुरक्षा पर फोकस

**रियाद (आईएएनएस)।** सऊदी अरब की राजधानी रियाद में यूक्रेनी और अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच वार्ता का एक और दौर खत्म हो गया। समाचार एजेंसी शन्हिुआ के अनुसार, यह वार्ता सोमवार को रियाद में रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच 12 घंटे से ज्यादा समय तक चली बैठक के बाद हुई। मंगलवार को व्हाइट हाउस ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान प्रकाशित किया, जिसमें रविवार और मंगलवार के बीच यूक्रेन के साथ हुई दो दौर की वार्ता के परिणामों की सूची दी गई।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने चुनाव व्यवस्था में बदलाव लाने को जारी किया आदेश

# ट्रंप ने भारत की चुनाव प्रणाली को कहा आदर्श

बोले, अमेरिका 'बुनियादी और आवश्यक चुनाव सुरक्षा' को लागू करने में विफल रहा

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी चुनाव प्रणाली में बदलाव लाने की बात कही है। इसके लिए उन्होंने एक आदेश जारी किया है। इसमें चुनाव संचालन के तरीके में बदलाव की बात कही गई है। इस आदेश में मतदाताओं से उनकी अमेरिकी नागरिकता को साबित करने और यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि चुनाव के दिन तक केवल मेल-इन या पोस्टल बैलेट मतपत्र ही गिने जाएं। इसके अलावा, गैर-अमेरिकी नागरिकों को कुछ चुनावों में दान करने से भी रोकने का प्रस्ताव है। ट्रंप ने भारत और ब्राजील जैसे देशों के चुनाव प्रथाओं का उदाहरण दिया और तर्क दिया कि अमेरिका 'बुनियादी और आवश्यक चुनाव सुरक्षा' को लागू करने में विफल रहा है, जो पहले से ही कई विकसित और विकासशील देशों में मानक बन चुके हैं। उन्होंने कहा, भारत और ब्राजील मतदाता पहचान को बायोमेट्रिक डाटाबेस से जोड़ रहे हैं, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका नागरिकता के लिए काफी हद तक स्व-सत्यापन पर निर्भर है। इसके अलावा, ट्रंप ने अमेरिका में मतपत्र प्रसंस्करण के असंगत दृष्टिकोण की आलोचना की। उन्होंने जर्मनी और कनाडा जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा, जर्मनी और कनाडा में मतों की गणना करते समय कागज के मतपत्रों की आवश्यकता होती है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में कई तरीके हैं, जिनमें अक्सर बुनियादी सुरक्षा का अभाव होता है। उन्होंने अमेरिकी चुनावों के लिए एक अधिक सुरक्षित और समान मतदान प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यकारी आदेश में मेल-इन मतदान के मुद्दे पर भी ध्यान दिया गया। ट्रंप ने डेनमार्क और स्वीडन जैसे देशों का उदाहरण दिया, जहां मेल-इन मतपत्रों को केवल उन लोगों तक सीमित रखा जाता है, जो व्यक्तिगत रूप से मतदान नहीं कर सकते। इसके अलावा, वे देर से आने वाले मतपत्रों को स्वीकार नहीं करते, चाहे उनमें डाक टिकट हो या न हो।

ट्रंप ने कहा, अब कई अमेरिकी चुनावों में डाक से सामूहिक मतदान होता है, जिसमें कई अधिकारी बिना डाक टिकट वाले मतपत्र या चुनाव के दिन के बाद प्राप्त मतपत्र स्वीकार करते हैं। यह कार्यकारी आदेश ट्रंप के अमेरिकी चुनावों की अखंडता को बहाल करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जिनके बारे में वह अक्सर दावा करते आए हैं कि वर्ष 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में कोई समझौता हुआ था।

### निष्पक्ष चुनाव संवैधानिक गणराज्य के लिए जरूरी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस पर भी जोर दिया कि 'धोखाधड़ी, त्रुटियों या संदेह से अछूते स्वतंत्र, निष्पक्ष और ईमानदार चुनाव हमारे संवैधानिक गणराज्य को बनाए रखने के लिए जरूरी हैं।' राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी कहा, अमेरिकी नागरिकों का यह अधिकार कि उनके मतों की सही तरीके से गणना की जाए और उन्हें बिना किसी अवैध छेड़छाड़ के सारणीबद्ध किया जाए, चुनाव के वास्तविक विजेता का निर्धारण करने के लिए महत्वपूर्ण है।



## योगी सरकार के 8 साल बेमिसाल

## योगी सरकार के 8 साल बेमिसाल गढ़े विकास के नए आयाम

**मेरठ (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बीते आठ वर्षों के कार्यकाल में मेरठ में विकास के नए आयाम गढ़े हैं। किसानों, गरीबों और महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। पहली बार लाखों किसानों को 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' का लाभ मिला। वहीं, गन्ना किसानों को रिकॉर्ड भुगतान किया गया है। प्रदेश सरकार ने मेरठ में पहले से पांच गुना अधिक निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी है। साथ ही, 43 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को 297 करोड़ रुपए का ऋण भी दिया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 848 परिवारों को घर मिले हैं। जबकि, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 30,369 लोगों के खुद के घर का सपना योगी सरकार के प्रयास से साकार हुआ है। मेरठ के 1.82 लाख परिवारों को योगी सरकार में स्वच्छ रसोई ईंधन उपलब्ध कराया गया है।

## पाकिस्तान में अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित चीन, मनाने में जुटी शरीफ सरकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान प्रांतों में सुरक्षा स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। ऐसे में चीन ने एक बार फिर अपने नागरिकों की सुरक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। चीनी नागरिक वर्तमान में चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं में काम कर रहे हैं। बढ़ते खतरों के बीच, चीन में पाकिस्तान के राजदूत खलील हाशमी को दक्षिण चीन के हैनान प्रांत में आयोजित बोआओ फोरम फॉर एशिया (बीएफए) के वार्षिक सम्मेलन में इस्लामाबाद के 'सदाबहार दोस्त' को घरेलू सुरक्षा स्थिति के बारे में समझाने के लिए हताशाजनक प्रयास करते देखा गया।

हाशमी ने बोआओ में कहा, "मुझे लगता है कि हमारे दोनों देश सूचना साझा करने और मानक संचालन प्रक्रियाओं को विकसित करने के मामले में बहुत निकटता से काम करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पाकिस्तान में काम करने वाले चीनी नागरिक सुरक्षित हैं।

## यूपी में शराब की दुकानों पर 'एक के साथ एक फ्री' ऑफर, 'आप' ने सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में शराब की दुकानों पर 'एक के साथ एक फ्री' ऑफर दिया जा रहा है, जिससे भारी भीड़ उमड़ रही है और शराब की दुकानों पर मारामारी हो रही है। आतिशी ने भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कई सवाल खड़े किए हैं। आतिशी ने पूछा कि क्या योगी सरकार इस योजना के जरिए उत्तर प्रदेश और आसपास के राज्यों के लोगों को शराबी बनाना चाहती है? उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा 'संस्कारी पार्टी' होने का दावा करती है, लेकिन अब वह खुद ही शराब को बढ़ावा देने का काम कर रही है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या यह फैसला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद लिया है, या फिर इसमें भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की सहमति भी शामिल है? अगर भाजपा इस फैसले से सहमत नहीं है, तो पार्टी के नेता इसके विरोध में कब सड़कों पर उतरेंगे।

## सूडान के नागरिकों पर लगातार हो रहे हमलों से संयुक्त राष्ट्र चिंतित

**संयुक्त राष्ट्र।** सूडान में नागरिकों पर लगातार हो रहे हमलों ने संयुक्त राष्ट्र को गहरी चिंता में डाल दिया है। इसमें उत्तरी दारफुर के बाजार पर हुआ घातक हवाई हमला भी शामिल है, जिसमें दर्जनों लोगों के मारे जाने की खबर है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को कहा, "कल रात (सोमवार) उत्तरी दारफुर में, एल फशर से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित एक बाजार पर हवाई हमले में दर्जनों लोगों के हताहत होने की खबर है।

## भीषण जंगल की आग मचा रही तबाही, फायर फाइटिंग हेलीकॉप्टर हुआ क्रैश, पायलट की मौत

**उइसोंग (आईएएनएस)**



दक्षिण कोरिया में भीषण जंगल की आग तबाही मचा रही है। एक फायर फाइटिंग हेलीकॉप्टर बुधवार को दक्षिण-पूर्वी काउंटी उइसोंग में लगी भीषण आग को बुझाने के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में पायलट की मौत हो गई। कोरिया वन सेवा के अनुसार, हेलीकॉप्टर दोपहर 12:54 बजे सोल से लगभग 180 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित उइसोंग में एक पहाड़ पर गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इस बीच, बुधवार को अधिकारियों ने जानकारी दी कि दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है।

## नौसेना की शक्ति में जबरदस्त इजाफा करने वाली स्वदेशी सैम मिसाइल का सफल परीक्षण

**एजेंसी। सोल**



नई दिल्ली, 26 मार्च (आईएएनएस)। भारत ने स्वदेशी रूप से विकसित वर्टिकली-लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल(सैम) का बुधवार को सफल परीक्षण किया। यह मिसाइल प्रणाली भारतीय नौसेना की क्षमता और शक्ति में जबरदस्त इजाफा करेगी।

परीक्षण के दौरान इस अत्याधुनिक मिसाइल ने सभी तय परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य को पूरी सटीकता से निशाना बनाया। परीक्षण के दौरान, मिसाइल ने लक्ष्य को पूरी तरह से नष्ट किया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस परीक्षण ने मिसाइल की विश्वसनीयता और सटीकता को प्रमाणित किया है। परीक्षण के दौरान सभी हथियार प्रणाली तत्वों को युद्धक कॉन्फिगरेशन में तैनात किया गया था। इन हथियार प्रणाली तत्वों में स्वदेशी रेडियो फ्रिक्वेंसी सीकर, मल्टी-फंक्शन रडार और वेपंस कंट्रोल सिस्टम शामिल थे। विशेषज्ञों का कहना है कि सभी प्रणालियों ने अपेक्षाओं के अनुसार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को आईटीआर चांदीपुर द्वारा विकसित विभिन्न रेंज उपकरणों द्वारा कैप्चर किए गए उड़ान डेटा से सत्यापित किया गया। मंत्रालय ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने 26 मार्च को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से दोपहर करीब 12 बजे मिसाइल का परीक्षण किया। यह परीक्षण भूमि आधारित वर्टिकल लांचर से एक उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य के खिलाफ, बहुत निकट रेंज और निम्न ऊंचाई पर किया गया। इस परीक्षण ने मिसाइल प्रणाली की नियर-बाउंड्री-लो अल्टीट्यूड क्षमता को स्थापित किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और रक्षा उद्योग को बधाई दी।

## बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस चीन के हैनान प्रांत पहुंचे

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस बुधवार शाम चीन के हैनान प्रांत पहुंचे। चीन में बांग्लादेश के राजदूत मोहम्मद नजमुल इस्लाम और हैनान के उप-राज्यपाल ने क्यूनाई बोआओ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। यूनुस के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस बुधवार को बांग्लादेश मानक समय के अनुसार शाम 4:15 बजे चीन के हैनान पहुंचे। बांग्लादेश के चीन राजदूत मोहम्मद नजमुल इस्लाम और हैनान प्रांत के उप-गवर्नर ने हैनान के क्यूनाई बोआओ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

## महरंग बलूच की गिरफ्तारी के खिलाफ बढ़ रही नाराजगी, बीएनपी-एम का मार्च निकालने का ऐलान

**एजेंसी। क्वेटा**

बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) ने 28 मार्च को वाध से क्वेटा तक लंबे मार्च की घोषणा की। बलूच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) के सदस्यों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई और 'अवैध' गिरफ्तारी के खिलाफ पार्टी ने यह ऐलान किया। गिरफ्तार लोगों में बीवाईसी की केंद्रीय आयोजक महरंग बलूच और सम्मी दीन बलूच भी शामिल हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मार्च का नेतृत्व बीएनपी-एम के अध्यक्ष अख्तर मेंगल करेंगे।पार्टी के बयान के अनुसार, बीएनपी-एम की केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान एक लंबा मार्च आयोजित करने का फैसला लिया गया। पार्टी ने बलूच महिलाओं पर पाकिस्तानी पुलिस की कार्रवाई की निंदा की।

बयान में कहा गया, "बीएनपी अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों को स्वीकार करते हुए औपचारिक रूप से अपने विरोध कार्यक्रम की घोषणा कर रही है। 26 मार्च को पूरे प्रांत में प्रेस क्लबों के सामने विरोध प्रदर्शन के बाद हड़ताल की जाएगी। 28 मार्च को पार्टी नेता अख्तर मेंगल के नेतृत्व में वाध से क्वेटा तक एक लंबा मार्च शुरू होगा।

### कहानी फिल्म जगत की

# मेलबर्न कॉन्सर्ट में देर से पहुंचने पर नेहा कक्कड़ ट्रोल



ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में अपने कॉन्सर्ट के लिए तीन घंटे देरी से पहुंचने पर गायिका नेहा कक्कड़ की इंटरनेट पर आलोचना की गई। रेडिट पर शेयर किए गए एक वीडियो में नेहा रोती हुई और दर्शकों से माफ़ी मांगती हुई नज़र आईं। अब, प्रशंसकों ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है कि वह क्यों देर से पहुंची और रोईं। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में अपने कॉन्सर्ट के लिए तीन घंटे देरी से पहुंचने पर गायिका नेहा कक्कड़ की इंटरनेट पर आलोचना की गई। रेडिट पर शेयर किए गए एक वीडियो में नेहा रोती हुई और दर्शकों से माफ़ी मांगती हुई नज़र आईं। अब, प्रशंसकों ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है कि वह क्यों देर से पहुंची और रोईं। गायक टोनी कक्कड़ अपनी बहन नेहा कक्कड़ के समर्थन में सामने आए हैं, जिन्हें मेलबर्न कॉन्सर्ट में लगभग तीन घंटे देरी से पहुंचने के लिए भारी आलोचना का सामना करना पड़ा था। मंगलवार शाम को इंस्टाग्राम पर टोनी ने एक रहस्यमयी पोस्ट साझा की।

## नेहा को स्टेज पर भावुक होते और रोते हुए देखा गया

इंस्टाग्राम पर सबसे ज़्यादा फॉलो की जाने वाली भारतीय गायिकाओं में से एक नेहा कक्कड़ ने तब सबका ध्यान खींचा जब उनके मेलबर्न कॉन्सर्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह रोती हुई नज़र आईं। गायिका कॉन्सर्ट के लिए तीन घंटे देरी से पहुंचीं, जिसके लिए दर्शकों ने उनकी आलोचना की और उन्हें बू किया। बाद में गायिका को स्टेज पर भावुक होते और रोते हुए देखा गया। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं और इसके बाद नेहा के भाई और गायक और संगीतकार टोनी कक्कड़ ने सोशल मीडिया पर दो रहस्यमयी पोस्ट शेयर किए हैं।

**टोनी ने पोस्ट में जनता पर उठाए सवाल :** टोनी कक्कड़ ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। एक पोस्ट में लिखा है, 'कलाकारों को हद में रहना चाहिए लेकिन जनता का क्या? घटना का ज़िक्र न किया हो, लेकिन यह साफ़ है कि उन्होंने मेलबर्न के दर्शकों पर तंज कसा है।



**टोनी कक्कड़ की दूसरी पोस्ट**

इस पोस्ट से कुछ समय पहले टोनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक और पोस्ट शेयर की थी, जिसमें उन्होंने एक काल्पनिक स्थिति का जिक्र किया और पूछा कि जब किसी व्यक्ति को बिना उचित व्यवस्था के किसी शहर में आमंत्रित किया जाता है, तो इसके लिए किसे दोषी ठहराया जाएगा।

